राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 163, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली गुरुवार 28 दिसंबर 2023, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

## मुख्य अपडेट

दिल्ली में कोरोना की वापसी : रोज हो रहे 400 आरटी-पीसीआर टेस्ट

.... पेज 03

2023 में बुलंदियों पर पहुंचा बुंदेलखंड : बुंदेलखंड को मिली बीडा सहित कई योजनाओं की

.... पेज 05

आईओए ने डब्ल्यूएफआई के कामकाज के लिए तीन सदस्यीय तदर्थ समिति गठित की

.... पेज 07

मुलाकात



झज्जर जिले के छारा गांव में पहलवान बजरंग पुनिया और अन्य पहलवानों के साथ कांग्रेस नेता राहुल गांधी।

# दिल्ली में कोहरे का रेड अलर्ट जारी, 110 फ्लाइट्स लेट

## यूपी-राजस्थान में कम विजिबिलिटी से 9 सड़क हादसे, 55 गाड़ियां टकराईं; 8 लोगों की मौत



एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कोहरे को लेकर रेड अलर्ट है। घनी धुंध के कारण रेलवे, सड़क और एयर रूट प्रभावित हुए हैं। दिल्ली के पालम में बुधवार (27 दिसंबर) सुबह 7 बजे 50 मीटर से भी कम विजिबिलिटी रही। दिल्ली एयरपोर्ट पर 110 फ्लाइट्स लेट हो गईं। दो फ्लाइट्स डायवर्ट की गई हैं।

उत्तर प्रदेश और राजस्थान में घने कोहरे के कारण मंगलवार रात से बुधवार सुबह तक 9 सड़क हादसे हुए। इनमें 6 यूपी और 3 राजस्थान की घटनाएं हैं। इन हादसों में 55 गाड़ियां टकरा गईं। दोनों राज्यों में 8 लोगों की मौत हुई है। 49 लोग घायल हैं।

यूपी में आगरा-फिरोजाबाद हाईवे पर बुधवार सुबह 15 गाड़ियां टकरा गईं। इसमें 1 की मौत हो गई। 6 लोग घायल हो गए। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर 25 वाहन आपस में टकरा गए। इसमें 5 लोग घायल हो गए। मेरठ में अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक सवार की मौत हो गई।

उन्नाव में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार देर रात 6 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। इसमें 1 शख्स की मौत हो गई। 16 लोग घायल हैं। बागपत में एक मिनी बस और ट्रक की भिड़ंत में दो महिलाओं की मौत हो गई। 13 लोग घायल हो गए।

### एमपी-राजस्थान समेत 14 राज्यों में अलर्ट

आईएमडी ने मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश समेत 14 राज्यों में कोहरे को लेकर अलर्ट जारी किया है। दिल्ली के अलावा पंजाब और हरियाणा में भी रेड अलर्ट है। पंजाब के अमृतसर में आज सुबह 5: 30 बजे विजिबिलिटी जीरो पहुंच गई थी। पंजाब से सटे हरियाणा के अंबाला, पेहोवा, कैथल, शाहाबाद और गुहला में सुबह 8 बजे विजिबिलिटी 10 से 50 मीटर तक रही। मौसम विभाग के अनुसार हरियाणा में 28 दिसंबर तक घने कोहरे का अनुमान है। 29 दिसंबर से 30 दिसंबर तक हल्का कोहरा छाया रहेगा। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में कल सुबह 200 मीटर विजिबिलिटी रही। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन में भी धुंध छाई रही। आईएमडी के मुताबिक, एमपी में 30 दिसंबर से 4 जनवरी तक बारिश के साथ ओले गिरने के आसार हैं।

### बेंगलुरु और पटना से दिल्ली आ रहीं फ्लाइट इंदौर की गई डायवर्ट

बेंगलुरु से उड़ान भरकर दिल्ली आने वाली विस्तार की फ्लाइट संख्या के 820 को एमपी के इंदौर स्थित देवी अहिल्याबाई होल्कर एयरपोर्ट डायवर्ट किया गया है। सामने आया है कि दिल्ली में खराब मौसम होने के यह फैसला किया गया। वहीं, पटना से दिल्ली आ रही फ्लाइट संख्या के 716 को भी इंदौर डायवर्ट किया गया है।

राजस्थान के भरतपुर में एक बस और ऑटो की भिड़ंत हुई। इसमें एक महिला समेत 2 लोगों की मौत हो गई। हनुमानगढ़ में एक बस और जीप की टक्कर में 1 व्यक्ति की मौत हो गई। सीकर में एनएच-52 पर दो कार और एक बस टकराने से 6 लोग घायल हो गए।

# देश में कोरोना जेएन.1 वैरिएंट के 110 केस

## अकेले गुजरात में 36 मामले; देशभर में 617 पॉजिटिव केस, 3 की मौत

एजेंसी

नई दिल्ली। कोरोना का नया वैरिएंट जेएन.1 देश के 8 राज्यों में फैल चुका है। अब तक देशभर में इसके कुल 110 केस मिले हैं।

इनमें से सबसे ज्यादा 36 गुजरात में दर्ज किये गए हैं। महाराष्ट्र में इस वैरिएंट के 10 और दिल्ली मे 1 केस मिले हैं। देश में पिछले 24 घंटे में इस वैरिएंट के 41 मरीज मिले हैं।

इधर, देशभर में कोरोना के रोजाना 400 से 600 केस आ रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में 617 लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई, 603 मरीज ठीक हुए और 3 की मौत हुई है। इससे पहले सोमवार को 638, जबकि मंगलवार को 412 नए मरीज मिले थे।

देश में कुल एक्टिव केस की संख्या 4181 हो गई है।

यानी इन मरीजों का इलाज चल रहा है। इनमें से केरल में सबसे ज्यादा 353, कर्नाटक में 74 और महाराष्ट्र में 124 संक्रमित हैं। फरवरी 2020 में देश में पहला कोरोना पॉजिटिव पाया गया था।

तब से अब तक देश में 4.50 करोड़ लोग इस वायरस से संक्रमित हो चुके हैं। 4.44 करोड़ ठीक हुए हैं। जबकि 5.33 लाख की मौत हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ज्यादातर मरीज होम आइसोलेशन में हैं। नया वैरिएंट आने के बाद भी हॉस्पिटलाइजेशन रेट में बढ़ोतरी नहीं हुई है।

## न्यायमूर्ति चन्द्रशेखर झारखंड हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने न्यायमूर्ति चन्द्रशेखर को झारखंड उच्च न्यायालय का कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय ने बुधवार को एक अधिसूचना जारी कर यह घोषणा की। अधिसूचना के अनुसार, मौजूदा मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा 28 दिसंबर को 62 वर्ष की आयु पूरी होने के बाद सेवानिवृत्ति होंगे। उनके अवकाश ग्रहण के बाद अगले दिन 29 दिसंबर को न्यायमूर्ति चन्द्रशेखर कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश का पदभार संभालेंगे।

# एनएसजी-एनआईए इजराइली एम्बेसी पहुंचीं, सीसीटीवी में 2 संदिग्ध दिखे

## इजराइल के झंडे में लिपटा हुआ लेटर मिला; एम्बेसी से 260 मीटर दूर हुआ था धमाका

नई दिल्ली। दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित इजराइली एम्बेसी के पास लो इंटेंसिटी के धमाके मामले में बुधवार को एनआईए एक्टिव हो गई है। एनआईए ने इजराइली एम्बेसी पहुंचकर सबूत जुटाए। इसके अलावा एनएसजी के जवान भी फोरेंसिक एक्सपर्ट के साथ इजराइली एम्बेसी पहुंचे। जांच के दौरान पता चला है कि धमाका एम्बेसी से 260 मीटर नंदास हाउस के गेट नंबर -4 पर हुआ था और इस जगह पर कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा था।



उधर, पुलिस को एम्बेसी के पास का एक सीसीटीवी फुटेज मिला है। एजेंसी के मुताबिक, इसमें दो संदिग्ध लोग दिखे हैं। पुलिस दोनों को ट्रैक करने में जुटी हुई है।

एजेंसी के मुताबिक पुलिस सूत्रों ने बताया कि दो लोग धमाके वाले स्पॉट पर दिखे हैं, लेकिन वह संदिग्ध हैं या नहीं, इसे लेकर अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। दिल्ली पुलिस को मौके से लेटर भी मिला, जो इजराइल के झंडे में लिपटा हुआ था। यह इंग्लिश भाषा में लिखा एक पेज का लेटर था, जो सर अल्लाह रेजिस्टेंस ग्रुप से जुड़ा हुआ है। इसमें जियोनिस्ट, गाजा, फिलिस्तीन शब्द लिखे गए हैं।

वहीं, लेटर में इजराइल का गाजा पर अटैक, रिवेंज (बदला) की बात लिखी गई है। लेटर में इजराइल के गाजा पर एक्शन की आलोचना भी की गई है।

इसके अलावा, इजराइल ने सुरक्षा एडवाइजरी भी जारी की है। इसमें भारत में रह रहे अपने नागरिकों को भीड़ वाले इलाकों में जाने से मना किया है।

# एमपी में बस में आग, 5 लोग जिंदा जले, डंपर से टक्कर के बाद हादसा

गुना। मध्यप्रदेश के गुना में यात्री बस में आग लगने से 5 लोग जिंदा जल गए। जबकि 14 लोग घायल हो गए। जिन्हें जिला अस्पताल भेजा गया है।

हादसा बुधवार रात करीब साढ़े 8 बजे हुआ। बस गुना से आरोन तरफ जा रही थी। तभी एक डंपर से बस की टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही बस पलट गई और उसमें आग लग गई। फिलहाल बस में लगी आग पर काबू पा लिया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी पहुंच गए और फंसे लोगों को निकाला। बजरंगगढ़ थाने के आरक्षक मुकेश धाकड़ ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक डंपर से टकराने के बाद बस पलट गई और उसमें आग लग गई।



### मौके पर लगा जाम

बस में आग लगने की घटना के बाद मौके पर आसपास के लोग जमा हो गए। सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। पुलिसकर्मी इसे ठीक कराते नजर आए।

# राहुल गांधी 14 जनवरी को मणिपुर से शुरु करेंगे 'भारत जोड़ो यात्रा' का दूसरा चरण

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण 14 जनवरी को मणिपुर से शुरु करेंगे। कांग्रेस महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल तथा पार्टी संचार विभाग के प्रभारी जय राम रमेश ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुए बताया कि श्री गांधी की पूर्व से पश्चिम की तरफ होने वाली इस यात्रा का नाम भारत न्याय यात्रा होगा और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे मणिपुर की राजधानी इम्फाल से हरी झंडी दिखाकर इस यात्रा को रवाना करेंगे। उन्होंने बताया कि गांधी



ने पिछले साल सात सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर तक करीब 4,500 किलोमीटर की यात्रा शुरू की थी और अब इम्फाल से दूसरे चरण की यात्रा शुरु करेंगे, जो करीब 6,200 किलोमीटर की दूरी तय करेगा। यात्रा के दौरान गांधी 14 राज्यों के 85 जिलों से होते हुए, यात्रा का समापन 20 मार्च को मुंबई में करेंगे।

कांग्रेस नेताओं ने बताया की भारत जोड़ो यात्रा की दूसरी चरण की गांधी की यह न्याय यात्रा देशवासियों को आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय दिलाने के लिए होगी। वेणुगोपाल ने कहा कि 21 दिसंबर को पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में सर्वसम्मत से प्रस्ताव आया कि श्री गांधी को भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण पूर्व से पश्चिम तक करना चाहिए।

## अयोध्या जंक्शन का नया नाम अयोध्या धाम जंक्शन

**नयी दिल्ली।** भगवान श्री राम की नगरी के नाम से विश्व भर में मशहूर उत्तर प्रदेश के अयोध्या के रेलवे स्टेशन का नया नाम अयोध्या धाम रखा गया है। रेलवे बोर्ड में निदेशक (वैगन इंटरचेंज) अजय कुमार नौलखा ने उत्तर रेलवे के मुख्य वाणिज्य प्रबंधक को बुधवार को लिखे आधिकारिक पत्र में यह जानकारी दी। पत्र के मुताबिक उत्तर रेलवे अंतर्गत लखनऊ रेल मंडल के अयोध्या जंक्शन का नाम अयोध्या धाम जंक्शन किये जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी है। पत्र में कहा गया है कि रेलवे स्टेशन कोड की श्रेणी में अयोध्या धाम जंक्शन का कोड पूर्ववत 'एवाई' रहेगा।

# भाषा विवाद को लेकर बेंगलुरु में प्रदर्शन

## हिंदी-अंग्रेजी भाषा के साइनबोर्ड्स पर कालिख पोती, मांग- बोर्ड पर 60 प्रतिशत कन्नड़ का नियम तुरंत लागू हो

बेंगलुरु। बेंगलुरु में भाषा विवाद को लेकर बुधवार (27 दिसंबर) को कई जगहों पर प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारियों ने केम्पेगौड़ा एयरपोर्ट, होटल, दुकानों और प्राइवेट कम्पनियों के ऑफिस के बाहर तोड़फोड़ की। उपद्रवियों ने उन जगहों को निशाना बनाया, जिनके साइनबोर्ड्स पर कन्नड़ के बजाय हिन्दी या अंग्रेजी भाषा लिखी है। प्रदर्शनकारियों ने ऐसे साइनबोर्ड्स फाड़ दिए या उन पर कालिख पोत दी। दरअसल, बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका ने 25 दिसंबर को एक आदेश जारी किया था, जिसमें शहर की सभी दुकानों, होटल्स और मॉल्स में लगे साइनबोर्ड पर 60 प्रतिशत कन्नड़ भाषा



अनिवार्य कर दी थी। इसके लिए दुकानों के मालिकों को 28 फरवरी तक का समय दिया गया है। ऐसा न करने पर दुकानों का लाइसेंस रद्द किया जा सकता है। बीबीएमपी की ओर से यह आदेश आने के बाद लोगों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया, उनकी मांग की है यह आदेश तत्काल लागू किया जाए। पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे कर्नाटक रक्षणा वेदिके ग्रुप के कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया है। विरोध प्रदर्शन केआरवी अध्यक्ष टी ए नारायण गौड़ा के नेतृत्व में हो रहा था जिसे केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से क्यूबन पार्क तक आयोजित किया गया था।

गौड़ा ने बुधवार को हुए प्रदर्शन के बारे में कहा कि कई अलग-अलग राज्यों के लोग बैंगलोर में आकर व्यापार कर रहे हैं। वे अपनी दुकानों पर कन्नड़ नेमप्लेट ना लगाकर केवल अंग्रेजी में अपनी दुकानों के नेमप्लेट लगाते हैं। यदि वे बैंगलोर में बिजनेस करना चाहते हैं तो उन्हें कन्नड़ भाषा में ही अपनी दुकानों पर नेमप्लेट लगानी होगी वरना कर्नाटक से जाना पड़ेगा। कर्नाटक सरकार का कानून है कि 60 प्रतिशत नेमप्लेट कन्नड़ में होना चाहिए। कोई भी इसका ठीक से पालन नहीं कर रहा है, इसलिए आज हम बड़े पैमाने पर जागरूकता विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। अगर पुलिस आज हमें रोकती है, तब भी हमारा संघर्ष बंद नहीं होगा। जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं हो जाती, हम हर दिन रैली करेंगे।

भारत संकल्प यात्रा

## मोदी की गारंटी वाली गाड़ी जहां जा रही, लोगों का विश्वास बढ़ा रही : मोदी

# लाखों लोगों तक पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभुकों को वर्चुअली संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा- विकसित भारत संकल्प यात्रा के अद्भुत परिणाम आ रहे हैं। आज देश के करोड़ों लाभार्थी सरकारी योजनाओं को आगे बढ़ाने का माध्यम बन रहे हैं। 1 करोड़ लोगों को आयुष्मान कार्ड दिए जा चुके हैं।

11 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल से पानी का कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। उज्ज्वला गैस कनेक्शन के लिए 4.5 लाख नए लाभार्थियों ने आवेदन किया है।

मोदी की गारंटी वाली गाड़ी जहां जा रही, लोगों का विश्वास बढ़ा रही है। कार्यक्रम में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई मंत्री भी शामिल हुए।

### 1. स्वयं सहायता समूह से 10 करोड़ बहन-बेटियां जुड़ीं

पीएम ने कहा- ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने गांवों में महिलाओं को स्वरोजगार देने के लिए भारत सरकार बहुत बड़ा अभियान चला रही है।

बीते वर्षों में देश में लगभग 10 करोड़ बहन-बेटियां और दीदियां स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं। लोगों को नई ताकत मिल रही है और वे अपने



लिए बेहतर भविष्य बनाने के लिए मेहनत कर रहे हैं। कम से कम 2 करोड़ दीदियों को लखपति दीदी बनाना लक्ष्य है।

### 2. पहली बार देशव्यापी हेल्थ चेकअप हो रहा

प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी जहां भी जा रही है, वहां लोगों का विश्वास बढ़ा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू होने के बाद उज्ज्वला गैस कनेक्शन के लिए 4.5 लाख नए लाभार्थियों ने आवेदन किया है। मौके पर ही 1 करोड़ आयुष्मान कार्ड दिए जा चुके हैं।

मोदी ने कहा- पहली बार देशव्यापी हेल्थ चेकअप हो रहा है। आयुष्मान भारत कार्ड के साथ-साथ आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट कार्ड भी तेजी से बनाए जा रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा को शुरू हुए अभी 50 दिन भी नहीं हुए। लेकिन ये यात्रा अबतक लाखों गांवों में पहुंच चुकी है।

### 3. करोड़ों परिवारों को नल कनेक्शन की सुविधा मिली

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा है कि पिछले 4 सालों में 11 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल से पानी का कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है, लेकिन कहानी यहां खत्म नहीं होनी चाहिए। नल के पानी के कनेक्शन के साथ-साथ उचित जल प्रबंधन और उत्कृष्ट जल गुणवत्ता को भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। ग्रामीणों को आगे आकर ऐसी जिम्मेदारियां उठानी चाहिए।

# मुस्लिम लीग जम्मू-कश्मीर पर बैन

## भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल था

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने मुस्लिम लीग जम्मू-कश्मीर (मसरत आलम ग्रुप) पर प्रतिबंध लगा दिया है। गृहमंत्री अमित शाह ने पोस्ट करके इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देश विरोधी गतिविधियों की वजह से इस संगठन पर यूएपीए के तहत बैन लगाया गया है।

शाह ने लिखा- मसरत आलम ग्रुप के सदस्य जम्मू-कश्मीर में राष्ट्र-विरोधी और अलगाववादी गतिविधियों में शामिल हैं। आतंकवादी गतिविधियों का समर्थन करते हैं और लोगों को जम्मू-कश्मीर में इस्लामी शासन स्थापित करने के लिए उकसाते हैं।



उन्होंने लिखा- सरकार का संदेश जोरदार और स्पष्ट है कि हमारे राष्ट्र की एकता, संप्रभुता और अखंडता के खिलाफ काम करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और उसे कानून का सामना करना पड़ेगा।

### संगठन बनाने वाला जेल में है

मुस्लिम लीग जम्मू कश्मीर संगठन को मसरत आलम भट्ट ने बनाया था। वो 2019 से दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। 50 साल के मसरत पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने आतंकी फंडिंग केस में मामला दर्ज किया है। 2010 में कश्मीर घाटी में बड़े पैमाने पर देश विरोधी प्रदर्शनों में उसकी कथित भूमिका के चलते उसे गिरफ्तार किया गया था। उस पर सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम के तहत मामला दर्ज है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आलम के खिलाफ 27 एफआईआर दर्ज हैं। उसके खिलाफ 36 बार पीएसए के तहत मामला दर्ज किया गया है। मार्च 2015 में, मसरत आलम को रिहा कर दिया गया था, जिससे पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के खिलाफ विरोध शुरू हो गया, जो उस समय भाजपा के साथ सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल थी।

## शार्ट न्यूज

### गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद समेत पूरे यूपी में 31 दिसम्बर से 14 जनवरी तक बंद रहेगें स्कूल

ग्रेटर नोएडा। गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद समेत पूरे यूपी के स्कूलों में 15 दिनों के लिए छुट्टी हो गई है। इसका आदेश जारी हो गया है। आगामी 31 दिसंबर 2023 से सभी स्कूल बंद हो जाएंगे और उसके बाद 14 जनवरी 2024 तक बंद रहेंगे। आदेश आया है कि पूरे यूपी में 15 जनवरी 2024 से स्कूल खुलेंगे। कड़ाके की ठंड की वजह योगी सरकार ने 15 दिनों के लिए सभी प्राइवेट और गवर्नमेंट स्कूलों की छुट्टी कर दी है। आपको बता दें कि दिल्ली में 6 जनवरी तक स्कूल बंद रहेंगे। वहां पर भी ठंड के कारण यह फैसला लिया गया। दिल्ली के सीएम अरविन्द केरजीवाल ने यह फैसला लिया और आदेश जारी किया। दिल्ली में अब 8 जनवरी 2024 को स्कूल खुलेंगे। इसके अलावा राजस्थान के स्कूलों भी छुट्टियां चल रही है। बीते 24 दिसंबर से ही सर्दी की छुट्टियां पड़ी और 5 जनवरी तक रहेंगी। अब राजस्थान में 6 जनवरी को स्कूल खुलेंगे।

### चेन्नई में मुठभेड़ में मारे गये दो उपद्रवी

चेन्नई। तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में बुधवार को पुलिस के साथ मुठभेड़ में दो कुख्यात उपद्रवी मारे गये। पुलिस ने बताया कि दो हिस्ट्रीशीटरों ने पुलिस टीम पर उस समय हमला किया, जब उन्हें एक हत्या के मामले में गिरफ्तार करने की कोशिश की जा रही थी।पुलिस ने आत्मरक्षा में गोलियां चला दीं जिससे दोनों बदमाश मारे गये। मारे गये बदमाशों के नाम रागु और हसन हैं, जो कथित तौर पर कांचीपुरम के वीओसी स्ट्रीट के एक अन्य हिस्ट्रीशीटर सरवनन उर्फ प्रभाकर की हत्या में शामिल थे। पुरानी दुश्मनी के कारण एक सशस्त्र गिरोह ने कल शाम सरवनन की उसके घर के पास हत्या कर दी। जवाबी कार्रवाई में उनके समर्थकों ने पुलिस को हत्यारों के ठिकाने की जानकारी दी। जब पुलिस ने उन्हें घेर लिया और गिरफ्तार करने की कोशिश की, तो उन्होंने पुलिस पर हमला कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चला दी, जिससे उनमें से दो की मौके पर ही मौत हो गयी। दोनों घायलों को कांचीपुरम के सरकारी जनरल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### ओडिशा: ऐतिहासिक ब्रिटिश कब्रिस्तान असामाजिक तत्वों का बना अड्डा

भुवनेश्वर। ओडिशा के सबसे पुराने औपनिवेशिक युग के कब्रिस्तानों में से एक बालासोर के बाराबती में स्थित ब्रिटिश कब्रिस्तान असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है, जिन्होंने परिसर की दीवार को ध्वस्त करके इस ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण स्थान को नष्ट कर दिया है। कब्रों के कुछ संगमरमर के मकबरे भी हटा दिए गए हैं। यहां उगी वनस्पतियां भी इस विरासत स्थल की बर्बादी को बयां कर रही हैं। विरासत विशेषज्ञ अनिल धीर ने कहा कि जीर्ण-शीर्ण और परित्यक्त कब्रिस्तान में 18वीं शताब्दी के शिखर और कब्रों सहित 33 कब्रगाह हैं। कब्रिस्तान में कैप्टन मॉर्गन की कब्रें भी हैं जिन्होंने बालासोर को मराठों से मुक्त कराया था और ब्रिटिश रॉयल नेवी के नायक सर फ्रांसिस वाल्टर की कब्रें भी हैं, जिन्होंने मद्रास, गोवा, हरिसपुर, पिपिली बंदरगाह और बालासोर में कई लड़ाइयों का नेतृत्व किया था। कब्रिस्तान 1776 और 1881 के बीच बनाया गया था और इसमें पांच पादरियों की कब्रें भी हैं। उन्होंने कहा कि समय के साथ शिलालेख नष्ट हो गए हैं।

### जयपुर में कार से कुचलकर एक युवती की हत्या

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर के जवाहर सर्किल थाना क्षेत्र में कार से कुचलकर एक युवती की हत्या एवं उसके साथी को घायल कर देने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार क्षेत्र के गिरधर मार्ग पर मंगलवार अलसुबह आरोपी ने अपनी कार से युवती एवं उसके साथी को टक्कर मार दी जिसमें दोनों गंभीर रुप से घायल हो गए। दोनों को फोर्टिस अस्पताल ले जाया गया लेकिन युवती ने दम तोड़ दिया। क्षेत्र की एक होटल में आरोपी मंगेश अरोड़ा एवं मध्यप्रदेश की रहने वाली उमा सुथार एवं उसके साथी के साथ मंगेश द्वारा उमा पर कमेंट पास करने एवं उसे गलत नजर से देखने को लेकर बहस हो गई थी। इसके बाद ये लोग जब होटल के बाहर आये तब मंगेश ने पहले गाड़ी से बेस बॉल का बल्ला निकालकर युवती और उसके दोस्त पर हमला करने की कोशिश की और इसके बाद अपनी कार से दोनों को टक्कर मार दी। इसके बाद आरोपी फरार हो गया।

### अजमेर में ख्वाजा के सालाना उर्स के लिए सुरक्षा का लिया गया जायजा

अजमेर। राजस्थान के अजमेर में आगामी आठ जनवरी से शुरू होने वाले सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 812वें सालाना उर्स के लिए सुरक्षा का आज यहां आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) एवं इमरजेंसी रेसपोंस बल के अधिकारियों ने दरगाह में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने दरगाह शरीफ के सभी प्रवेश द्वारों तथा दरगाह के आसपास का सघन निरीक्षण किया गया। मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों से उनके पास मौजूद मेटलडिक्टेटर तथा उपकरणों की भी जांच की गई। उन्होंने दरगाह बाजार से मुख्य प्रवेशद्वार के अलावा त्रिपोलिया गेट, छतरी दरवाजा, झालरा से प्रवेशद्वार, लंगरखाना गली, पन्नीग्राम चौक आदि क्षेत्रों में पैदलमार्च कर स्थिति को परखा और सुरक्षा उपायों पर चर्चा की। एटीएस के एक अधिकारी ने बताया कि दागाह संवेदनशील श्रेणी में सूचीबद्ध है। इसलिए समय समय पर सुरक्षा जांच की जाती है। ख्वाजा साहब का सालाना उर्स शुरू होने वाला है, ऐसे में सभी पहलुओं से सुरक्षा इंतजाम देखे जा रहे हैं।

### आयुष विभाग द्वारा मानव संसाधन और अधोसंरचना विकास पर प्रभावी कार्यवाही

भोपाल। मध्यप्रदेश में आयुष चिकित्सा पद्धति के विस्तार के लिये आयुष विभाग द्वारा मानव संसाधन और अधोसंरचना विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विभाग द्वारा रिक्त पदों की भर्ती पर तेजी से कार्यवाही की जा रही है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार प्रदेश के शासकीय आयुष औषधालयों और चिकित्सालयों में राज्य लोक सेवा आयोग के माध्यम से 763 आयुष चिकित्सा अधिकारी के रिक्त पदों की पूर्ति की कार्यवाही अंतिम चरण में है। इसके साथ ही प्रदेश में स्थित शासकीय आयुष महाविद्यालय शिक्षक संवर्ग व्याख्याता के 96 रिक्त पदों की पूर्ति राज्य लोक सेवा आयोग के माध्यम से की जा रही है। आयुष महाविद्यालयों, चिकित्सालयों एवं औषधालयों में पेरामेडिकल संवर्ग तृतीय श्रेणी के 332 पदों की पूर्ति की जा चुकी है। शेष रिक्त पदों की पूर्ति कर्मचारी चयन मण्डल से चयनित प्रतीक्षा सूची से की जा रही है। राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत अधोसंरचना के कार्यों को भी प्रमुखता से पूरा किया जा रहा है। प्रदेश में 238 आयुष हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर बनाये जा रहे है। इसके साथ ही 50 बिस्तरीय चिकित्सालयों में 10 भवनों का निर्माण कराया जा रहा है।

### दीघा-सोनपुर में गंगा नदी पर बनेगा छह लेन का पुल

नयी दिल्ली। सरकार ने बिहार के दीघा तथा सोनपुर को जोड़ने के लिए गंगा नदी पर छह लेन के पुल के निर्माण को बुधवार को मंजूरी दी जिसके बनने से उत्तर तथा दक्षिण के बीच यातायात की सुविधा को बेहतर बनाया जा सकेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज यहां हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक के बाद सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इस पुल पर 3065 करोड़ रुपए की लागत आएगी और पुल का निर्माण 42 माह में पूरा किया जा सकेगा। पुल को इस तरह से एक्स्ट्रा केबल से तैयार किया जाएगा कि इसके नीचे गंगा नदी पर बड़े जहाजों की आवाजाही हो सकेगी। उन्होंने कहा कि इस पुल की लम्बाई 4.5 किलोमीटर होगी और यह छह लेन का होगा। इसके बनने से छपरा, मोतीहारी तथा बेतिया सहित कई जिलों में आवाजाही को आसान बनाया जा सकेगा। पुल का निर्माण साढ़े तीन साल में पूरा किया जा सकेगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि उनकी सरकार राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण तेजी कर रही है और इसके लिए हर बजट की कमी नहीं होने दी जा रही है।

# सेक्टर-142 से बोटेनिकल गार्डन मेट्रो डीपीआर को मंजूरी

## 11.56 किमी लंबा, 8 स्टेशन, 2254.35 करोड़ होंगे खर्च, 80 हजार मुसाफिर को होगा फायदा

नोएडा। बोटेनिकल गार्डन से सेक्टर-142 तक प्रस्तावित मेट्रो लाइन की डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट को नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने मंजूरी दे दी है। ये मंजूरी NMRC ने अपनी 38वीं बोर्ड बैठक में दी। कॉरिडोर 11.56 किमी का होगा। इस रूट के जरिए रोजाना करीब 80 हजार मुसाफिर को फायदा होगा। इस पूरे कॉरिडोर में 8 स्टेशन होंगे। इसके निर्माण में करीब 2254.35 करोड़ रुपए खर्च होंगे। बोर्ड के सदस्यों ने कहा कि यह परियोजना बेहतरीन मल्टी मॉडल का एकीकरण होगा। अब इसकी डीपीआर को यूपी सरकार और केंद्र सरकार को मंजूरी के लिए भेज दिया गया है।

एनएमआरसी के एमडी लोकेश एम ने बताया कि बोटेनिकल गार्डन इस लाइन का सोर्स स्टेशन है। यहां मैजेंटा लाइन पहले संचालित है। इसलिए एक्वा लाइन की कनेक्टिविटी से ग्रेटरनोएडा के मुसाफिर को सीधे दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (टर्मिनल-1) से कनेक्टिविटी हो जाएगी। उनको कही और नहीं जाना होगा। इसी तरह बोटेनिकल गार्डन से डीएमआरसी की ब्लू लाइन संचालित है। इस लाइन के जरिए मुसाफिर नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, आनंद विहार रेलवे और बस स्टेशन से जुड़ जाएंगे। इसका फायदा सीधे नोएडा वासियों को मिलेगा। इसके अलावा बोटेनिकल गार्डन एक्वा लाइन स्टेशन से ऊतरकर आसानी से आगरा, मथुरा, लखनऊ तक की बसों को पकड़ सकते है।

### मेट्रो कॉरिडोर पर आठ स्टेशन होंगे

इस मेट्रो कॉरिडोर पर बोटेनिकल गार्डन, नोएडा सेक्टर-44, नोएडा ऑफिस, नोएडा सेक्टर-97, नोएडा सेक्टर-105, नोएडा सेक्टर-108, नोएडा सेक्टर-93, और पंचशील बालक इंटर कॉलेज स्टेशन बनाए जाएंगे।




कॉरिडोर का आखिरी स्टेशन सेक्टर-142 होगा जो कि पहले ही बनकर तैयार है। ये कॉरिडोर एक्सप्रेस वे के बाय ओर से जाएगा। दाय सेक्टरों को जोड़ने के लिए एफओबी बनाया जाएगा। ये एफओबी एक्सप्रेस वे पर बनेंगे जो सीधे मेट्रो स्टेशन के एंट्री और एग्जिट पाइंट पर आकर जुड़ जाएंगे।

### एक्सप्रेस वे से जुड़े इन सेक्टरों को होगा फायदा

यह परियोजना नोएडा ग्रेटरनोएडा से दिल्ली की ओर आने जाने वाले मुसाफिर को बेहतर कनेक्टिविटी देगा।

इसके शुरुआती चरण में लगभग 80 हजार सवारियां आने की उम्मीद है। यह परियोजना सेक्टर-44,45,97,99,100,104,105,108, 93 के मुसाफिर को सुविधा देगी। पहले फेज में चार कोच वाली मेट्रो चलाई जाएगी। मुसाफिर की संख्या बढ़ने पर यहां छह कोच वाली मेट्रो को संचालित किया जाएगा।

### वर्तमान में एनएमआरसी और डीएमआरसी का संचालन

वर्तमान में नोएडा और ग्रेटरनोएडा एक्वा लाइन से कनेक्ट है। ये लाइन सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन से ग्रेटरनोएडा डिपो तक है। ये पूरा ट्रैक 29 किमी का है। ये डीएमआरसी के सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन के ब्लू लाइन को जोड़ता है। मुसाफिर को इस इंटर चेंज के लिए करीब 300 मीटर पैदल चलना पड़ता है। नए लिंक बनने से ऐसा नहीं होगा। वहीं डीएमआरसी की नोएडा में दो लाइन है। पहला ब्लू जो दिल्ली के द्वारका से नोएडा के सेक्टर-62 और मैजेंटा लाइन नोएडा के बोटेनिकल गार्डन से जनकपुरी तक है।

### मेट्रो स्टेशन के आसपास होगी पार्किंग

योजना के मुताबिक मेट्रो स्टेशन और आसपास पार्किंग की व्यवस्था होगी ताकि यहां आने वाले लोगों को वाहन पार्किंग की सहूलियत मिल सके। एक्वा लाइन कॉरिडोर की गलतियों से सबक लेते हुए इसमें सुधार आदि किया जाएगा। कोशिश यह होगी कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्किंग की सुविधा मिल सके।

# नोएडा प्राधिकरण के बाहर किसानों की महापंचायत

## किसान बोले-आखिरी सांस तक लड़ेंगे, पहले ताला बंदी, फिर जन-प्रतिनिधियों का करेंगे घेराव

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण के बाहर किसानों ने महापंचायत की। इसी पंचायत में बेहलोलपुर की एक बुजुर्ग महिला भी पहुंची। इनकी नाम रेशम है और उम्र करीब 70 साल। उन्होंने कहा, जब तक तन में प्राण है तब तक अंतिम सांस तक किसानों के समाधान के लिए अपनी जान की बाजी लगा देंगे।

ये कहते ही वहां मौजूद और महिलाओं में जोश सा भर गया। सभी ने भारत माता की जय और प्राधिकरण के खिलाफ नारेबाजी की। रेशना ने बताया कि हम अगर अभी नहीं लड़े तो हमारी आने वाली पीढ़ियों का क्या होगा। उनका भविष्य कैसे सवरेगा।

महापंचायत में मौजूद हर महिला का बस यही कहना था अपना हक लेकर रहेंगे। इसके लिए हमे यहां रात दिन बैठना पड़े वो भी बैठेंगे। हम यहां आए ही सिर्फ इसलिए है। हमारी जमीन नोएडा प्राधिकरण ने ले ली, हम बेघर हो गए। जो वायदा किया वो पूरा नहीं किया। जनप्रतिनिधियों के पास समय नहीं है कि हम किसानों की बातों को सुने, प्राधिकरण ने एजेंडा पास किया या नहीं हम नहीं जानते वो सिर्फ कागजों पर बात करते है। उनको नहीं दिख रहा कि हम पिछले छह सालों से सड़क पर बैठे है।



भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखवीर खलीफ़ा ने बताया, महापंचायत में फैसला लिया गया कि दो जनवरी को प्राधिकरण की तालाबंदी करके अपनी अधीन कर लिया जाएगा। ये सिलसिला एक दिन नहीं बल्कि रोज चलेगा। अधिकारी अगर प्राधिकरण में बैठेंगे तो पहले हमारा काम किया जाएगा।

इनकी जिम्मेदारी है कि लखनऊ से एजेंडे को पास कराए। अन्यथा यहां काम नहीं होने दिया जाएगा। महापंचायत में 105 गांवों के किसानों ने हिस्सा लिया।

### माणिक साहा ने बेहोश होकर गिरे कलाकार को दी प्राथमिक चिकित्सा

अगरतला। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा और उनके दो शीर्ष अधिकारियों ने एक प्रदर्शन के दौरान अचानक बेहोश होकर गिरे एक कलाकार की जान बचायी। सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री अपने कैबिनेट सदस्यों के साथ इस कार्यक्रम मुख्य अतिथि थे और सरकार के अधिकारी। एक रिपोर्ट के अनुसार सूचना और सांस्कृतिक मामलों (आईसीए) विभाग के एक कलाकार, त्रिपुरा इंस्टीट्यूट फॉर ट्रांसफॉर्मेशन (टीआईएफटी) के उद्घाटन कार्यक्रम में प्रदर्शन करते समय गिर गये जो लंबे समय तक खड़े रहने से मस्तिष्क में रक्त के अपर्याप्त प्रवाह के कारण हुआ था। आईसीए के निदेशक बिंबिसार भट्टाचार्जी ने कहा, घटना ने सभी को चौंका दिया, लेकिन मुख्यमंत्री मरीज के पास पहुंचे और उसे प्राथमिक चिकित्सा दी। मुख्यमंत्री के साथ-साथ अधिकारियों में दो अन्य डॉक्टर मौजूद थे, पहले सचिव स्वास्थ्य सेवा डॉ. संदीप आर राठौड़ और दूसरे पश्चिम त्रिपुरा के जिला मजिस्ट्रेट डॉ. विशाल कुमार।

# अब पीएम किसान योजना के तरह मिलेगें 9 हजार रुपये

नई दिल्ली। (पीएमए) सरकार 2024-25 के बजट में एग्रीकल्चर सेक्टर के लिए लगभग 2 लाख करोड़ रुपये का बजट आवंटित कर सकती है, जिसमें वर्तमान वित्तवर्ष में जारी किए गए 1.44 लाख करोड़ रुपये के बजट से करीब 39 फीसदी अधिक राशि शामिल होगी।

नए साल से पहले देश के किसानों के लिए बड़ी खुशखबरी आई है। केंद्र सरकार एग्रीकल्चर सेक्टर को सशक्त करने और साल 2024 में किसानों की आमदनी को बढ़ाने के लिए कई योजनाएं तैयार कर रही है। इसके तहत किसानों को साल भर में 6 हजार की जगह 9 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

साथ ही फसलों की बीमा का दायरा भी विस्तारित किया जाएगा। मोदी सरकार इसके लिए आगामी बजट में कई सारे एलान करने वाली है।

### 2 लाख करोड़ रु. आवंटित करने की तैयारी

सामने आई जानकारी के मुताबिक, सरकार 2024-25 के बजट में एग्रीकल्चर सेक्टर के लिए लगभग 2 लाख करोड़ रुपये का बजट आवंटित कर सकती है, जिसमें वर्तमान वित्तवर्ष में जारी किए गए 1.44 लाख करोड़ रुपये के बजट से करीब 39 फीसदी अधिक राशि शामिल होगी। इस नए बजट के फंड से किसानों की आमदनी में वृद्धि करने के साथ-साथ, फसल बीमा के क्षेत्र को भी विस्तारित करने में सहायक होगा।

### पीएम किसान निधि बढ़ाने का फैसला

कृषि मंत्रालय ने किसानों को प्रति वर्ष मिलने वाले आर्थिक सहायता की राशि में वृद्धि करने का निर्णय लिया है। बजट के आवंटन के बाद, कृषि मंत्रालय ने किसानों को मिलने वाली 6 हजार रुपये की राशि को 9 हाजार रुपये करने का फैसला किया है। इससे हर महीने किसानों को 500 रुपये की बजाय अब 750 रुपये की किस्त दी जाएगी।

वर्तमान में पीएम किसान योजना के तहत प्रति वर्ष 6000 रुपये दिए जा रहे हैं और इसे फरवरी में 5 साल पूरे हो जाएंगे।

# ऑपरेशन के दौरान पेशेवर आचरण का परिचय दें जवान : राजनाथ


**जम्मू।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती इलाकों का दौरा किया और नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सुरक्षा स्थिति का जायजा लेते हुए जवानों से ऑपरेशन के दौरान पेशेवर आचरण अपनाने का आह्वान किया।

सिंह ने आज मौजूदा स्थिति के साथ-साथ क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी अभियानों का प्रत्यक्ष आकलन भी किया।

उनके साथ सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी भी थे।

सिंह को मौजूदा सुरक्षा स्थिति, घुसपैठ रोधी ग्रिड और परिचालन तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

ऑपरेशनल चुनौतियों से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर श्री सिंह ने कमांडरों के साथ चर्चा की। उन्होंने ऑपरेशन करते समय पेशेवर आचरण और उचित परिश्रम का आह्वान किया है। रक्षा मंत्री ने आतंकवादियों के हमले में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की।



सिंह ने घायल सैनिकों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और इस बात पर जोर दिया कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# महिला की मौत के बाद कर्मचारियों का हंगामा

## कंपनी में की तोड़फोड़, 30 से ज्यादा लोग घायल, सुपरवाइजर की डांट के बाद गई थी घर

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा के कासना थाना क्षेत्र में स्थित एक कंपनी में कर्मचारियों ने जमकर हंगामा किया। महिला कर्मचारी की मौत के बाद कर्मचारियों ने कंपनी में नारेबाजी करते हुए तोड़फोड़ की और सुपरवाइजर के साथ मारपीट भी की। इस धक्का-मुक्की के दौरान कई दर्जन महिलाएं बेहोश और चोटिल हो गईं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

कासना थाना क्षेत्र के साइट 5 में स्थित एक निजी कंपनी में काम करने वाली महिला राजमती (42) की अपने घर पर देर रात मौत हो गई। राजमती के घर वाले उसके शव को लेकर मऊ जिले के इकबालपुर गांव चले गए, लेकिन बुधवार को जब उसके साथी कर्मचारियों को कंपनी में उसकी मौत की सूचना मिली तो उन लोगों ने हंगामा करना शुरू कर दिया।



कंपनी में काम करने वाले लोगों ने आरोप लगाया कि सुपरवाइजर के द्वारा कल उसको प्रताड़ित किया गया था और उसका आई कार्ड तक भी छीन लिया गया था।

साथ ही एचआर के द्वारा उसे 8 दिन का गेट पास भी थमा दिया गया था। इसी वजह से वह डिप्रेशन में आ गई और हार्ट अटैक की वजह से उसकी मौत हो गई।

### कर्मचारियों ने जमकर की नारेबाजी

कर्मचारियों ने बताया कि इसी बात को लेकर हम लोगों ने मैनेजमेंट से बात की, लेकिन उन लोगों ने कोई भी सुनवाई नहीं की।

इसके बाद हंगामा बढ़ता चला गया और कंपनी के बाकी कर्मचारी इकट्ठा हो गए और जमकर नारेबाजी करने लगे। इसी दौरान जिन लोगों के द्वारा महिला के साथ अभद्रता की गई थी उन लोगों की भी पिटाई कर दी गई।

### पुलिस ने मुश्किल से पाया काबू

इस दौरान मैनेजमेंट और कर्मचारियों के बीच जमकर धक्का-मुक्की भी हुई और इस धक्का-मुक्की के दौरान 30 से ज्यादा महिलाएं और पुरुष घायल भी हो गए।

इस हंगामे की सूचना तत्काल प्रभाव से पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत करने की कोशिश की। काफी जद्दोजहद के बाद पुलिस ने जैसे-तैसे स्थिति पर काबू पाया और घायल हुई महिलाओं व अन्य लोगों को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया।

# ढली टनल केंद्र सरकार की उपलब्धि, कांग्रेस न ले श्रेय : ठाकुर

शिमला। हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि ढली में नवनिर्मित टनल केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी की पूर्व की प्रदेश सरकार की उपलब्धि है। कांग्रेस सरकार अनायास ही इस कार्य का श्रेय लेने की कोशिश कर रही है।

ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने इस टनल के निर्माण को पूरा करना प्राथमिकता में शामिल किया होता तो इस टनल का लोकार्पण काफ़ी पहले हो जाता। सरकार की उदासीनता की वजह से इस टनल के पूरा होने में देरी हुई। नेता प्रतिपक्ष ने कहाकि कांग्रेस सरकार कुछ ख़ुद के काम करे और उसका श्रेय लो तो अच्छा लगेगा।

उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने 170 साल पहले शिमला में ढली टनल का निर्माण करवाया था। उसके बाद से शिमला में यातायात सुदृढ़ करने की दृष्टि से कोई टनल नहीं बनी। वहां पर यातायात को सुदृढ़ करने लिए टनल अत्यंत आवश्यक थी। इसके लिए हमने काम किया।



वैज्ञानिक सर्वे के बाद यह स्पष्ट हुआ कि ढली टनल के साथ दूसरी टनल का निर्माण संभव है। हमारी सरकार के प्रयास से केंद्र सरकार ने स्मार्ट सिटी के प्रोजैक्ट्स के तहत इस टनल के निर्माण को मंजूरी देते हुए 48 करोड़ रुपये का बजट भी जारी कर दिया। 09 मार्च 2022 को मैंने इस डबल लेन टनल का उद्घाटन किया। इसके साथ ही पैदल पथ और अन्य सुविधाओं के विकास के लिए 12 करोड़ रुपए अलग से स्वीकृत किए थे।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इस इस टनल के निर्माण कार्य में कुल 53 करोड़ रुपए स्वीकृत कर दिए गये थे। टनल के निर्माण से जुड़े ज़्यादातर काम हमारी सरकार के समय में पूरे हो गये थे। कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के साथ ही टनल के निर्माण कार्य धीमा पड़ गया।

इस टनल को जल्दी से जल्दी पूरा करके प्रदेश के लोगों को समर्पित करना इस सरकार की प्राथमिकता में नहीं था। अत: इस टनल के निर्माण कार्य में इतना समय लग गया।

### हैदराबाद स्थित एनआईआरडीपीआर को विकास नेतृत्व पुरस्कार, 2023

हैदराबाद। एग्रीकल्चर टुडे ग्रुप ने राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) को विकास नेतृत्व पुरस्कार, 2023 प्रदान किया है। संस्थान ने बुधवार को यहां एक बयान में कहा कि यह पुरस्कार उसके उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया गया है, जिसने लाखों ग्रामीण लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। नयी दिल्ली में 21 दिसंबर 2023 को कृषि नेतृत्व कॉन्क्लेव के हिस्से के रूप में आयोजित एक समारोह के दौरान केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने पुरस्कार प्रदान किया। भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति पी. सदाशिवम ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

# बाबा सरसाई नाथ मेडिकल कॉलेज का निर्माण मार्च में शुरू : दुष्यंत

सिरसा। हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला ने कहा कि सिरसा में बाबा सरसाई नाथ के नाम से बनने वाले मेडिकल कॉलेज का निर्माण आगामी फरवरी माह के अंत तक अथवा मार्च माह में आरम्भ हो जाएगा। चौटाला बुधवार को सिरसा में मीडिया से कहा कि इस मेडिकल कॉलेज के निर्माण की टेंडर प्रक्रिया जनवरी माह के अंत तक पूरी कर ली जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की गठबंधन सरकार मेडिकल कॉलेज बनाने की दिशा में काफी संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज के निर्माण से न केवल सिरसा बल्कि अन्य समीपस्थ इलाकों के लोगों को भी लाभ पहुंचेगा।

राजस्थान के सिलसिले में उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए कवायद शुरू कर दी गयी है। इसी कड़ी में गुरुवार को जयपुर में अहम बैठक होगी जिसमें राजस्थान में चुनाव लड़ चुके उम्मीदवार व पदाधिकारी भाग लेंगे।

श्री चौटाला ने कहा कि जेजेपी हरियाणा के साथ साथ राजस्थान में भी संगठन की मजबूती कर रही है। इसी कड़ी में हरियाणा में पार्टी ने बूथ स्तर पर संगठन स्थापित किया है और पार्टी के प्रतेक सेल के हल्का स्तर तक संगठन की मजबूती का कार्य तेजी से किया जा रहा है। राजस्थान के सिलसिले में उन्होंने कहा कि वहां भी संगठन को मजबूत बनाने के लिए कवायद शुरू कर दी गयी है। इसी कड़ी में कल जयपुर में संगठन की मजबूती को लेकर अहम बैठक होगी जिसमें राजस्थान में चुनाव लड़ चुके उम्मीदवार व पदाधिकारी भाग लेंगे।

स्वयं के चुनाव लड़ने के सवाल पर चौटाला ने स्पष्ट किया कि वे हर हाल में उचाना से ही चुनाव लड़ेंगे।

# शार्ट न्यूज

## डायमंड बुक्स के चेयरमैन नरेन्द्र कुमार वर्मा को मिला अटल गौरव सम्मान-2023



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री संग्रहालय में अटल फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया अटल गौरव सम्मान -2023। भारत रत्न एवं भूतपूर्व प्रधनमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में दिया जाने वाला पुरस्कार डायमंड बुक्स के चेयरमैन श्री नरेन्द्र कुमार वर्मा को दिया गया। अटल जी के विचारों को जीवित रऽने के लिए जितना बन पड़ा डायमंड बुक्स ने अपने प्रकाशन के माध्यम से हमेशा प्रयास किया। समाज को सभ्य बनाने के लिए युगपुरुष अटल जी बहुत ही प्रासंगिक हैं। अटल जी के जीवन काल में अटल जी के भाषणों, कविताओं और उनके व्यत्तितत्व पर कई पुस्तकें विभिन्न भारतीय भाषाओं में प्रकाशित कर अटल जी के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने में डायमंड बुक ने भरसक प्रयास किया है। अटल जी का व्यक्ति्व और भारत के लिए उनका योगदान युगों तक प्रासंगिक रहेगा।

## अवैध कालोनियों पर चला बुलडोजर

गौतम बुद्ध नगर। यमुना प्राधिकरण के द्वारा जेवर में कॉलोनाइजरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। जेवर क्षेत्र में अवैध रूप से काटी गई कालोनियों पर प्राधिकरण का बुलडोजर चला। इस दौरान करीब 128 करोड़ की जमीन को भू-माफियों से कब्जामुक्त कराया गया।यह लोग नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नाम पर जेवर व आस पास कॉलोनाइजर अवैध कॉलोनी काट रहे थे। यमुना प्राधिकरण के द्वारा बुलडोजर चला कर जेवर में स्थित जेवर बांगर ,मंगरौली और मेवला गोपालगढ़ में अवैध रूप से काटी जा रही अवैध कॉलोनी को ढहा दिया गया। यमुना प्राधिकरण के ओएसडी शैलेंद्र सिंह के नेतृत्व में अवैध कालोनियों के खिलाफ यह कारवाई की गई। यमुना प्राधिकरण और पुलिस की टीम बुलडोजर लेकर जेवर बांगर , मंगरौली व मेवला गोपालगढ़ में पहुचीं। यहां पर कॉलोनाइजरों के द्वारा सात अवैध कालोनियां काट दी गई थी। इन सभी को बुलडोजर चला कर के ध्वस्त कर दिया गया। इसके अलावा प्राधिकरण की जमीन पर अतिक्रमण भी किया हुआ था, उसे भी हटा दिया गया। इस दौरान प्राधिकरण ने तीनों गांव में करीब 6.37 हेक्टेयर जमीन को खाली कराया गया। यह जमीन प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में है लेकिन उसके बावजूद भी इस पर अवैध रूप से कब्जा करके कॉलोनिया काट दी गई और अतिक्रमण कर लिया गया। इस जमीन की कीमत करीब 128 करोड रुपए बताई जा रही है।

## डेढ़ करोड़ की लूट में आठवां आरोपी गिरफ्तार

गाजियाबाद। गाजियाबाद के गोल्ड कारोबारी से हुई डेढ़ करोड़ रुपए की लूट में पुलिस ने मंगलवार को आठवें आरोपी की गिरफ्तारी की है। इससे कुल 5 लाख रुपए बरामद हुए हैं। अब तक इस मामले में 92 लाख 50 हजार रुपए रिकवर हो चुके हैं। गाजियाबाद में इंदिरापुरम क्षेत्र निवासी निशांत गोल्ड कारोबारी हैं। 5 दिसंबर को वो कविनगर थाना क्षेत्र में कार से आए थे। इस दौरान कुछ बदमाशों ने उन्हें किडनैप कर लिया। बदमाश उन्हें दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर उतारकर कार और कैश लूटकर फरार हो गए। कार अगले ही दिन बागपत जिले में खेकड़ा क्षेत्र से बरामद हो गई थी। स्नढ्ढक्रमें लूटी गई रकम नहीं लिखाई गई, लेकिन ये रकम करीब डेढ़ करोड़ रुपए बताई गई थी। गाजियाबाद पुलिस इस केस में सात आरोपी पहले ही जेल भेज चुकी है। आठवां आरोपी नकुल मंगलवार को शास्त्रीनगर से पकड़ा गया। वो हापुड़ जिले में गांव काठी खेड़ा का रहने वाला है और मुख्य आरोपी सुनील का भाई है। क्राइम ब्रांच ने आरोपी से 5 लाख रुपए व वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। मुख्य आरोपी सुनील पहले ही गौतमबुद्धनगर कोर्ट में सरेंडर करके जेल जा चुका है।

## कविनगर चौकी इंचार्ज सहदेव सिंह सस्पेंड

गाजियाबाद। गाजियाबाद के पॉश इलाके कविनगर में हार्डवेयर व्यापारी के साथ लूट के दो दिन बाद चौकी इंचार्ज सहदेव सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है। कविनगर इलाका बेहद हाई प्रोफाइल इलाका माना जाता है। यहां हुई लूट की घटना को अधिकारियों ने गंभीरता से लिया था। गाजियाबाद के थाना कविनगर क्षेत्र के कविनगर जी ब्लॉक इलाके में 25 तारीख की शाम को हार्डवेयर व्यापारी के साथ लूट हुई थी। यह व्यापारी अपनी दुकान से अपने घर शास्त्रीनगर जा रहा था। इस दौरान दो बाइक सवारों ने इसकी स्कूटी के आगे अपनी बाइक लगा दी थी। हड़बड़ी में स्कूटी सवार व्यापारी सत्येंद्र गोयल नीचे गिर गया था। बाइक पर आये बदमाश स्कूटी में रखे 3.50 लाख रुपए लेकर फरार हो गए थे। पुलिस की कई टीम में लगातार इन बदमाशों को तलाश कर रही है। इसी को लेकर दो दिन बाद चौकी इंचार्ज सहदेव सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है। कविनगर बेहद हाई प्रोफाइल इलाका माना जाता है। जिला मुख्यालय से लेकर आला अधिकारियों के निवास यही है। इसके अलावा बड़े व्यापारी और कारोबारी भी यहीं रहते हैं।

## गाजियाबाद पहुंची भारत विकसित संकल्प यात्रा

गाजियाबाद। गाजियाबाद के लोनी में बुधवार को केंद्रीय राज्यमंत्री और सांसद वीके सिंह के नेतृत्व में भारत विकसित संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। यहां लाभार्थियों को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लोनी में जिला योजना के तहत लाभार्थियों को गैस के चूल्हे सौंप गए और खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र, कैप और शर्ट दी गई। मेधावी छात्र-छात्राओं को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। साथ ही जन उपयोगी योजनाओं के अलग-अलग स्टॉल भी लगाए गए। जहां जन उपयोगी योजनाओं के बारे में जनता को जागरूक किया गया। गर्भवती महिलाओं के गोद भराई का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जहां छोटे शिशु को केंद्र राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह ने चम्मच से भोजन भी कराया। गर्भवती को पौष्टिक आहार भी उपलब्ध कराया गया। वीके सिंह ने बताया कि मोदी की गारंटी की गाड़ी गांव-गांव पहुंच रही है। उज्ज्वला योजना की बात करें तो लोनी क्षेत्र में 9000 उज्ज्वला योजना के नए पात्र थे। जिनमें से कुछ को आज कनेक्शन बांटे गए हैं। इसी तरह से पीएम आवास योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत भी नए पात्र लोगों को उनके आवास की चाबी और सर्टिफिकेट सौंपी गए हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा एक बड़ा प्रयास है ताकि गरीबी रेखा से नीचे के लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाया जा सके।

## मोदीनगर तहसील में युवाओं ने किया प्रदर्शन

मोदीनगर। यूपी पुलिस की आरक्षी भर्ती में आयु सीमा में छूट देने की मांग को लेकर बुधवार को युवाओं ने मोदीनगर तहसील में प्रदर्शन किया और जमकर हंगामा भी किया। युवाओं ने कहा कि 5 साल बाद पुलिस भर्ती निकली है। इसलिए उम्र में 5 साल की छूट देनी चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी को भी दिया। दर्जनों युवा हाथ में तख्ती लेकर दोपहर में मोदीनगर तहसील पहुंचे और हंगामा करना शुरू कर दिया और नारेबाजी की। युवाओं का कहना है कि 2018 में 41588 पदों पर भर्ती निकाली गई थी। इसके बाद अब आरक्षी की भर्ती निकाली गई है। जो युवा 2018 में 18 साल का हुआ था। उसकी उम्र अब भर्ती के लिए निकल गई है। इसलिए आरक्षी भर्ती में तीन साल नहीं पांच साल की छूट मिलनी चाहिए। तीन साल की छुट देना सरकार का सही फैसला नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कि कोरोना के चलते भी भर्ती प्रभावित रही हैं। अर्द्ध सैनिक बलों की भर्ती में भी तीन साल की आयु में छूट दी गई थी। युवाओं का कहना है कि यदि आयु में छूट नहीं दी गई तो हमारा करियर खत्म हो जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम उप जिलाधिकारी संतोष राय को ज्ञापन भी दिया है।

# दिल्ली में कोरोना की वापसी : रोज हो रहे 400 आरटी-पीसीआर टेस्ट

### अभी तक किसी भी मरीज की संक्रमण की वजह से मौत नहीं हुई है

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में एक बार फिर कोरोना ने तेजी से पैर पसारने शुरू कर दिए हैं। नए मामले सामने आते ही दिल्ली सरकार ने लोगों से सतर्क रहने के लिए कहा है। इसके साथ ही राजधानी में आरटीपीसीआर टेस्ट भी शुरू कर दिए गए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, बीते मंगलवार को कोरोना के दो और नए मामले सामने आए थे।

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री और आप नेता सौरभ भारद्वाज ने बताया कि हमने दिल्ली में आरटीपीसीआर परीक्षण को शुरू कर दिया है।

हर दिन 250 से 400 आरटीपीसीआर टेस्ट किए जा रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, बीते दिन दिल्ली में दो नए मरीज मिले। फिलहाल, अभी अस्पताल में कुल चार से पांच मरीज भर्ती हैं। अभी तक किसी भी मरीज की संक्रमण की वजह से मौत नहीं हुई है।



#### दिल्ली में कोरोना के नए मामले

दिल्ली में कोरोना के नो मामले हैं। इनमें से 8 मरीज ऑक्सीजन बेड पर भर्ती हैं। दिल्ली में कोरोना के सभी मरीजों के नमूने जिनोम अनुक्रम के लिए प्रयोगशालाओं में भेजे जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक दिल्ली में हर दिन संक्रमण के औसतन 3-4 मामले सामने आ रहे हैं। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज का कहना है कि सरकार कोरोना वायरस संक्रमण के संभावित प्रसार से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। सभी अस्पतालों में जरूरत के आधार पर बिस्तर तैयार हैं।

#### देश में हर दिन आ रहे नए मामले

कोरोना महामारी एक बार फिर तेजी से पैर पसार रहा है। हर दिन नए मामले सामने आ रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि भारत में सिर्फ एक दिन में कोविड-19 के 529 नए मामले सामने आए हैं। इससे संक्रमण के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 4,093 हो गई है। वहीं, देश में जेएन.1 कोविड वेरिएंट के कुल 109 मामले सामने आए हैं।

#### तेजी से फैलता है कोरोना का नया उप स्वरूप

वर्तमान में जेएन.1 उप स्वरूप फैल रहा है, जिसकी आर वैल्यू यानी संक्रमण प्रसार की दर अधिक है। ऐसे में आशंका है कि क्रिसमस और नए साल की वजह से जनवरी पहले सप्ताह में दिखाई देने वाला उछाल उसके आगामी तीन सप्ताह और रह सकता है।

इसके बाद ही कोरोना के ट्रेंड में किसी बदलाव की उम्मीद की जा सकती है। हालांकि, अधिकारियों का यह भी कहना है कि कोरोना का नया उपस्वरूप कब तक आबादी में स्थिर रह सकता है, इसके बारे में अनुमान लगाना संभव नहीं है।

## नोएडा 100 मीटर से भी कम हुई विजिबिलिटी

नोएडा। नया साल आने से पहले ही दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में ठंड के साथ कोहरे ने जोरदार एंट्री ली है। सुबह से नोएडा में घना कोहरे की चादर बिछी हुई है। करीब साढ़े दस बजे के बाद कोहरा छटना शुरू हुआ। इसके चलते हल्की धूप निकलने के आसार है। आईएमडी के मुताबिक 31 दिसंबर तक नोएडा वासियों को घने कोहरा का सामना करना पड़ेगा। इसके साथ धूल के कण भी लोगों को परेशान करेंगे। अधिकतम तापमान 24 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है। नोएडा में सुबह से घना कोहरा छाया रहा। स्पीड लिमिट कम होने के बाद भी सड़कों की वाहनों की रफ्तार 20 किमी प्रतिघंटा से ज्यादा नहीं रही। वहीं एक्सप्रेस वे पर एक साथ गाड़ियां भी आपस में टकराई। जिससे एक दर्जन से ज्यादा लोगों को हल्की चोट आई है। कोहरे के कारण सड़कों पर विजिबिलिटी 100 मीटर से भी कम रही। मौसम विभाग की माने तो 31 दिसंबर कोहरा धूल के कणों के साथ और ज्यादा घना होगा और विजिबिलिटी कम होगी। वहीं हवा की रफ्तार 5 किमी प्रतिघंटा होने से कोहरा जल्दी नहीं छट रहा। वहीं नमी की मात्रा 95 प्रतिशत रिकार्ड की गई। वहीं रोंग साइड चलने वाले भी हादसे की बड़ी वजह बन रहे है।

# एनपीसीएल ने 5 जगहों पर लगाई आरवीएम मशीनें

### 14000 से ज्यादा प्लास्टिक के बोतलों को रिसाइकिल किया



गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा को प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में अग्रसर नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड ने शहर में एक और जगह रिवर्स वेंडिंग मशीन स्थापित किया है। एनपीसीएल की ओर से ये नया रिवर्स वेंडिंग मशीन ग्रेटर नोएडा के ओमेक्स कनॉट प्लेस मॉल के फूड कोर्ट में लगाया गया है।

एनपीसीएल ने इस मशीन को अपने सीएसआर कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे 'प्रोजेक्ट संकल्प' के तहत स्थापित किया है। आज आरवीएम मशीन के उद्घाटन के मौके पर एनपीसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ओमेक्स कनॉट प्लेस मॉल के ऑपरेशन हेड की भी मौजूदगी देखी गई। इस अत्याधुनिक मशीन के डिजाइन का उद्देश्य प्लास्टिक की बोतलों के साथ एल्युमिनियम कैन के सुरक्षित निपटान को प्रोत्साहित करना है। रिवर्स वेंडिंग मशीन (आरवीएम) एक ऐसी मशीन है, जिसमें आप इस्तेमाल की हुई प्लास्टिक की बोतल या एल्युमिनियम कैन को क्रश कर सकते हैं। आरवीएम में इस्तेमाल की हुई प्लास्टिक की बोतलों और कैन को क्रश करने के बाद उसे रिसाइकिल कर अलग-अलग वस्तुओं का निर्माण किया जाता है।

आरवीएम मशीनों में एकत्रिक प्लास्टिक की बोतलों को रिसाइकिल कर टी शर्ट, बैग, टोपी और जैकेट जैसी चीजों का निर्माण किया जाता है और उन्हें उन लोगों में वितरित किया जता है जिन्होंने आरवीएम में प्लास्टिक कचरा जमा किया है। इस अभियान से जहां पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस पहल की जा रही है।

# आरोपी नीलम ने खटखटाया दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा

नई दिल्ली। बीती 13 दिसंबर को संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले में गिरफ्तार आरोपी नीलम आजाद ने बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया। उन्होंने पुलिस रिमांड को गैर कानूनी बताया है। नीलम ने आरोप लगाया है कि मुझे मेरा वकील चुनने की इजाज्त तक नहीं दी। जो ट्रायल कोर्ट की कार्रवाई में मेरा पक्ष रख सके। इस बात का जिक्र नीलम ने अपनी याचिका में किया है। नीलम की ट्रायल रिमांड पांच जनवरी तक बढ़ा दी गई है।

इस मामले को गुरुवार को हाईकोर्ट की अवकास पीठ के सामने उल्लेख किया जा सकता है। भारतीय कानून के मुताबिक, एक बंदी और कोई भी शख्स सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट से सामने अपनी याचिका दायर कर सकता है। यदि उसे लगता है कि उसकी हिरासत गैर कानूनी है। यदि कोर्ट इस संबंध में कोई निष्कर्ष निकालती है कि हिरासत गैर कानूनी है तो कोर्ट उनकी रिहाई के आदेश भी जारी कर सकती है।


जानकारी के लिए बता दें कि 21 दिसंबर को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने संसद में हालिया सुरक्षा उल्लंघन को लेकर दिल्ली पुलिस द्वारा उनके खिलाफ दर्ज यूएपीए मामले में चार आरोपियों को 15 दिनों की अतिरिक्त पुलिस हिरासत में भेज दिया था। सात दिनों की पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद आरोपियों को अदालत में पेश किया गया था।

# पिटाई का बदला लेने के लिए युवक की पीट-पीटकर ली जान

### दोस्तों के साथ मिलकर दिया वारदात को अंजाम

नई दिल्ली। पश्चिम दिल्ली के जनकपुरी इलाके में पिटाई का बदला लेने के लिए एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक की शिनाख्त सौरव उपाध्याय उर्फ ऋषि (25) के रूप में हुई है। दरअसल सौरव ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर आरोपी प्रवेश कुमार व अन्यों की पिटाई कर दी थी। इसका बदला लेने के लिए सौरव को मौत के घाट उतारा गया।

पुलिस ने मामले में हत्या का मामला दर्ज कर मुख्य आरोपी समेत दो लड़कों को गिरफ्तार कर लिया है। इनकी पहचान प्रवेश कुमार उर्फ बिट्टू उर्फ लंबू (25) और अरमान खान उर्फ खान (23) के रूप में हुई है। पुलिस ने बाकी हमलावरों की भी पहचान कर ली है।




उनकी तलाश में छापेमारी की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक, सौरव अपने परिवार के साथ सागरपुर, जनकपुरी इलाके में रहता था। इसके परिवार में पिता विजय उपाध्याय, मां, बड़ा भाई गौरव उपाध्याय और एक बहन है। सौरव अपना कारोबार करता था। सोमवार देर रात पुलिस को अस्पताल से सूचना मिली कि एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई है। जख्मी हालत में उसे अस्पताल लाया गया था।

सूचना मिलते ही जनकपुरी थाना पुलिस अस्पताल पहुंची। वहां पर पुलिस को सौरव का बड़ा भाई गौरव मिला।

उसने पुलिस को बताया कि गली नंबर-3, मोहन ब्लॉक, पश्चिम सागरपुर के एक मकान में सौरव की पिटाई गई है। उस पर डंडों के अलावा लात-घूंसों से हमला किया गया था। गौरव से पूछताछ करने के बाद टीम घटना स्थल पर पहुंची।

मौके पर क्राइम टीम के अलावा एफएसएल को बुला लिया गया। छानबीन के दौरान पता चला कि मकान पंकज नामक युवक का है। बातचीत के बहाने आरोपी प्रवेश व उसके दोस्तों ने सौरव को बुलाया था। वहां कहासुनी के बाद उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने मंगलवार को हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की।

छानबीन के बाद प्रवेश व उसके साथी अरमान को दबोच लिया गया। प्रवेश ने बताया कि आरोपी व सौरव सब मिलने-जुलने वाले हैं। कुछ समय पहले हुए झगड़े में सौरव ने उसकी और दोस्तों की पिटाई कर दी थी। इसका बदला लेने के लिए ही इन लोगों ने सौरव की पिटाई की। बाद में वह फरार हो गए। अब पुलिस बाकी आरोपियों की तलाश कर रही है।

# एक साझी विरासत : कुछ अनसुनी बातें पुस्तक का विमोचन 31 दिसंबर को

- मुस्लिम समाज के बीच आरएसएस और उसके अनुषांगिक संगठनों के कामों पर पुस्तक में विस्तार से चर्चा
- विमोचन के दौरान केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, डॉ इंद्रेश कुमार, वीएचपी के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र (न्यास), अयोध्या के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि और पूर्व मुख्य न्यायधीश केजी बालाकृष्णन रहेंगे मौजूद

नई दिल्ली। मुस्लिम समाज को देश की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बहुआयामी प्रयास कर रहा है। बगैर किसी शोरगुल के 30 सालों से संघ की अनथक यात्रा जारी है। इसका सकारात्मक असर भी मुस्लिम समाज पर पड़ा है। प्रो. गीता सिंह और आरिफ खान भारती की पुस्तक एक साझी विरासत: कुछ अनसुनी बातें इन सब पर विस्तार से रोशनी डालती है। रविवार 31 दिसंबर पुस्तक का विमोचन आकाशवाणी भवन के रंग भवन ऑडिटोरियम में दोपहर बाद 3ः00 बजे होगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ सदस्य डॉ. इंद्रेश कुमार की प्रेरणा व सानिध्य में होने वाले इस आयोजन में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान बतौर मुख्य वक्ता मौजूद रहेंगे।

वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार करेंगे। इसमें श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र (न्यास), अयोध्या के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि और



पूर्व मुख्य न्यायधीश केजी बालाकृष्णन की विशेष उपस्थिति रहेगी।

किताबवाले प्रकाशन समूह से प्रकाशित पुस्तक एक साझी विरासत: कुछ अनसुनी बातें आरएसएस और विश्व ग्राम, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच समेत उसके दूसरे अनुषांगिक संगठनों के मुस्लिम समाज के बीच किए गए 30 सालों के कामों पर विस्तार से रोशनी डालती है।

इसकी प्रस्तावना आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने लिखी है। इसमें संघ की ऐसी बहुत सी प्रेरक कहानियां हैं, जिन्हें पहली बार लोग सुनेंगे। संघ ने मुस्लिम समाज को मुख्य धारा से जोड़ने के साथ राष्ट्र भाव जगाने में ढेरों फलदायी प्रयास किए हैं। पुस्तक उस मिथ को भी तोड़ेगी, जिसमें संघ व मुस्लिम समाज का वैर दिखाने का आजादी के बाद से प्रयास हो रहा है। यह देश की साझी विरासत और इसके भीतर छिपे राष्ट्रीय एकीकरण के सूत्रों को पिरोती है।

लेखिका प्रो. गीता सिंह ने बताया कि पुस्तक में बहुत से अनसुनी कहानियां हैं। 31 दिसंबर को पुस्तक के विमोचन के साथ ही इससे पर्दा उठेगा। इससे बहुत से मिथ टूटेंगे। लोगों को समझ में आएगा कि संघ मुसलिम समाज में राष्ट्रवाद की भावना भरने में किस संजीदगी से लगा हुआ है। उम्मीदन यह पुस्तक लोगों का ज्ञानवर्धन करने के साथ उनकी समझ बढ़ाने में मददगार होगी।

# कोर्टरूम बनाने का काम समय पर पूरा करें : आतिशी

केजरीवाल सरकार की मंत्री आतिशी मर्लेना ने लोक निर्माण और लॉ डिपार्टमेंट को निर्देश दिया है कि शहर में कोर्टरूम का निर्माण तय समय सीमा में किया जाए। आतिशी मर्लेना ने शहर में सरकार द्वारा बनाए जाने वाले 188 नए कोर्टरूम संबंधित प्लान की समीक्षा की है। आतिशी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वो इस संबंध में विस्तृत प्लान तैयार करें। आतिशी ने निर्देश दिया कि जिला कोर्टों का समय से निर्माण हो ताकि शहर में कम कोर्टरूम की समस्या से निपटा जा सके।

आतिशी ने कहा, कोई भी देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लोक निर्माण विभाग और लॉ डिपार्टमेंट को निर्देश दिया जाता है कि वो युद्ध स्तर पर काम करें ताकि दिल्ली में ज्यूडिशियल इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण डेडलाइन के अंदर किया जा सके। शीघ्र एवं सुलभ न्याय प्रत्येक भारतीय के संवैधानिक अधिकार हैं और हमारी सरकार इसे लेकर कटिबद्ध है। इसके



साथ ही दिल्ली सरकार की मंत्री ने यह भी आदेश दिया कि कोर्टरूम में जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हो ताकि जजों, वकीलों और आम लोगों को मुश्किलों का सामना ना करना पड़े। दिल्ली सरकार की कानून मंत्री आतिशी ने कानून और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ कोर्ट रूम बनाए जाने को लेकर बैठक की थी। इससे पहले आतिशी ने मंगलवार को साकेत पोर्ट परिसर का दौरा भी किया था। हालांकि, यहां इमारतों की खराब हालत को लेकर उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाई थी। यह इमारतें नई बनी थीं। इसके साथ ही मंत्री ने ठेकेदार के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई का निर्देश भी दिया था।

# पार्कों व ग्रीन बेल्ट के रखरखाव में लापरवाही

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी संतोष कुमार ने आवासीय सेक्टर ओमीक्रॉन-2 के पार्कों और ग्रीन बेल्ट का औचक निरीक्षण किया। ग्रीन बेल्ट व पार्कों की हालत देख ओएसडी बहुत भड़क गए और संबंधित फर्म मैसर्स राजा कंस्ट्रक्शन पर एक लाख रुपये की पेनल्टी लगा दी। साथ ही स्टाफ को भी कड़ी फटकार लगाई। निरीक्षण के दौरान ओएसडी को सेक्टर ओमीक्रॉन-2 की ग्रीन बेल्ट में जूते-चप्पल और जगह-जगह कबाड़ पड़े दिखाई दिए। ग्रीन बेल्ट में झाड़ियां उगी हुई थीं। पार्कों की स्थिति भी खराब दिखाई दी। पार्कों का रखरखाव ठीक से नहीं हो रहा। पार्कों की जाली टूटी दिखीं। लंबे समय से घास की कटिंग नहीं कराई गई थी। जगह-जगह पार्कों में सूखी पत्तियों के देर भी लगे दिखे। सेक्टर के ब्लॉक ए-96 के सामने स्थित निवासियों ने अनाधिकृत कब्जा कर लिया गया है। सेक्टर में सिविल वर्क न होने से गेट टूटे पड़े हैं। ग्रीन बेल्ट की स्थिति खराब होने के कारण ओएसडी ने संबंधित फर्म मैसर्स राजा कंस्ट्रक्शन पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

# दिल्ली में टैक्सी से छोड़ने का लालच देकर लोगों को लूटने वाले गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**एजेंसी**

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने तीन लुटेरों को गिरफ्तार किया है। तीनों की पहचान वेलकम के मुस्ताक, इमरान और जाफ बाद के अमन के रूप में हुई है। मुस्ताक और इमरान के खिलाफ वेलकम थाने में पहले से मामले दर्ज पाए गए हैं। मुस्ताक ऑटोचालक है। वहीं, अमन जीन्स के कारखाने में काम करता है। आरोपियों के पास से लूटे हुए दो मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल कार और चाकू बरामद हुए हैं।



#### टैक्सी से छोड़ने का लालच देकर लूट

पुलिस उपायुक्त अमरुथा गुगुलोग ने बताया कि 24 दिसंबर को मुनिरका गांव निवासी बृजेश सिंह ने लूट की शिकायत दर्ज कराई। वह आनंद विहार से मुनिरका जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान तड़के करीब 4 बजे एक व्यक्ति सफेद टैक्सी में उनके पास आया और उन्हें 100 रुपए में ही मुनिरका तक छोड़ने का लालच दिया और आगे की सीट पर बैठा लिया। कुछ दूर जाकर दो अन्य यात्रियों को आरोपी ने बैठा लिया।

#### चाकू दिखाकर लूट

टेलको टी-प्वाइंट के पास पीछे बैठे एक यात्री ने चाकू दिखाकर पीड़ित से उनका मोबाइल फोन व 600 नकद लूट लिए। इतना ही नहीं, आरोपियों ने पीड़ित से उनके मोबाइल फोन व यूपीआई एप के पासवर्ड भी जबरन पूछ लिए। इसके बाद गाजीपुर डेयरी के पास पीड़ित को थप्पड़ मारकर कार से नीचे फेंक दिया। पीड़ित ने घर पहुंचकर अपने बैंक स्टेटमेंट देखे तो आरोपियों ने उनके खाते से 17,900 रुपए निकाल लिए थे। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

# संपादकीय

## सुरक्षा पर उठे सवाल

दिल्ली की संवेदनशील जगहों, जम्मू-कश्मीर के आतंकवाद प्रभावित इलाकों, यहां तक कि संसद की सुरक्षा में लापरवाही देखी जा रही है, तो सामान्य नागरिक ठिकानों पर सुरक्षा इंतजामों को लेकर कितना भरोसा किया जा सकता है।

हवाई अड्डों पर चौकस सुरक्षा व्यवस्था के दावे किए जाते हैं। खासकर दिल्ली के इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर, जहां हर वक्त अतिविशिष्ट लोगों की आवाजाही रहती है, सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम हैं। फिर भी वहां से कोई आरोपी सुरक्षा बलों को चकमा देकर फरार हो जाए तो स्वाभाविक रूप से सवाल उठेंगे ही।

बलात्कार का एक आरोपी दिल्ली हवाई अड्डे से केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल यानी सीआइएसएफ और आव्रजन विभाग के कर्मचारियों को चकमा देकर चार सुरक्षा घेरों को पार करते हुए निकल भागा। विचित्र है कि इस घटना पर आव्रजन विभाग और सीआइएसएफ एक-दूसरे पर दोष मढ़ने में जुट गए। आव्रजन विभाग का कहना है कि उसने आरोपी को सीआइएसएफ के हवाले कर दिया था, जबकि सीआइएसएफ का तर्क है कि उसे औपचारिक रूप से आरोपी की गिरफ्तारी के बारे में नहीं बताया गया था।

दरअसल, आरोपी के खिलाफ पंजाब पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए 'लुकआउट सर्कुलर' जारी किया था। उसी के तहत आव्रजन विभाग ने आरोपी को पकड़ा और सीआइएसएफ को सौंप दिया। सीआइएसएफ कर्मी की लापरवाही से आरोपी निकल भागा। मगर यह समझ से बाहर है कि अगर किसी एक सिपाही की चूक के चलते आरोपी भागा, तो उस संवेदनशील क्षेत्र में बने बाकी के सुरक्षा घेरे में तैनात बलों का ध्यान उस पर क्यों नहीं गया। बताते हैं कि आरोपी खिड़की से कूद कर भागा था। फिर भी कैसे किसी सुरक्षाकर्मी की नजर उस पर नहीं गई!

आंतरिक सुरक्षा का मामला केवल इंदिरा गांधी हवाई अड्डे से जुड़ा नहीं है। कुछ दिनों पहले ही संसद में दो युवाओं ने कूद कर दहशत फैलाने की कोशिश की। उसे लेकर आंतरिक सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठाए जा रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में आए दिन सुरक्षाबलों के काफिले और चौकियों पर हमले हो जाते हैं।

इसके बावजूद समझना मुश्किल है कि संवेदनशील प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह भरोसेमंद बनाने के व्यावहारिक उपाय क्यों नहीं जुटाए जाते। अधिकार क्षेत्र और कानूनी औपचारिकताओं का पहलू अलग हो सकता है, मगर यह जानते-समझते हुए कि एक ऐसे आरोपी के पकड़ में आने के बाद, जिसे पुलिस तीन साल से तलाश रही थी, लापरवाही बरती जाए, तो सामान्य सुरक्षा के मामलों में उससे भला किस तत्परता उम्मीद की जा सकती है। दिल्ली देश की राजधानी है और यहां सुरक्षा के मामले में किसी भी तरह की चूक या लापरवाही किसी बड़ी वारदात का मौका दे सकती है। मगर वहां भी आए दिन हत्याएं और बलात्कार की घटनाएं दर्ज होती हैं। यह सुरक्षा इंतजाम में खामी नहीं तो और क्या है।

जब दिल्ली की संवेदनशील जगहों, जम्मू-कश्मीर के आतंकवाद प्रभावित इलाकों, यहां तक कि संसद की सुरक्षा में लापरवाही देखी जा रही है, तो सामान्य नागरिक ठिकानों पर सुरक्षा इंतजामों को लेकर कितना भरोसा किया जा सकता है। लगभग सभी राज्य लचर कानून-व्यवस्था के चलते अपराधों पर नकेल कसने में विफल साबित हैं। स्त्रियों के खिलाफ हिंसा और यौन अत्याचार के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे।

ऐसे में अगर बलात्कार का एक आरोपी सबसे सख्त पहरे से निकल भागने में कामयाब होता है और जवाबदेह विभाग परस्पर कानूनी दायरे की नुक्ताचीनी में उलझे देखे जाते हैं, तो इससे दूसरे अपराधियों का मनोबल बढ़ता ही है। आमचुनाव नजदीक हैं और उस दौरान सुरक्षा घेरे में चलने वाले लोगों की खुले में आवाजाही बढ़ेगी। अगर आंतरिक सुरक्षा को लेकर इसी तरह की लापरवाहियां बनी रहीं, तो मुश्किलें शायद ही कम हों।

## दयानिधि मारन का हिंदीभाषियों का उपहास करना शर्मनाक

दयानिधि मारन जिन तबकों को कमतर बता रहे हैं राज्य में उनकी पार्टी उनके हित में ही सामाजिक न्याय का दावा करती है।

दक्षिण भारत के कई नेता अक्सर ऐसे बयान देते देखे जाते हैं, जिनमें हिंदी भाषियों या उत्तर भारत के लोगों के प्रति अपमान या उपहास का भाव होता है। मामले के तूल पकड़ने के बाद सफाई के तौर पर 'अलग आशय होने' जैसे बहाने की आड़ ले ली जाती है, मगर कुछ दिनों बाद फिर उसी तरह के बयान यही दर्शाते हैं कि भारत के ही एक हिस्से के लोगों के प्रति दक्षिण भारत के कुछ नेताओं के भीतर एक विचित्र कुंठा और दुराग्रह मौजूद है।

ताजा मामला तमिलनाडु की सत्ताधारी पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कषगम सांसद दयानिधि मारन के बयान का है, जिसमें उन्होंने इतना भी खयाल रखना जरूरी नहीं समझा कि जिन लोगों के बारे में वे अपने आग्रह दर्शा रहे हैं, वे शौक से नहीं, बल्कि मजबूरी में अपने परिवार का जीवन चलाने के लिए अन्य राज्यों में जाते हैं।

सुर्खियों में आए वीडियो में दयानिधि मारन ने कहा कि अंग्रेजी जानने वाले लोग सूचना तकनीक कंपनियों में मोटी तनख्वाह पाते हैं, जबकि उत्तर प्रदेश या बिहार से तमिलनाडु आने वाले हिंदीभाषी लोग या तो निर्माण कार्य करते हैं या फिर सड़क या शौचालय साफ करने जैसी छोटी-मोटी नौकरियां करते हैं।

जाहिर है, उनके इस बयान के बाद एक बड़े तबके में भारी नाराजगी पैदा हुई, जो देश के भीतर भाषा, क्षेत्र और समुदाय के आधार पर विभाजन पैदा करने की कोशिशों का विरोध करते हैं। हालांकि इस मसले पर उठे विवाद के बाद द्रमुक ने इसे दयानिधि का पुराना बयान बताया, मगर सवाल है कि क्या किसी भी तर्क पर हिंदी भाषा और प्रवासी मजदूरों पर इस तरह की अपमानजनक और एक बड़े तबके की मेहनत को खारिज करने वाले बयान को उचित ठहराया जा सकता है?

हिंदीभाषियों को लेकर ऐसे नेताओं का पूर्वाग्रह क्या देश की एकता की भावना को चोट नहीं पहुंचाता है? क्या वजह है कि अक्सर दक्षिण भारत और खासकर तमिलनाडु के नेता उत्तर भारत और हिंदीभाषी लोगों के बारे में ऐसे अपमानजनक बयान देते रहते हैं?

संभव है कि यह उन्हें अपनी स्थानीय राजनीति को बचाने का जरिया लगता हो, लेकिन एक बड़े तबके के प्रति उपेक्षा या उपहास का भाव दर्शा कर वे अपनी विचारधारा और राजनीति की किस सीमा को जाहिर करते हैं!

विडंबना है कि दयानिधि मारन जिन तबकों को कमतर बता रहे थे, राज्य में उनकी पार्टी उनके हित में ही सामाजिक न्याय का दावा करती है। बिहार और उत्तर प्रदेश से अगर कुछ लोग तमिलनाडु जाकर अपनी जीविका चलाने के लिए मेहनत-मजदूरी करते हैं, तो उन्हें किस तर्क और विचार के आधार पर कमतर माना जाना चाहिए?

दुनिया के किस दर्शन में मेहनतकश लोगों का इस आधार पर उपहास उड़ाया जाता है? सूचना तकनीक के क्षेत्र में रोजगार की अपनी अहमियत है, लेकिन किसी भी देश या राज्य के विकास में इमारतों से लेकर सड़कों के निर्माण या साफ-सफाई के काम की कम भूमिका नहीं। क्या इसके बिना कोई भी राज्य या देश खुद को विकास की कसौटी पर पूर्ण बता सकता है?

मेहनत-मजदूरी के काम को इस तरह हेय बता कर क्या श्रम के आधार पर व्यक्ति और समुदाय की पहचान का श्रेणीकरण नहीं किया जाता है? किसी भी भाषा, काम या पेशे को सम्मान देने से उस पहचान से जुड़े लोगों के दायरे का विस्तार होता है। फिर इस देश में हिंदी की जो जगह रही है, उसमें इसके प्रति नाहक दुराग्रह पालने वाले लोग क्या हासिल कर लेंगे?

# इक्कीसवीं सदी में भव्य आकार लेती पुरातन अयोध्या

**डॉ. राधे श्याम द्विवेदी**

छः साल पहले योगी सरकार आने के बाद अयोध्या की तस्वीर बदलनी शुरू हुई। फैजाबाद जिला और कमिश्नरी हेडक्वार्टर का नाम हटा कर अयोध्या को यह दर्जा दे दिया गया। साथ ही अयोध्या के नाम पर निगम और विकास प्राधिकरण के नाम बदल दिए गए।

सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसले के बाद साल 2020 में राम मंदिर के निर्माण की शुरुआत हुई। रामजन्म भूमि परिसर कभी 70 एकड़ का था। आज रामजन्म भूमि परिसर करीब 100 एकड़ में विस्तारित हो चुका है। विशाल परिसर की पूरी तरह सफ़ाई कराने के बाद उसमें से दो एकड़ ज़मीन को मंदिर के लिए चुना गया। हज़ारों करोड़ की लागत से बनने वाले इस नए राम मंदिर के सज सज्जा अब अपने अंतिम चरण में है।

### दो लाख श्रद्धालुओं का प्रतिदिन आना जाना संभावित

इस समय करीब 30 हजार करोड़ की परियोजनाओं पर काम चल रहा है। देश और विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के रुकने के लिए 15 नए होटल बन रहे हैं। साथ ही 32 होटल लाइसेंस पाने की प्रकिया पूरी कर रहे हैं। इसके अलावा अन्य छोटे होटल रेस्टोरेंट गेस्ट हाउस, होम स्टे और धर्मशालाएं भी बन रही हैं। रामलला की प्राण प्रतिष्?ठा से पहले सारे काम पूरे हो जाएंगे। राममंदिर के निर्माण के साथ जिस तरह से अयोध्या में देर भर के श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ी है, उससे मंदिर ट्रस्ट और प्रशासन को अनुमान है कि अगले दो सालों में रोजाना डेढ़ से दो लाख श्रद्धालु अयोध्या पहुंचने लगेंगे। बाहर से आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं को सुविधाएं मुहैया कराने को लेकर प्रयास किए जा रहे हैं।

### डबल इंजन की सरकार में परिवर्तन की मुहिम

छः साल पहले योगी सरकार आने के बाद अयोध्या की तस्वीर बदलनी शुरू हुई। फैजाबाद जिला और कमिश्नरी हेडक्वार्टर का नाम हटा कर अयोध्या को यह दर्जा दे दिया गया। साथ ही अयोध्या के नाम पर निगम और विकास प्राधिकरण के नाम बदल दिए गए। यहां तक कि केंद्र सरकार के संस्थान फैजाबाद रेलवे स्टेशन और फैजाबाद डाकघर के नाम भी अयोध्या कैंट और अयोध्या डाकघर कर दिए गए। बीजेपी की डबल इंजन की सरकार के दौरान अयोध्या परिवर्तन की मुहिम यहीं नहीं रुकी।

### अयोध्या की बदल रही तस्वीर

अयोध्या के भ०?य राम मंदिर के निर्माण के साथ अयोध्या की तस्वीर बदल रही है। केंद्र की मोदी सरकार और यूपी की योगी सरकार दोनों के फोकस में अयोध्या है। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार मिलकर अयोध्या में 30,000 करोड़ से भी ज़्यादा के डेवलपमेंट प्रोजेक्ट शुरू कर चुके हैं। जब से राम मंदिर के निर्माण का कार्य शुरू हुआ है और एक अस्थाई स्थान पर रामलला की मूर्ति रखी गई है, तब से दर्शन करने वालों का तांता लगा हुआ है। अयोध्या को विश्वस्तरीय नगरी बनाने के काम के साथ पूरे पूर्वांचल का भी विकास हो रहा है। कुछ व्यापारी अव्यवस्थित हुए। उनका व्यापार प्रभावित हुआ फिर भी यहां के व्यापारी और नागरिक प्रसन्न है। दिन रात काम चल रहा है। नित नित नव अयोध्या का स्वरूप निखर रहा है। शहर में स्वच्छता बढ़ा है, गलियां साफ़ हैं। आए दिन प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री आ रहे हैं, तो निश्चित रूप से उसका लाभ वहां के स्थानीय लोगों को मिल रहा है। हां बाहर के श्रद्धालुओं पर पाबंदियां जरूर खलती है। इक्कीसवीं सदी की नव अयोध्या रोज का रोज बदलती जा रही है।

### परिवर्तन को तरस रही अयोध्या का द्रुत गति से विकास

भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 अगस्त, 2020 को अयोध्या में राम मंदिर की आधारशिला रखी थी। देश का राजनीतिक परिदृश्य परिवर्तित कर देने वाली अयोध्या 500 साल से परिवर्तन को तरस रही थी। पीढ़ियों का संघर्ष अब मंदिर निर्माण के रूप में फलित हो रहा है। मात्र चार वर्ष में ही अयोध्या विकास के उस पथ पर अग्रसर है, जिसकी कल्पना मुदित करती है। संकरी गलियों के जाल से मुक्त राम लला के दरबार का विस्तार हो चुका है। कभी जेल नुमा रास्तों से राम लला के दरबार में पहुंचना पड़ता था। वर्तमान में 90 फीट चौड़ा आधुनिक सुविधाओं से युक्त पथ आस्था की राह सुगम कर रहा है। रामनगरी हर उस सुविधा से सुसज्जित हो रही है जो उसकी गरिमा के अनुकूल है। यहां के संत तो यहां तक कहते हैं कि अयोध्या का सुंदरीकरण या तो महाराज विक्रमादित्य ने कराया था, या फिर अब मोदी और योगी के युग में हो रहा है।

### राम के आगमन जैसा उल्लास

रामचरित मानस की यह पंक्ति यहां साकार रूप ले रही है-
अवधपुरी प्रभु आवत जानी, भई सकल सोभा कै खानी।
लंका विजय के बाद भगवान श्रीराम जब अयोध्या लौट रहे थे, तब उनके आगमन की खुशी में रामनगरी इस तरह सजाई गई कि शोभा की खान हो गई थी। 22 जनवरी को राम लला की नए मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा है। अयोध्या में इसका उल्लास भगवान राम के आगमन जैसा ही है।

जिस अयोध्या को कभी श्रीराम ने वैकुंठ से भी प्रिय बताया था, उसने विकास की वैसी प्रतीक्षा की है, जैसी उसने त्रेता में वनवास पर गए अपने राम के लिए की थी। सरकार के प्रयासों से रामनगरी को इस तरह सजाया और संवारा जा रहा है, जो निकट भविष्य में पूरी दुनिया को आकर्षित करेगी।

### राम की भव्य पैड़ी

गंदे नाले में तब्दील हो चुकी राम की पैड़ी को करीब 50 करोड़ रुपये की लागत से सजाया गया है। यह अब आस्था के साथ पर्यटन का केंद्र बन चुकी है। यहां के पंपिंग स्टेशनों की क्षमता बढ़ाई गई है। हर शाम लेजर शो व लाइट एंड साउंड सिस्टम शो के जरिये रामकथा की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र होती है। रोज की शाम कुछ नया लुक दे रही है।

### मठ-मंदिरों की भी आभा लौट रही है

रामनगरी की समृद्ध स्थापत्यकला व प्राचीनता के गवाह मठ-मंदिरों की भी आभा लौट रही है। करीब 65 करोड़ की लागत से रामनगरी के 37 प्राचीन मंदिरों का सुंदरीकरण कराया जा रहा है। अगले कुछ ही महीनों में ये मंदिर भक्तों को आकर्षित करते नजर आएंगे।

### सौर ऊर्जा और पार्किंग में वृद्धि

बदलती अयोध्या में रामनगरी की गलियों को भी चमकाया जा रहा है। 73 करोड़ की लागत से अयोध्या धाम के 15 वार्डों की गलियों को सौर ऊर्जा से जगमग करने की योजना पर काम शुरू हो चुका है। अयोध्या में कौशलेश कुंज पर एक, टेढ़ी बाजार में दो मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। यहां भक्त अपने चारपहिया व दो पहिया वाहन पार्क कर सकेंगे।

### लता मंगेशकर चौक नए रूप में

रामनगरी का नयाघाट चौराहा अब लता मंगेशकर चौक के नाम से प्रसिद्ध है। नयाघाट चौराहा पहले मात्र 30 फीट चौड़ा हुआ करता था। मेलों के दौरान यहां भीड़ नियंत्रण में पसीना छूट जाता था। वर्तमान में यह चौराहा 100 फीट चौड़ा हो चुका है। लता मंगेशकर की स्मृति में चौक पर स्थापित 40 फीट लंबी वीणा भक्तों को आकर्षित करती है। यहां हमेशा लता मंगेशकर के भजन गूंजते रहते हैं। हर कोई इसे अपने कैमरे में कैद कर रहा है।

### रामकथा संग्रहालय की उपयोगिता बढ़ी

नयाघाट स्थित रामकथा संग्रहालय वर्षों से निष्प्रयोज्य पड़ा था। अब इसे श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को समर्पित कर दिया गया है। ट्रस्ट इसका नए सिरे से सुंदरीकरण कराने जा रहा है। यहां मंदिर आंदोलन का इतिहास दर्शाया जाएगा। अन्य सांस्कृतिक व धार्मिक गतिविधियां संचालित होंगी।

### अंतरराष्टीय रामायण वैदिक शोध संस्थान की रिमॉडलिंग

अयोध्या शोध संस्थान का नाम भी सरकार ने बदल दिया है। अब अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान के नाम से इसे जाना जाएगा। 17 करोड़ की लागत से इसकी रिमॉडलिंग का काम चल रहा है। यहां भगवान राम से जुड़े साहित्य पर अध्ययन होंगे। रामलीला से जुड़े लोगों को रोजगार दिया जाएगा। संस्थान में विश्व के विभिन्न भाषाओं में रचित रामायण पर आधारित ग्रंथों, पुरातन परंपरा के वैदिक मंत्रों व इन पर लिखे गए विभिन्न टीकाओं पर अनुसंधान होगा। देश व विदेश के शोध छात्रों को जोड़ा जाएगा।

### प्राचीन कुंडों की लौट रही गरिमा

रामनगरी की पौराणिकता के गवाह प्राचीन कुंडों का सुंदरीकरण कराया जा रहा है। इनमें से गणेश कुंड, हनुमानकुंड, स्वर्णखनि कुंड का अस्तित्व मिटने के कगार पर था। अब ये कुंड पर्यटन का केंद्र बन चुके हैं। सूर्यकुंड पर हर शाम लेजर शो देखने के लिए भीड़ उमड़ती है। इसी तरह दंतधावन कुंड, अग्निकुंड, खर्जुकुंड, विद्याकुंड की भी गरिमा लौट रही है। ये पर्यटन का केंद्र बन चुके हैं।

### श्रीरामजन्म भूमि का श्रद्धा पथ सजा

बिरला धर्मशाला वा सुग्रीव किले से श्रीराम जन्म भूमि मंदिर मार्ग तक .566 किमी का फोर लेन तैयार किया जा रहा है, जिसका नाम जन्म भूमि पथ रखा गया है। इसके निर्माण में जमीन खरीदने से लेकर अन्य निर्माण में 83.33 करोड़ का खर्च आ रहा है। राम भक्त अब अपने आराध्य का दर्शन जन्मभूमि पथ से कर सकेंगे। 90 फीट चौड़ा यह मार्ग आधुनिक सुविधाओं से सज्जित हो रहा है। मार्ग पर भव्य प्रवेश द्वार बन रहा है। यहां आधुनिक लाइटें लग रही हैं। मार्ग पर केनोपी का निर्माण हो रहा है। समस्त मूलभूत सुविधाएं भी विकसित की जा रही हैं। पथ के दोनों किनारों पर रामकथा के प्रसंगों से सजी दीवारें आकर्षित करेंगी।

सहादतगंज से नयाघाट तक 13 किलोमीटर के मार्ग को रामपथ के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह मार्ग कभी 40 फीट चौड़ा हुआ करता था। अब 80 फीट हो गया है। इस मार्ग पर सोलर लाइट व सूर्य स्तंभ लगाए जा रहे हैं।

# वैश्विक सभ्यता, संस्कृति को विश्व युद्ध से बड़ा खतरा

अंतर्राष्ट्रीय न्यूज़ एजेंसी के अनुसार अमेरिकी अरबपति निवेशक जॉर्ज सोरस ने सचेत किया है कि रूस और चीन का सीमा विहीन गठबंधन वैश्विक शांति एवं सभ्यता के लिए खतरनाक हो सकता है। यदि पुतिन और शी जिनपिंग के बीच का गठजोड़ रूस यूक्रेन युद्ध में कारगर साबित होता है तो विश्वयुद्ध की संभावनाएं बढ़ जाएंगी और विश्व युद्ध वर्तमान की मानवीय सभ्यता के लिए एक गतिहीन अवरोध होगा। इस अरबपति अमेरिकी निवेशक जॉर्ज सोरस ने दावोस में अपने वार्षिक प्रतिवेदन में कहा है कि दुनिया को इस युद्ध को जल्द से जल्द समाप्त करने का प्रयास करना चाहिए और इसमें पूरे संसाधन झोंक देने चाहिए। वैश्विक सभ्यता को संरक्षित, पल्लवित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ और संभवत एकमात्र तरीका पुतिन को जल्द से जल्द हराना होगा। यह हमला तीसरे विश्वयुद्ध की शुरुआत कर सकता है और हमारी सभ्यता इसे झेल नहीं पाएगी और तहस-नहस हो जाएगी। शाहरुख ने दावा किया है कि पुतिन ने शी जिनपिंग को पहले से ही बता दिया था और दोनों नेताओं की बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में 4 फरवरी को मुलाकात भी हुई थी दोनों ने एक लंबा बयान जारी कर घोषणा की थी कि उन दोनों के बीच संबंधों की और सहयोग की कोई सीमा नहीं है। पुतिन ने सी जिनपिंग को यूक्रेन के विरुद्ध विशेष सैन्य अभियान की जानकारी भी दे दी थी। तब शी जिनपिंग ने पुतिन से ओलंपिक खेलों के होते तक सैन्य अभियान रोकने की बात कही थी। इसी बीच रूस के एक राजदूत ने इस्तीफा देकर पुतिन की इस कार्रवाई का खुलकर विरोध किया था और युद्ध में मारे गए सैनिकों के परिवार ने भी रूस में अपना विरोध दर्ज किया है। पुतिन को अपनी गलतियों का अब धीरे-धीरे एहसास हो रहा है जब यूक्रेन में रहने वाले रूसी भाषा के नागरिकों ने यूक्रेन पर हमले की घोर निंदा की है जबकि पुतिन को उनके समर्थन आशा थी जबकि ऐसा कुछ हुआ नहीं।

पुतिन को अब यह एहसास हो गया है कि उन्होंने यूक्रेन पर आक्रमण करके एक बड़ी गलती की है। अब वह संघर्ष विराम के लिए पृष्ठभूमि तैयार करने में लगे हैं जो वर्तमान संदर्भों में संभव नहीं है। क्योंकि विश्व समुदाय का रूस पर भरोसा खत्म हो चुका है। अब या तो पुतिन अपनी हार छुपाने के लिए चाइना की मदद विश्व युद्ध लेंगे या फिर अपनी हार स्वीकार कर अपने पद से इस्तीफा देकर पलायन कर जाएंगे। रूस यूक्रेन युद्ध मैं आज तक कुल मिलाकर 30 लाख करोड़ों रुपए खर्च हो चुके हैं और युद्ध खत्म होने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है।

अमेरिका सहित नैटो देश के सदस्य और अन्य यूरोपीय सदस्य लगातार यूक्रेन की आर्थिक तथा सामरिक मदद करते आ रहे हैं और इस स्थिति में रूस ही कमजोर नजर आ रहा है क्योंकि रूस के तमाम कमांडर और सैनिकों का मनोबल अब लगातार गिरते जा रहा है, इसके पश्चात रूस के नागरिक भी इस युद्ध के अंदरूनी खिलाफ है जबकि यूक्रेन के नागरिक उसी हौसले और उत्साह के साथ अपने नेता जेलेंस्की के साथ खड़े हुए हैं।




# कुश्ती को बहुत नुकसान पंहुचाया कुश्ती संघ के विवाद ने



**अशोक मधुप**

पिछले लगभग एक साल के भारतीय कुश्ती संघ के विवाद ने कुश्ती को बहुत नुकसान पहुंचाया।यह नुकसान दीख नही रहा किंतु इसकी भारपायी के लिए बड़ा प्रयास करना होगा।खेल मंत्रालय ने नवनिर्वाचित भारतीय कुश्ती संघ को निलंबित कर इस खेल को बचाने के लिए बड़ा संदेश दिया है। खेल मंत्रालय ने भारतीय ओलंपिक एसोसिएशन (आईओए) से फेडरेशन का कामकाज चलाने के लिए एक तदर्थ समिति बनाने को कहा है।खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती संघ का संचालन राष्ट्रीय खेल विकास संहिता में दिए राष्ट्रीय खेल फडरेशन के कामकाज की तरह करना सुनिश्चित करने को कहा गया है।यह व्यवस्था अगले आदेश तक जारी रहेगी।

भारतीय कुश्ती संघ के बीते गुरुवार को चुनाव कराए गए थे। इसमें संघ के पूर्व प्रमुख और बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह अध्यक्ष चुने गए थे।चुने जाते ही संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह के अंडर-15 और अंडर-18 का ट्रायल गोण्डा के नंदिनी नगर में आयोजित कराने की घोषणा की थी। यह क्षेत्र सांसद बृजभूषण शरण सिंह का गृह जनपद है। वर्तमान में सांसद बृजभूषण शरण सिंह के बेटे यहां से विधायक हैं।सरकार ने इस ट्रायल को ही रद्द कर दिया है। इस चुनाव का अंतरराष्ट्रीय पहलवान विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया ने विरोध किया था। बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों की इस लड़ाई में ये तीनों पहलवान प्रमुख रूप से शामिल थे. कुछ महिला पहलवानों ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन शोषण के आरोप लगाए थे।संजय सिंह के चुनाव के बाद ओलंपिक पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने कुश्ती से संन्यास लेने की घोषणा की थी। वहीं बजरंग पूनिया ने अपना %पद्मश्री% लौटा दिया था।हरियाणा के पैरा एथलीट वीरेंद्र सिंह ने पद्म श्री लौटाने का एलान किया था।

दरअस्ल इस चुनाव को रद्द करने का कारण सरकार का सांसद बृजभूषण शरण सिंह को झटका देना था । इनके बेटे और नजदीकियों ने अंडर-15 और अंडर-18 का ट्रायल गोण्डा के नंदिनी नगर में आयोजित कराने की घोषणा के बाद क्षेत्र में बड़े हार्डिंग लगवाए थे कि दबदबा तो है, दबदबा रहेगा...ये भगवान की देन है। ये वही पोस्टर हैं जिनका प्रदर्शन सांसद के विधायक बेटे प्रतीक भूषण शरण सिंह ने भी खुलेआम किया था। चुनाव के रद्द होने के बाद गाड़ियों से भी %दबदबा% वाले स्टीकर और चौराहों पर लगे हार्डिंग भी हटा दिए गए।चुनाव के बाद नए अध्यक्ष की अंडर-15 और अंडर-18 का ट्रायल गोण्डा के नंदिनी नगर में आयोजित कराने की घोषणा और ये पोस्टर सांसद बृजभूषण शरण सिंह और उनके नजदीकियों के इरादे बताने के लिए काफी था। वरन स्टेडियम तो पूरे देश में बने हैं। कहीं और भी ट्रायल हो सकते थे। ये ट्रायल गोण्डा के नंदिनी नगर में ट्रायल कर विरोध करने वाले पहलवानों को अपना प्रभाव और दबदबा बताना चाहते थे।इससे बडी बात क्या होगी कि इन ट्रायल की तारीख तै करते समय एसोसिएशन के सचिव की सहमति भी नहीं ली गई ।न उन्हें ट्रायल की तारीख तै होने की जानकारी है। जबकि एसोससिएशन के संविधान के अनुसार ये होना चाहिए था। एसासिएशन के नवनिर्वाचित प्रधान सचिव प्रेम चंद लोचब ने इस निर्णय पर आपत्ति जताते हुए भारतीय ओलिंपिक संघ को पत्र लिख कर बताया था कि सचिव की जानकारी के बिना ये निर्णय लिए गए हैं जबकि कुश्ती संघ का संविधान कहता है कि सचिव की अनुपस्थिति में न तो निर्णय लिए जा सकते हैं और न ही कोई और अधिकारी इन निर्णयों की जानकारी प्रसारित कर सकता है।

छह माह से ज्यादा पहले पहलवानों के विरोध के बाद भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को कुश्ती संघ के अध्यक्ष के पद से हटा दिया था। नवनिर्वाचित भारतीय कुश्ती संघ के निलंबन के बाद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा था कि अब उनका कुश्ती से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि कुश्ती को लेकर क्या करना है, इसका फैसला नए चुए गए पदाधिकारियों को करना है। उन्होंने कहा कि उनके पास कई और भी काम हैं। उन्होंने कहा कि वो इस खेल की राजनीति से दूर रहेंगे।ये घोषणा उन्होंने भाजपा के अध्यक्ष जेपी नडडा से मिलने के बाद की। लगता है कि पार्टी अध्यक्ष जेपी नडडा ने उन्हें समझा दिया कि टिकट बचाना है तो कुश्ती से दूर रहें। हालाकि उन्होंने कह दिया कि कुश्ती से उनका कोई लेना ङ्क देना नही है जबकि सच्चाई यह है पद से हटने के छह माह बाद भी कुश्ती संघ का कार्यालय उनके घर पर चल रहा है।

कुश्ती संघ को निलंबित किए जाने के बाद आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले अनुभवी पहलवान बजरंग पूनिया ने कहा, %%यह सही निर्णय लिया गया है। जो हमारी बहन-बेटियों के साथ अत्याचार हो रहा है उसके खिलाफ संबंधित लोगों को पूरी तरह से हटाया जाना चाहिए। हमारे ऊपर कई इल्जाम लगाए गए। राजनीति की गई। जब हम पदक जीतते हैं तो देश के होते हैं। हम खिलाड़ी कभी भी जात-पात नहीं देखते। एक साथ एक थाली में खाते हैं। हम अपने तिरंगे के लिए खून-पसीना बहाते हैं।वहीं इस पर ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक ने कहा है कि यह उनका (बृजभूषण सिंह) राजनीतिक एजेंडा है, उस पर उन्हें कुछ नहीं कहना है।साक्षी ने कहा कि उनकी %लड़ाई सरकार से नहीं बल्कि एक व्यक्ति से है.%। कुश्ती खिलाड़ी विनेश फोगाट ने एक निजी चैनल से बात करते हुए कहा, ये अच्छी ख़बर है. हम चाहेंगे कि इस पद पर कोई महिला आनी चाहिए ताकि ये संदेश जाए कि महिलाएं आगे बढ़ें. जो भी हो कोई अच्छा आदमी आना चाहिए.।

पिछले एक साल से चले आ रहे कुश्ती संघ के विवाद ने कुश्ती का बहुत नुकसान पहुंचाया है। कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह पर महिला पहलवानों के आरोप लगने के बाद से ही सरकार को उन्हें हटा देना चाहिए था, किंतु ऐसा नही हुआ। इसका परिणाम यह है कि आज अभिभावक खेल में अपनी बेटी का भेजते कई बार सोचेंगे।वे पहले ही अपनी बेटी की सुरक्षा और सम्मान को लेकर चिंतित रहते हैं, इस प्रकरण ने उनकी चिंता और बढ़ायी है। अब वे बेटी को खेल विशेषकर कुश्ती में भेजते कई बार सोंचेंगे।सरकार ने नए चुनाव का भले ही रद्द कर दिया हो किंतु लंबे समय से कुश्ती संघ में दबदबा कायम रखे बृजभूषण सिंह और उनके नजदीकी चुप नही बैठने वालें नही हैं।वे सरकार के इस निर्णय के विरूद्ध कोर्ट जांएगे।इनका प्रयास होगा कि कुश्ती संघ उनके हाथ से न जा पाए।

सरकार ने नए चुनाव को रद्द करके यह संदेश देने का प्रयास किया है कि निश्चित रूप से कुश्ती संघ को नियमों का पालन करना होगा और किसी तरह की कोई कोताही बरतने से परहेज़ रखना होगा।खेल संघ से राजनैतिक लोगों को दूर रखने के लिए सरकार को काम करना चाहिए।खिलाड़ी भी यदि राजनीति में आ जाए तो उसे भी खेल संघ से बाहर ही रखा जाना चाहिए। सुपरिम कार्ट भी खेल संघों में राजनैतिक दख्ल को लेकर चिंता जता चुका है। किंतु हुआ कुछ नही।खेल संघे में खिलाडी होने चाहिए।वे खेल और खिलाड़ी को ज्यादा समझते हैं। राजनेता नहीं।मंत्रालय को बेपटरी हुए कुश्ती संघ को पटरी पर लाने उसमें खिलाडियों और पहलवानों का विश्वास जमाने को बहुत कुछ करना होगा।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
गुरुवार 28 दिसंबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### रायबरेली : घने कोहरे में हाइड्रा -ट्रैक्टर की भिड़ंत में ट्रैक्टर चालक की मौत

रायबरेली । उत्तर प्रदेश में रायबरेली के बछरांवा इलाके में बुधवार सुबह घने कोहरे की वजह से हाइड्रा और ट्रैक्टर की भिड़ंत में ट्रैक्टर चालक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बछरांवा इलाके के फ्लाईओवर के नीचे लखनऊ प्रयागराज हाइवे पर आज सुबह करीब 7 बजे हाइड्रा क्रेन मशीन और ट्रैक्टर की घने कोहरे के कारण भीषण भिड़ंत हो गयी, जिसकी चपेट में आकर ट्रैक्टर चालक की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार सुबह इतना घना कोहरा था जिसकी वजह से आसपास की दृश्यता बहुत कम रह गयी थी। उसकी समय फ्लाईओवर पुल के पहले लखनऊ जाने वाले रास्ते की तरफ हाइड्रा क्रेन मशीन और ट्रैक्टर की भिड़ंत हो गयी। इस भिड़ंत में बन्नावा के रहनेवाले ट्रैक्टर चालक सौरभ (25) गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे जब अस्पताल पहुंचाया गया तो वहां डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर उसका पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस को कोई तहरीर नही मिली थी इसलिए अभी कोई मुकदमा दर्ज नही हुआ है। पुलिस का कहना है जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

### महापौर ने सफाई कर्मियों की कराई परेड

कानपुर। बुधवार को महापौर प्रमिला पांडेय ने सफाई कर्मचारियों की परेड करा दी। नगर निगम मुख्यालय कर्मचारियों को बुलाया गया और उनकी अटेंडेंस चेक की गई। 110 कर्मचारियों में 32 कर्मचारी बिना कारण गायब मिले। जिसके बाद उनकी नौकरी पर तलवार लटक गई है। दरअलस, महापौर ने 110 सफाई कर्मचारियों का विशेष दस्ता तैयार किया है। हर वार्ड से एक-एक सफाई कर्मचारी लिया गया है। बुधवार सुबह सभी सफाई कर्मियों को नगर निगम मुख्यालय बुलाया गया। सभी 110 कर्मचारियों की पहले महापौर ने अटेंडेंस चेक की, जिसमें 32 कर्मचारी अब्सेंट मिले। महापौर ने बताया कि सभी जोन में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। एक-एक हफ्ते का रोस्टर तैयार किया जाएगा, वहां सभी 110 कर्मचारियों को लगाकर सफाई कराई जाएगी। इससे रूटीन सफाई व्यवस्था भी प्रभावित नहीं होगी और हर दिन अभियान जारी रहेगा। बिना कारण सूचना दिए गायब होने पर अब्सेंट कर्मचारियों की महापौर ने जमकर क्लास लगाई। 36 कर्मचारी गायब थे, हालांकि 4 कर्मचारी आनन-फानन आ गए। इस पर महापौर ने उन्हें जमकर फटकारा। कड़े निर्देश दिए कि काम करना पड़ेगा, इससे कोई समझौता नहीं होगा। दोबारा बिना कारण गायब होने पर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. अजय संखवार भी मौजूद रहे।

### बलरामपुर में वकीलों ने किया प्रदर्शन

बलरामपुर। बलरामपुर के देहात थाना क्षेत्र के धुसाह गांव में अधिवक्ता की जमीन पर भूमाफियाओं द्वारा कब्जा किए जाने तथा कार्रवाई न होने से नाराज अधिवक्ताओं ने बुधवार को जमकर हंगामा किया। बलरामपुर-बहराइच मार्ग पर तहसील गेट के सामने धरना प्रदर्शन करते हुए विरोध जताया। बताया जा रहा है की देहात थाना क्षेत्र के धूसाह गांव निवासी हरिकांत यादव एडवोकेट की जमीन पर कुछ भूमाफिया अवैध कब्जा कर रहे थे। जिसकी शिकायत देहात थाना एवम उपजिकाधिकारी से की गई थी। भूमाफियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जा हटाने की मांग की गई थी लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी जब अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। बुधवार को अधिवक्ता आंदोलित हो गए तथा तहसील गेट के सामने बलरामपुर बहराइच राष्टीय राज मार्ग कमलेश्वर सिंह के नेतृत्व में धरने पर बैठ गए। अधिवक्ताओं ने पुलिस एवम प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और भूमाफियों से मिली भगत का आरोप लगाते हुए कब्जे की जमीन को खाली कराने की मांग की। आक्रोशित अधिवक्ताओं के आंदोलन को देखते हुए तहसील गेट पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया।

### मऊ में मुख्तार के लोगों ने कब्जा की जमीन

मऊ। मऊ जनपद में भू-माफिया का वर्चस्व कायम है। नगर के डोमनपुरा मुहल्ले में एक जमीन पर अवैध कब्जा करने का मामला सामने आया है। पीड़ित व्यक्ति अवैध कब्जे की जिलाधिकारी से शिकायत कर चुका है, लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। पीड़ित व्यक्ति द्वारा पिछले कई सालों से न्याय के लिए अधिकारियों के कार्यालय का चक्कर लगाया जा रहा है। आपको बता दें यह पूरा मामला सदर तहसील के थाना दक्षिण टोला क्षेत्र अंतर्गत डोमानपुरा मुहल्ले का है। पीड़ित मकसूद अहमद ने बताया कि माफिया मुख्तार अंसारी के लोगों द्वारा मेरी जमीन पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में पुलिस और प्रशासन को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने बताया कि पिछले 32 सालों से इस जमीन का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इसी के साथ मामले में न्यायालय से स्टे लिया जा चुका है। लेकिन कुछ लोग कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। न्यायालय द्वारा स्टे के बावजूद भी इन लोगों ने लेखपाल और कानूनगो को साथ लेकर पैमाईश करने पहुंचे। हम लोगों के मना करने के बाद हमें धमकाया गया। पीड़ित आमिर फैसल ने बताया कि इन लोगों का संबंध मुख्तार अंसारी से है।

### नदी में उतराता मिला युवक का शव

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर में लापता युवक का शव नदी में उतराता मिला है। परिजनों ने जमीन विवाद में हत्या कर शव को नदी में फेंकने का आरोप लगाया है। नदी के बाहर युवक की चप्पलें और मफलर मिला था। उसके बाद से गोताखोरों ने युवक की नदी में तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के गांव कारी मकुआपुर निवासी 37 साल का पप्पू 24 दिसंबर को मछली खरीदने की बात कहकर घर से निकला था। पप्पू बाजार जाने के बजाय अपने खेत की रखवाली करने चला गया। खेत से वापस लौटते समय उनका कुछ लोगों से विवाद हो गया, जिनसे जमीन को लेकर पुरानी रंजिश चल रही थी। आरोप है कि उन्हीं लोगों ने पप्पू की हत्या करने के बाद शव को नदी में फेंक दिया। घर नही पहुंचने पर परिजन उसकी तलाश करते रहे। खेत के आसपास उनकी तलाश की तो नदी किनारे चप्पलें और मफलर पड़ा मिला। उसके बाद गांव के ही व्यक्ति ने बताया कि नदी में एक व्यक्ति का शव उतरा रहा है। उसके बाद परिजनों ने मौके पर पहुंचकर देखा तो शव पप्पू का था। उसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि, खेत को लेकर गांव के रहने वाले कुछ लोगों से उनका विवाद चल रहा था। कई बार उन लोगों ने मारने की धमकी भी दी थी।

### इंगेजमेंट टूटने के बाद युवती ने किया सुसाइड

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर में इंगेजमेंट टूटने के बाद एक युवती ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। युवती ने अपने कमरे में दुपट्टे से फांसी लगा लगी। लड़के पक्ष ने दोनों के गुण न मिलने की बात कहकर शादी तोड़ दी थी। लड़के और लड़की के 18 से कम गुण मिल रहे थे। हालांकि लड़की की इंगेजमेंट और शादी दोनों की डेट निकल आई थी। घटना के बाद परिवार के लोगों ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लड़की के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लड़की पक्ष ने लड़के पक्ष पर किसी भी तरह के आरोप नहीं लगाए हैं। बता दें, शाहजहांपुर के मोहल्ला ख्वाजा फिरोज मोहल्ले के रहने वाले जयनारायण की 26 साल की बेटी रितु की एक महीने पहले जलालाबाद के रहने वाले युवक से इंगेजमेंट तय हुई थी। शादी की भी सारी बातचीत तय हो चुकी थी। डेट भी निकल आई थी। इंगेजमेंट से पहले लड़के पक्ष ने दोनों के गुण एक पंडित से दिखवाए। जिसमें दोनों के गुण मैच नहीं हो रहे थे। पंडित ने दोनों की शादी को असफल बनाया था। जिसके बाद लड़के पक्ष ने शादी करने से मना कर दिया था। उन लोगों ने लेनी-देनी भी लड़की पक्ष को वापस कर दी थी। लेकिन शादी टूटने के बाद युवती को सदमा लग गया। भाई आशुतोष ने बताया, करीब 15 दिन से बहन किसी से बात नहीं कर रही थी। वो काफी उदास रहती थी। उसको काफी समझाया गया था लेकिन वो हमेशा रोने लगती थी।

# पीएम के आगमन पर त्रेतायुगीन वैभव के अनुरूप सुसज्जित होगी धर्मनगरी अयोध्या

## विदेशी फूलों से लेकर अशोक पत्ती, गेंदे की खुशबू से महकेगी अयोध्या

अयोध्या। प्रधानमंत्री के आगमन पर त्रेतायुगीन वैभव के अनुरूप रामनगरी सुसज्जित होने लगी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पीएम के अभूतपूर्व स्वागत की तैयारी की जा रही है। देशी-विदेशी फूलों और तोरणद्वार के जरिए अयोध्या को दुल्हन की तरह तैयार किया जा रहा है। वहीं पुष्पवर्षा के जरिए पीएम के अभिनंदन की भी तैयारी की जा रही है। इस काम में अयोध्या व आसपास के जनपदों के साथ ही पश्चिम बंगाल, मथुरा व सीतापुर के 700-800 कारीगर जुटे हैं। यहां कोलकाता, कानपुर, दिल्ली, बेंगलुरु आदि स्थानों से फूल मंगाए जा रहे हैं। एयरपोर्ट बाईपास से फोरलेन धर्मपथ, साकेत पेट्रोल पंप हनुमानगढ़ी



के रास्ते लगभग 9 किमी. से अधिक दूरी तय करने में दो दर्जन से अधिक तोरणद्वार बनाए जाएंगे। यहां रेलिंग डिवाइडर-मूर्तियों आदि को फूलों व बुके से सजाया जाएगा। पीएम के स्वागत के मद्देनजर अभूतपूर्व तैयारी की जा रही है।

राममय अयोध्या के भव्य तोरणद्वार काफी शानदार होंगे।

### 700-800 से अधिक कारीगर रात-दिन एक किए हैं

सैनी के मुताबिक उनकी टीम के 700-800 कारीगर रात दिन एक हुए हैं। कारीगरों ने बताया कि सजावट उनका काम है, लेकिन यह अभूतपूर्व हो, ऐसी मन की आवाज है। पीएम मोदी व सीएम योगी ने अयोध्या को अलग ही पहचान दिला दी। इन दोनों का स्वागत करना हर किसी के मन में है। इस कार्य में मथुरा-वृंदावन के 250, सीतापुर के 250, पश्चिम बंगाल के 150 कारीगर, स्थानीय स्तर पर 75 कारीगर लगे हैं। पीएम के आगमन में महज तीन दिन शेष होने के कारण कार्य काफी तेज गति से किया जा रहा है।

### देशी-विदेशी फूलों से महक उठेगी अयोध्या

अयोध्या के रहने वाले बालकृष्ण सैनी अपनी टीम के साथ काम में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि पीएम के स्वागत में देशी-विदेशी फूलों से अयोध्या महक उठेगी। लगभग 20 डीसीएम से अधिक फूल (अनुमानित 1,44,000 कुंतल) लगाए जाएंगे। इनमें कोलकाता से गेंदा की लड़ी, कानपुर व दिल्ली से अशोक की पत्ती, दिल्ली से कर फ्लावर व बेंगलुरु से विदेशी फूल आएंगे।

# जौनपुर : आभूषण व्यापारी के हत्यारोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**जौनपुर।** उत्तरप्रदेश में जौनपुर जिले के बक्सा थाना क्षेत्र में फतेहगंज बाजार के पास तीन दिन पूर्व हुए आभूषण व्यापारी उमेश की गोलियां बरसाकर हत्या सहित लूट की घटना करने वाले तीन बदमाशों को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक डॉ अजय पाल शर्मा ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि 23 दिसम्बर की देर शाम बाइक सवार बदमाशों ने बक्शा थाना क्षेत्र के फतेहगंज बाजार के पास आभूषण व्यवसायी उमेश सेठ को लूटने के बाद गोली मारकर हत्या कर दी थी, इस घटना के अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सात टीमों का तत्काल गठन कर लगाया गया था, टीमें लगातार इसपर काम कर रही थी।

उन्होंने कहा कि इसी क्रम में मंगलवार की रात में थानाध्यक्ष बक्सा मनोज सिंह ,प्रभारी निरीक्षक जफराबाद , प्रभारी निरीक्षक केराकत राम जनम यादव, प्रभारी निरीक्षक शाहगंज आदेश कुमार त्यागी , थानाध्यक्ष मुंगराबादशाहपुर , प्रभारी निरीक्षक जलालपुर , एसओजी प्रभारी जौनपुर की संयुक्त टीम अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना बक्सा अन्तर्गत चेकिंग कर रही थी कि चुरावनपुर मोड़ के पास एक मोटरसाइकिल आती हुई दिखाई दी, जिसे पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने पुलिस पर फायर कर दिया।

पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग की गयी ,जिससे दो बदमाश विकास यादव उर्फ भुन्डु पुत्र सुग्रीव यादव निवासी खरौना थाना बक्सा जौनपुर उम्र 23 वर्ष , शुभम यादव पुत्र बचोले उर्फ बच्चन यादव निवासी सरायरायचन्द थाना बक्सा जौनपुर उम्र 24 वर्ष गोली लगने से घायल हो गये।

### आज़मगढ़ : व्यापारी की गोली मारकर हत्या

आजमगढ़ । उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में बुधवार सुबह तड़के बदमाशों ने एक व्यापारी की उस समय गोली मार कर हत्या कर दी गई, जब वह अपने घर से टहलने निकला था । घटना की जानकारी मिलते ही आजमगढ़ की पुलिस अधीक्षक (एसपी) अनुराग आर्य और एसपी सिटी शैलेंद्र लाल समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए । शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आसपास काफी गहनता से पूछताछ शुरू कर दी । घटना के बारे में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना सिधारी थाना क्षेत्र के शाहगढ़ बाजार में आज सुबह उस समय हुई जब अजय कुमार मोदनवाल टहलने निकले थे , पहले से ही घात लगाकर बैठे बदमाशों ने चौराहे के पास टहल रहे मोदनवाल की गोली मारकर हत्या कर दी ।अजय कुमार मोदनवाल की शाहगढ़ बाजार में ही दुकान है और वहीं घर भी है ।वह शादी विवाह में लोगों के यहां भोजन बनाने का काम भी करते थे । नित्य की तरह आज वह टहलने निकले थे ।गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तब तक हमलावर मौके से फरार हो गए । घटना की जानकारी मिलती ही एसएसपी अनुराग आर्य मय पुलिस दल की साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और सीसीटीवी की मदद से हमलावरों की तलाश में जुट गए । एसपी अनुराग आर्य ने बताया कि इनकी गिरफ्तारी के लिए सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्षी संकलन के लिए एक टीम गठित कर दी गई है जो जांच कर रही है। मौके से एक 315 बोर का तमंचा बरामद किया गया है जिसकी जांच फील्ड यूनिट द्वारा की जा रही है । मृतक के परिजनों से प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा ।

### आगरा : कोहरे में एक के बाद एक भिड़े 16 वाहन

आगरा। उत्तर प्रदेश के आगरा में राष्ट्रीय राजमार्ग पर घने कोहरे में दृश्यता शून्य होने के कारण झरना नाले के पास बुधवार तड़के एक के बाद एक 16 वाहन में आपस में भिड़ गए। हादसे में एक ट्रक चालक की मृत्यु हो गई और लगभग छह लोग घायल हो गए। घने कोहरे के कारण दृश्यता शून्य होने पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रात में कई चालकों ने अपने ट्रक सड़क किनारे खड़े कर दिए थे। आगरा से फिरोजाबाद जाने वाले राजमार्ग पर शाहदरा फ्लाई ओवर और झरना नाले के बीच एक बाद के बाद एक चार ट्रक, दो बस, एक ऑटो रिक्शा समेत सोलह वाहन आपस में भिड़ गए। इस दुर्घटना में एक ट्रक चालक उमेश चंद्र यादव की मृत्यु हो गई।

# भाजपा को सत्ता से हटाने का काम करेगी समाजवादी पार्टी : अखिलेश

लखनऊ । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि भाजपा का दुष्प्रचार जारी है। चारो तरफ लूट मची हुई है। भाजपा ने सत्ता का जमकर दुरुपयोग किया है, ऐसा तो किसी सरकार में नहीं हुआ। समाजवादी पार्टी लोकतंत्र और संविधान को बचाने की बड़ी जिम्मेदारी निभाने के लिए संकल्पित है। 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी सावधानी और पूरी सतर्कता से पीडीए इंडिया गठबंधन मिलकर भाजपा को सत्ता से हटाने का काम करेगी।

यादव ने यहां पार्टी के राज्य मुख्यालय,



में डॉ0 राममनोहर लोहिया सभागार में विभिन्न जनपदों से आये प्रमुख पार्टी पदाधिकारियों की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाजवादी कार्यकर्ता घर-घर जाकर भाजपा के झूठे वादों और काले कारनामों की सच्चाई से अवगत कराने में कोई कसर नहीं छोडेंगे। भाजपा के झूठ की जानकारी हर बूथ स्तर तक समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता देंगे। कार्यकर्ता अनुशासित रहकर हर बूथ पर मुस्तैदी से भाजपा को हराने का काम करेंगे।

महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार ने देश को कमजोर कर दिया है। अर्थव्यवस्था चौपट है। जनता का हर वर्ग असंतुष्ट है।

विपक्षी कार्यकर्ताओं विशेषकर समाजवादी पार्टी के निर्दोष कार्यकर्ताओं को झूठे मुकदमों में फंसाकर उनका हर तरह से उत्पीड़न किया जा रहा है। गरीबों के साथ अन्याय करके उन्हें सताया जा रहा है।

# शाहजहांपुर : बीमारी के कारण स्कूल न जाने पर स्कूल प्रबंधक ने की छात्रा की बेरहमी से पिटाई

एजेंसी

शाहजहांपुर । उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर के थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र में इंटर कालेज के प्रबंधक एवं पूर्व शिक्षक एमएलसी ने बीमारी के कारण छात्रा को स्कूल न आने पर डंडे से बेरहमी से पिटाई कर दी है। पुलिस ने छात्रा के परिजनों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर छात्रा को मेडिकल के लिए भेजा है।

अटल बिहारी इंटर कालेज में कक्षा 12 में पढ़ने बाली छात्रा पलक श्रीवास्तव ने बताया कि डेंगू हो जाने के कारण दो महीने के बाद मंगलवार स्कूल गई थी



। स्कूल प्रबंधक संजय मिश्रा ने पलक से पूछा कि इतने दिनो से स्कूल क्यों नहीं आई।

जिस पर पलक ने उन्हें डेंगू के कारण स्कूल नहीं आने की बात बतायी। उन्होंने मेडिकल मांगा इस पर पलक ने कल ले आने की बात कही। यह सुनकर कॉलेज प्रबंधक ने उसे कई थप्पड़ मारे और बदजबानी करने का आरोप लगाते हुए डंडे से उसे पीटना शुरू कर दिया । प्रबंधक ने पलक को कई बार धक्के भी दिये और पलक के साथ हो रही इस बदसलूकी पर वहां मौजूद सभी शिक्षक मूकदर्शक बने रहे। प्रबंधक ने पलक को मार मार कर स्कूल से नाम काटने, पेपर नहीं देने और प्रवेश पत्र नहीं देने की धमकी देते हुए स्कूल से बाहर निकाल दिया।

इसके बाद पलक ने बताया कि वह बेहोश होने लगी और उसकी कक्षा में पढ़ने वाली उसकी साथी छात्रा पलक को पकड़कर घर लायी।

### मजाक-मजाक में चाचा का मर्डर

झांसी। झांसी में मजाक-मजाक में चाचा का मर्डर हो गया। शराब पार्टी में मां को लेकर चाचा ने मजाक कर दिया था। इससे गुस्साए मुंह बोले भतीजे ने उनके प्राइवेट पार्ट में लात मार दी। इससे चाचा की मौत हो गई। चाचा-भतीजे राजस्थान के रहने वाले हैं। नवाबाद पुलिस ने घरवालों की तहरीर पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मृतक का नाम राजवीर जाटव (45) था। वह राजस्थान में धौलपुर के गांव सूरजपुरा का रहने वाला था। पत्नी प्रीति ने बताया, गांव का सूरज ठेकेदारी करता है।

# आजमगढ़ में किशोरी से रेप करने का आरोपी अरेस्ट

आजमगढ। आजमगढ़ जिले के तरवां थाना क्षेत्र में किशोरी के साथ रेप के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

इस मामले में पीड़िता के परिजनों ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि आरोपी सोनू सिंह जो कि तरवां थाना क्षेत्र का रहने वाला है। आरोपी ने पीड़िता को खेत में ले जाकर रेप की घटना को अंजाम दिया। आरोपी ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी देकर घटना को अंजाम दिया था। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराया। मेडिकल में रेप की पुष्टि होते ही आरोपी की तलाश की जाने लगी। इस मामले की विवेचना सीओ लालगंज द्वारा की जा रही है।

आरोपी के विरूद्ध रेप के साथ ही पाक्सो एक्ट और एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। इस बारे में तरवां थाने के सब इंस्पेक्टर जितेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी धर्मेन्द्र सिंह उर्फ सोनू की तलाश की जा रही थी।

इसी क्रम में आरोपी के बारे में पुलिस को सूचना मिली की आरोपी तरवां थाने के उचहुंवा के पास मौजूद है।

# गैंगरेप-पीड़िता ने डीएम से की आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग

शामली। शामली जनपद के बाबरी थाना क्षेत्र के गाव में हुए एक युवती के साथ पांच लोगों द्वारा गैंगरेप की घटना में पुलिस ने अभी तक किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पायी है। जहां आरोपी पीड़ित युवती के परिजनों पर फैसले का दबाव बना रहे हैं। वही युवती ने आज डीएम के ऑफिस में पहुंचकर बाबरी पुलिस की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए कार्रवाई की मांग की है और सुरक्षा की गवार लगाइए।

बाबरी थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवती को धोखे से बुलाकर नशीला पदार्थ देकर पांच युवकों ने गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया था। जहां पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। पीड़िता के बार-बार गुहार लगाने से बाबरी थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया था, जबकि चार आरोपी अभी तक फरार बताए जा रहे हैं। घटना के मामले में फरार चारों आरोपी पीड़ित पर दबाव बना रहे हैं। मामले में पीड़िता जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची जहां उसने बाबरी थाना पुलिस पर लापरवाही करने और आरोपियों की गिरफ्तारी न करने का आरोप लगाया है।

पीड़िता का कहना है कि आरोपी पक्ष के लोग फैसले का दबाव बना रहे हैं। पुलिस ने अभी तक कई महीने बीत जाने के बाद भी एक ही आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि चार आरोपी अभी भी फरार हैं। पीड़ित ने डीएम से मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी करने और अपने व अपने परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

### ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से 2 महिलाओं की मौत

बरेली। बरेली के हाफिजगंज में आज बुधवार को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई। जबकि बाइक चला रहा रिश्तेदार घायल हो गया। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने महिला के शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए हैं। बाइक में जब टक्कर लगी तो दोनों महिलाएं सड़क पर गिरी, तभी वह पहिए के नीचे आ गईं। जहां ट्राली के पहिए ने दोनों को कुचल दिया। बरेली में कोहरे के चलते दूसरे दिन भी हाईवे पर हादसा हुआ। इससे पहले मंगलवार को अलग अलग स्थानों पर चार हादसे हुए। बुधवार को हाफिजगंज के रिठौरा स्थित हरहरपुर मटकली गांव के पास हादसे में सुनीता और प्रभा की मौत हुई है।

# यूपी के 31 जिलों में कोहरे का अलर्ट

## लखनऊ-कानपुर में 10-15 मीटर हुई विजिबिलिटी

कानपुर। उत्तर प्रदेश में मंगलवार के बाद बुधवार को भी घना कोहरा छाया रहा। लखनऊ, आगरा, प्रयागराज, कानपुर समेत कई शहरों में विजिबिलिटी 15-20 मीटर तक सिमट गई। मौसम विभाग ने प्रदेश में 30 दिसंबर तक घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है। जनवरी के पहले सप्ताह यानी 7 जनवरी से पहले यूपी में हल्की बारिश के भी आसार जताए हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक, बीते 24 घंटों के दौरान रात के तापमान में प्रदेश में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ है। यूपी में सबसे ठंडा बिजनौर जिले का नजीबाबाद रहा है। यहां तापमान 6°C दर्ज किया गया। वहीं, यूपी में सबसे गर्म जिला बहराइच रहा है। यहां का अधिकतम तापमान 26.7°C दर्ज किया गया। सर्दी बढ़ने के बाद



अलीगढ़ में स्कूलों के समय में डीएम ने बदलाव किया है। वहीं, परिवहन निगम ने रोडवेज बसों को कोहरे में सफर नहीं करने की हिदायत जारी की है।

### 7 में कोहरे का ऑरेंज और 24 जिलों में येलो अलर्ट

मौसम विभाग ने बरेली, मुरादाबाद, बिजनौर, रामपुर, पीलीभीत, लखीमपुर-खीरी और बहराइच समेत 7 जिलों में कोहरे का ऑरेंज अलर्ट (घने से घना कोहरा) जारी किया है। इसके अलावा, 24 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। इनमें सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, सीतापुर, श्रावस्ती, बाराबंकी, लखनऊ, उन्नाव, रायबरेली, कानपुर नगर, कानपुर देहात, अमेठी, सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर, आजमगढ़, जौनपुर, वाराणसी, मऊ, गाजीपुर हैं।

# कार सवार बदमाशों ने किया छात्रा का अपहरण

## गाड़ी में बिठाकर 25 किमी हाईवे पर घुमाया, घर वालों को मारने की धमकी देकर बीच में छोड़ा

एजेंसी

अमेठी जिला। अमेठी में कल शाम स्कूल से घर जा रही साइकिल सवार छात्रा का पहले तो कार सवार बदमाशों ने अपहरण किया उसके बाद उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए लखनऊ वाराणसी हाईवे पर छोड़कर फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने छात्रा को उसके घर पहुंचाया। आज पिता ने पूरे मामले की शिकायत थाने में की। शिकायत मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना के बाद परिवार पूरी तरह से डरा सहमा हुआ है।

पूरा मामला मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र से जुड़ा हुआ है, जहां एक गांव के रहने वाली 12 वर्षीय छात्रा गांव से तीन किलोमीटर स्थित एक निजी विद्यालय में पढ़ती है।

कल शाम चार बजे स्कूल से निकली और साइकिल से अपने घर जाने लगी। छात्रा अभी गांव के पास पहुंची ही थी कि कार सवार चार अज्ञात बदमाश पहुंचे और साइकिल को गड्ढे में फेंक छात्रा को कार में बैठाकर आंख में पट्टी बांधते हुए हाईवे की तरफ लेकर निकल पड़े।

करीब 25 किलोमीटर जाने के बाद बदमाश छात्रा को हाईवे पर उतारकर फरार हो गए।

### गिट्टी-मौरंग डीलर की गोली लगने से हुई मौत

लखनऊ। लखनऊ में गाजीपुर क्षेत्र में पंपिंग स्टेशन में गिट्टी-मौरंग डीलर खिंजर सिद्दीकी (55) का शव पड़ा मिला। उनके सिर में गोली लगी थी और जेब में चार कारतूस भी थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंपिंग स्टेशन के नीचे से गुजर रहे नाले में खोजबीन की तो उनका लाइसेंसी रिवाल्वर भी पड़ा मिला। खिजिर सिद्दीकी मंगलवार शाम चार बजे के करीब घर से निकले थे। परिजनों ने इंदिरानगर थाने में रात दो बजे के करीब गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस उनके घर पर मोबाइल से लेकर पर्स तक छोड़ जाने के चलते आत्महत्या के बिंदु पर पड़ताल कर रही है। हालाकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गाजीपुर थाना क्षेत्र के कल्याण अपार्टमेंट में पंपिंग स्टेशन नंबर चार के पास बुधवार दोपहर एक शव मिलने की सूचना मिली थी। थाना पुलिस की जांच पड़ताल करने पर जानकारी हुई कि शव इंदिरानगर निवासी खिंजर सिद्दीकी है।

## शार्ट न्यूज

### अदाणी ग्रीन और टोटल एनर्जी का 30 करोड़ डॉलर का जॉइंट वेंचर

अहमदाबाद। नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की देश कि सबसे बड़ी कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने आज टोटल एनर्जी के साथ 1,050 मेगावाट के जॉइंट वेंचर (जेवी) के पूरे होने की घोषणा की है। कंपनी ने बुधवार को बयान जारी कर बताया कि इस जॉइंट वेंचर के रूप में टोटल एनर्जी ने इन परियोजनाओं में 50 प्रतिशत की हिस्सेदारी हासिल करने के उद्देश्य से एजीईएल की सहायक कंपनी में 30 करोड़ डॉलर का निवेश किया है। एजीईएल और टोटल एनर्जीस के बीच इस जॉइंट वेंचर की घोषणा सितंबर 2023 में हुई थी। 1,050 मेगावाट के जॉइंट वेंचर में भारत में सौर और पवन ऊर्जा दोनों परियोजनाएँ शामिल हैं। इसके अलावा पहले से ही परिचालित (300 मेगावाट), निर्माणाधीन (500 मेगावाट) और विकासाधीन परिसंपत्तियों (250 मेगावाट) का मिश्रण भी इसमें सम्मिलित है। इस लेन-देन के साथ, टोटल एनर्जी ने एजीईएल के साथ अपने वेंचर को और भी अधिक मजबूत किया है। इसके साथ ही इसने वर्ष 2030 तक एजीईएल के 45 गीगावाट क्षमता के लक्ष्य को हासिल करने में खुद को सहायक सिद्ध किया है।

### मुंबई से अयोध्या तक सीधी फ्लाइट 15 जनवरी से

अयोध्या। अयोध्या से नई दिल्ली व अहमदाबाद की सीधी फ्लाइट के बाद अब इंडिगो ने 15 जनवरी से अयोध्या व मुंबई के बीच सीधी कनेक्टिविटी की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 दिसंबर को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का शुभारंभ करेंगे। मंडलायुक्त गौरव दयाल ने मंगलवार को बताया कि अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का निर्माण पूर्ण के होने साथ ही अयोध्या से दिल्ली व अहमदाबाद की फ्लाइट कनेक्टिविटी की घोषणा के पश्चात अब इंडिगो ने मुंबई और अयोध्या के बीच सीधी कनेक्टिविटी की घोषणा की है, जो 15 जनवरी 2024 से प्रभावी होगी। अयोध्या से मुंबई की सीधी उड़ान से आम नागरिकों को काफी राहत मिलेगी। इंडिगो ने अयोध्या में जल्द ही शुरू होने वाले मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से दिल्ली से परिचालन की घोषणा की थी। छह जनवरी, 2024 से दिल्ली से अयोध्या और 11 जनवरी, 2024 से अहमदाबाद से अयोध्या तक वाणिज्यिक परिचालन शुरू होगा। इंडिगो के वैश्विक बिक्री प्रमुख विनय मल्होत्रा ने बताया हम दिल्ली और अहमदाबाद के अलावा, अयोध्या और मुंबई के बीच सीधी कनेक्टिविटी यात्रा, पर्यटन और व्यापार को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा देंगे।

### पूर्व वित्त मंत्री वोल्फगैंग शाउबल का निधन

नई दिल्ली। जर्मनी के पूर्व वित्त मंत्री वोल्फगैंग शाउबल का 81 साल की उम्र में निधन हो गया है। उनके परिवारवालों ने जर्मन समाचार एजेंसी डीपीए को यह जानकारी दी है। समाचार एपी के हवाले से यह खबर सामने आई है। वोल्फगैंग शाउबल वो शख्स थे जिन्होंने 1990 में जर्मन एकीकरण पर बातचीत करने में मदद की थी। उन्होंने वित्त मंत्री के रूप में आठ वर्षों के अपने कार्यकाल के दौरान यूरोपीय देश को ऋण संकट से बाहर निकालने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। उनके परिवार ने बुधवार को जर्मन समाचार एजेंसी डीपीए को बताया कि शाउबल का मंगलवार शाम को घर पर ही निधन हो गया। अक्टूबर 2009 में ग्रीस के बढ़ते बजट घाटे के बारे में खुलासे से ठीक पहले शाउबल चांसलर एंजेला मर्केल के वित्त मंत्री बने थे। ग्रीस के खुलासे से महाद्वीप में संकट पैदा हो गया था और दुनिया की वित्तीय व्यवस्था के अस्थिर करने का खतरा पैदा हो गया था।

### 25 रुपये किलो की दर से चावल बेचेगी सरकार

नई दिल्ली। सरकार अब भारत ब्रांड के तहत 25 रुपये प्रति किलो की दर से चावल बेचेगी। इसकी बिक्री भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड), राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ) और केंद्रीय भंडार आउटलेट के माध्यम से की जाएगी। सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार चावल की बढ़ती कीमतों को काबू में रखने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। सरकार पहले से ही भारत ब्रांड के तहत आटा और दालों की बिक्री करती है। नवंबर में खाद्यान्न की कीमतों में 10.27 प्रतिशत इजाफा हुआ, जिससे नवंबर महीने में खाद्य मुद्रास्फीति बढ़कर 8.70 प्रतिशत पर पहुंच गई। इससे पिछले महीने में यह 6.61 प्रतिशत थी। कुल कंज्यूमर प्राइस बास्केट में खाद्य मुद्रास्फीति की हिस्सेदारी लगभग आधी है। बीते कुछ महीनों में सरकार भारतीय खाद्य निगम की ओर से की गई ई-नीलामी के माध्यम से खुले बाजार में बिक्री बढ़ाकर गेहूं की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने में सफल रही है।

### अदाणी ग्रीन ने टोटल एनर्जीज के साथ संयुक्त उद्यम किया, जुटाए गए 30 करोड़ डॉलर

नई दिल्ली। अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने बुधवार को टोटल एनर्जीज के साथ 1,050 मेगावाट के संयुक्त उद्यम (जेवी) को पूरा करने की घोषणा की। संयुक्त उद्यम (जेवी) के तहत टोटल एनर्जीज ने एजीईएल सब्सिडियरी से जुड़ी परियोजनाओं में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए 300 मिलियन अमरीकी डॉलर का निवेश किया। अदाणी समूह की कंपनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि एजीईएल और टोटल एनर्जीज के बीच सितंबर 2023 में संयुक्त उद्यम के बारे में बाध्यकारी समझौते की घोषणा के बाद यह कदम उठाया गया है। संयुक्त उद्यम में 1,050 मेगावाट का पोर्टफोलियो शामिल है। इसमें भारत में पवन ऊर्जा परियोजनाओं के मिश्रण के साथ पहले से ही चालू (300 मेगावाट), निर्माणाधीन (500 मेगावाट) और 8 घोषित परिसंपत्तियां शामिल हैं। इस लेनदेन के साथ, टोटल एनर्जीज ने एजीईएल के साथ अपने रणनीतिक गठबंधन को मजबूत किया है और 2030 तक एजीईएल के 45 गीगावॉट क्षमता के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में कदम उठाया है।

### 20 फीसदी बढ़ा शिक्षा कर्ज

नई दिल्ली। शिक्षा कर्ज चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-अक्तूबर अवधि में सालाना आधार पर 20.6 फीसदी बढ़कर 1,10,715 करोड़ रुपये के पांच साल के उच्च स्तर पर पहुंच गया है। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, एक साल पहले की समान अवधि में भारतीयों ने 96,853 करोड़ के शिक्षा कर्ज लिए थे। शिक्षा कर्ज में वृद्धि की रफ्तार 2022-23 में 12.3 फीसदी रही थी, जबकि 2021-22 में इसमें 3.1 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई थी। एसबीआई के वरिष्ठ अर्थशास्त्री बिबेकानंद पांडा ने कहा, एक साल में जितने शिक्षा कर्ज बांटे गए, उनमें विदेश जाकर पढ़ने की खातिर लिए गए कर्ज का हिस्सा 65 फीसदी रहा। इसका औसत आकार 40-60 लाख रुपये रहा। पांडा ने कहा, भारत के साथ विदेश में ऑफलाइन कैंपस कोर्स की मांग में सुधार से शिक्षा कर्ज की मांग बढ़ी है। ठु परेशानी मुक्त आवेदन और कर्ज वितरण प्रक्रिया ने शिक्षा कर्ज क्षेत्र की रफ्तार बढ़ाई है।

# 2023 में बुलंदियों पर पहुंचा बुंदेलखंड : बुंदेलखंड को मिली बीडा सहित कई योजनाओं की सौगात

## झांसी में शुरू हुआ बीडा की स्थापना का काम, बीडीएल ने भूमिपूजन कर शुरू किया यूनिट निर्माण का काम

लखनऊ/झांसी, 27 दिसंबर। वर्ष 2023 बुंदेलखंड को बुलंदियों पर पहुंचाने वाला साल साबित हुआ। इस वर्ष योगी सरकार ने बुंदेलखंड में मिशन मोड पर काम किया और बड़ी-बड़ी परियोजनाओं की सौगात दी, जिसने कभी प्रदेश के सबसे पिछड़े इलाकों में एक माने जाने वाले इस क्षेत्र को अग्रणी स्थान पर लाने का काम किया। योगी सरकार ने ओर से जहां झांसी में नोएडा की तर्ज पर इंडस्ट्रियल सिटी बसाने के लिए बुंदेलखंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (बीडा) की स्थापना की गई तो वहीं दूसरी ओर ललितपुर में बल्क ड्रग पार्क के निर्माण को भी हरी झंडी मिली। पेयजल उपलब्धता के लिए चलाए जा रहे जल जीवन मिशन के काम यहां पूर्ण होने की अवस्था में पहुंच गए तो डिफेंस कॉरिडोर में बीडीएल ने भूमिपूजन करने के साथ ही यूनिट के निर्माण का काम शुरू कर दिया। स्मार्ट सिटी झांसी की कई परियोजनाएं पूरी हुईं तो पर्यटन, कृषि, रोजगार, खेल आदि के क्षेत्र में इस एक वर्ष में कई बड़े निर्णय सरकार की ओर से लिए गए।

उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2023 में झांसी शहर के निकट 33 गांवों में विस्तारित बुंदेलखंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी के गठन को मंजूरी दी। इतना ही नहीं, सीईओ के पद पर नियुक्ति करने के साथ ही झांसी जिले में कार्यालय खोलने का प्रस्ताव भी आमंत्रित कर दिया। सीईओ ने झांसी पहुंचकर कार्यभार संभाल लिया और जमीन अधिग्रहण का रोडमैप तैयार किया जा रहा है। देश के कई बड़े औद्योगिक समूहों ने उत्तर प्रदेश सरकार से बीडा में जमीन आवंटन के लिए अपना प्रस्ताव दिया है। यूपी सरकार का यह कदम इस क्षेत्र में उद्योग और रोजगार के लिहाज से बड़ा परिवर्तनकारी निर्णय माना जा रहा है। योगी सरकार की योजना नोएडा की तर्ज पर यहां इंडस्ट्रियल सिटी बसाने की है, जो बुंदेलखंड के लिए एक नई संजीवनी का काम करेगा।

### बीडीएलके कारखाने का निर्माण शुरू

योगी सरकार का डिफेंस कॉरिडोर भी झांसी के लिए बड़ी उपलब्धि साबित हो रहा है। डिफेंस कॉरिडोर के झांसी नोड में भारत डायनॉमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) की इकाई की स्थापना के लिए वर्ष 2021 में पीएम मोदी ने आधारशिला रखी थी। वर्ष 2023 में इसकी यूनिट के निर्माण के लिए भूमिपूजन के साथ ही स्थापना का काम शुरू कर दिया गया। यूपी सरकार झांसी के गरौठा में बन रहे डिफेंस कॉरिडोर के क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को बेहतर करने में जुटी है। इस क्षेत्र में कई अन्य इकाइयों की स्थापना के लिए यूपी सरकार के सामने प्रस्ताव आए हैं। बड़ी-बड़ी डिफेंस कंपनियां यहां जब अपनी यूनिट स्थापित करेंगी तो रोजगार के इतने साधन उपलब्ध होंगे कि युवाओं को नौकरी के लिए बुंदेलखंड से बाहर जाने की जरूरत नहीं रह जाएगी।

### ललितपुर में बल्कड्रग पार्क के लिए सर्वे शुरू

ललितपुर जिले में पांच गांव में 1472 एकड़ क्षेत्रफल पर बल्क ड्रग पार्क के निर्माण के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई। मास्टर प्लान और प्रोजेक्ट रिपोर्ट की तैयारी के लिए यूपीसीडा ने काम शुरू कर दिया है। पहले चरण में 300 एकड़ क्षेत्रफल में आधारभूत संरचनाओं को विकसित करने के लिहाज से डीपीआर तैयार किया जाना है। यूपी सरकार ललितपुर जिले को जेनरिक दवाओं के हब के रूप में विकसित करने की योजना पर भी काम कर रही है। इस पार्क को विकसित करने के लिए यूपी सरकार कई प्रतिष्ठित रिसर्च संस्थानों को नॉलेज पार्टनर बना रही है।

### पर्यटन क्षेत्र में एडॉप्ट ए हेरिटेज पर काम शुरू

बुंदेलखंड के ऐतिहासिक स्थलों को एडॉप्ट ए हेरिटेज योजना के तहत विकसित करने के लिए सरकार ने कई स्थलों के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए। देश के कई प्रतिष्ठित होटल समूहों ने इन स्थानों में अपनी दिलचस्पी दिखाई है और उम्मीद है कि बहुत जल्द इस स्थानों की तस्वीर बदलती दिखाई देगी। एडॉप्ट ए हेरिटेज योजना के माध्यम से झांसी के बरुआसागर किला, राम जानकी मंदिर गरौठा, पठामढ़ी का मंदिर गरौठा और बंजारी का मंदिर एवं बेर के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए गए। इनके अलावा बुंदेलखंड के रॉक कट गुफाएं देवगढ़ ललितपुर, सुमेरगढ़ का प्राचीन मंदिर ललितपुर, सोमनाथ मंदिर मानिकपुर चित्रकूट, खाकरा मठ चरखारी महोबा, रणछोर मंदिर धोजरी ललितपुर, प्राचीन बैठक तालबेहट ललितपुर, चन्देली मंदिर करियारी हमीरपुर, शांतिनाथ मंदिर भरवारा महोबा, शिव मंदिर उल्दना कला ललितपुर, दशरथ घाटी चित्रकूट और खंडेह के मंदिर मौदहा हमीरपुर के लिए प्रस्ताव मंगाए गए।

### जल जीवन मिशन पर काम अंतिम चरण में

बुंदेलखंड के सभी सातों जिलों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल से जल पहुंचाने का काम लगभग अंतिम अवस्था में है। महोबा में यह 98 प्रतिशत, झांसी में 97 प्रतिशत, चित्रकूट में 93 प्रतिशत, बांदा में 96 प्रतिशत, ललितपुर में 98 प्रतिशत, जालौन में 89 प्रतिशत और हमीरपुर में 89 प्रतिशत तक कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके अलावा नगरीय क्षेत्रों में भी पीने का साफ पेयजल पहुंचाने के लिए कई बड़ी योजनाओं पर तेज गति से काम हुआ और पेयजल संकट को दूर करने में काफी सफलता मिली है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिन स्थानों पर पानी की उपलब्धता शुरू हो गयी है, उन स्थानों पर जन जीवन में परिवर्तन साफ़ तौर पर दिखाई दे रहा है।

### स्मार्ट सिटी की परियोजनाओं पर काम अंतिम चरण में

झांसी में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण काम इस वर्ष पूर्ण किए गए। दिवंगत सीडीएस जनरल बिपिन रावत की स्मृति में झांसी किले की तलहटी में स्मार्ट सिटी के अंतर्गत बने पार्क का लोकार्पण भी इसी वर्ष किया गया। राजकीय पुस्तकालय के उच्चीकरण का काम पूरा हुआ, जिसका मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकार्पण किया। इसके साथ ही हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की स्मृति में बने ध्यानचंद म्यूजियम का भी काम इसी वर्ष पूरा हुआ और मुख्यमंत्री ने इसका लोकार्पण किया।

योगी सरकार बुंदेलखंड क्षेत्र के समग्र विकास को केंद्रित करते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन पर जोर दे रही है। निरंतर सभी जिलों में बड़ी गौशालाओं का निर्माण, परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट सिटी और माइनिंग फंड के माध्यम से सुविधाओं का विकास, अस्पतालों में आधारभूत सुविधाओं की बढ़ोत्तरी, कृषि से संबंधित योजनाओं में कृषकों को सहायता, असहाय और कमजोर वर्गों के लोगों को आर्थिक सहायता सहित अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने और उन पर नियमित निगरानी पर सरकार ध्यान केंद्रित कर रही है। शासन के शीर्ष अफसरों और मंत्रियों के साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी निरंतर इस क्षेत्र का दौरा कर योजनाओं की जमीनी हकीकत का जायजा लेते रहे हैं।

# सेंसेक्स पहली बार 72 हजार अंक के पार



**मुंबई।** अमेरिका में महंगाई पर लगाम लगने से फेड रिजर्व के अगले साल से ब्याज दरों में कटौती की बढ़ी उम्मीद से विश्व बाजार में आई तेजी की बदौलत स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, ऑटो, धातु और बैंकिंग समेत पंद्रह समूहों में हुई लिवाली से आज सेंसेक्स ने फिर नया रिकॉर्ड बनाया और पहली बार 71 हजार अंक के पार पहुंच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 701.63 अंक अर्थात 0.98 प्रतिशत की छलांग लगाकर 72 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर कि पार 72,038.43 अंक हो गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 213.40 अंक यानी एक प्रतिशत की तेजी के साथ 21,654.75 अंक पर रहा। दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों एक शेयरों में भी लिवाली हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 0.41 प्रतिशत मज़बूत होकर 36,286.89 अंक और स्मॉलकैप 0.20 प्रतिशत चढ़कर 42,286.91 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3914 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1993 में लिवाली जबकि 1815 में बिकवाली हुई वहीं 106 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 39 कंपनियां लाभ में जबकि 10 नुकसान में रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

बीएसई में यूटिलिटीज, ऊर्जा, पावर, सर्विसेज और तेल एवं गैस समूह की 0.40 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर शेष 15 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 1.19, सीडी 0.91, एफएमसीजी 0.39, वित्तीय सेवाएं 0.94, हेल्थकेयर 0.49, इंडस्ट्रियल्स 0.49, आईटी 0.68, दूरसंचार 0.65, ऑटो 1.33, बैंकिंग 1.09, कैपिटल गुड्स 0.67, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.67, धातु 1.33, रियल्टी 0.60 और टेक समूह के शेयर 0.96 प्रतिशत लाभ में रहे।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.55, जर्मनी का डैक्स 0.14, जापान का निक्केई 1.13, हांगकांग का हैंगसेंग 1.74, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.42 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.54 प्रतिशत उछल गया।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 155 अंक की तेजी लेकर 71,492.02 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से दोपहर बाद 71,473.65 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं, लिवाली होने से यह कारोबार के अंतिम चरण में 72,119.85 अंक के सार्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 71,336.80 अंक के मुकाबले 0.98 प्रतिशत उछलकर 72,038.43 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी भी 56 अंक चढ़कर 21,497.65 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 21,495.80 अंक के निचले जबकि 21,675.75 अंक के उच्चतम स्तर पर रह। अंत में पिछले सत्र के 21,441.35 अंक की तुलना में 1.00 प्रतिशत मजबूत होकर 21,654.75 अंक हो गया।

इस दौरान टेक महिंद्रा और एनटीपीसी की 1.21 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर सेंसेक्स की 28 कंपनियों में तेजी रही। अल्ट्रासिमको ने सबसे अधिक 4.23 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। साथ ही जेएसडब्ल्यू स्टील 2.97, टाटा मोटर्स 2.91, भारती एयरटेल 2.15, एसबीआई 1.63, इंडसइंड बैंक 1.63, एलटी 1.54, टाटा स्टील 1.44, इंफ़ोसिस 1.42, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.22, एचडीएफसी बैंक 1.17, एक्सिस बैंक 1.12, एचसीएल टेक 0.93, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.91, आईसीआईसीआई बैंक 0.67, रिलायंस 0.34, टीसीएस 0.34, विप्रो 0.19 और मारुति के शेयर 0.11 प्रतिशत के लाभ में रहे।

# निर्यात बढ़ाने-आयात घटाने के लिए 24 क्षेत्रों पर सरकार का जोर

नई दिल्ली। घरेलू विनिर्माण व निर्यात बढ़ाने के साथ आयात घटाने के लिए उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) 24 उप-क्षेत्रों के साथ काम कर रहा है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कहा, मेक इन इंडिया 2.0 के तहत भी 27 क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। डीपीआईआईटी 15 विनिर्माण क्षेत्रों के लिए एक्शन प्लान बना रहा है। डीपीआईआईटी जिन क्षेत्रों के साथ काम कर रहा है, वे भारतीय उद्योगों की ताकत हैं। उन्हें प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त, निर्यात संभावना और बढ़ी रोजगार क्षमता को ध्यान रखकर चुना गया है। वाणिज्य विभाग सेवाओं से जुड़े 12 क्षेत्रों के साथ योजना बना रहा है।

### इन क्षेत्रों पर ध्यान

फर्नीचर, एसी, चमड़ा, तैयार खाना, मछली पालन, कृषि उत्पाद, ऑटो कलपुर्जे, एल्यूमीनियम, कृषि रसायन, इस्पात, कपड़ा, ईवी कलपुर्जे, इथेनॉल, इलेक्ट्रॉनिक्स, चीनी मिट्टी की चीजें, सेट टॉप बॉक्स, रोबोटिक्स, टीवी, क्लोज सर्किट कैमरे, खिलौने, ड्रोन, चिकित्सा उपकरण, खेल के सामान।

### इस्पात : पीएलआई 2.0 योजना

केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा, सरकार पीएलआई योजना 2.0 पर काम कर रही है। साथ ही 2024 में इस्पात के लिए पर्याप्त कच्चे माल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के तरीकों पर भी विचार कर रही है। मजबूत आर्थिक वृद्धि से इस्पात की मांग बढ़ेगी, हालांकि कंपनियां कई देशों के तनाव के चलते अनिश्चितताओं के बीच बढ़ते आयात और कच्चे माल की ऊंची कीमतों को लेकर चिंतित हैं। भारत ने 2030 तक 30 करोड़ टन इस्पात विनिर्माण क्षमता का लक्ष्य रखा है। वर्तमान में देश की क्षमता करीब 16.1 करोड़ टन है।

दवा, एलईडी, एसी और इलेक्ट्रिक उत्पादों जैसे 14 क्षेत्रों के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं के तहत नवंबर तक 746 आवेदनों को मंजूरी मिली है।

# मेड इन इंडिया के तहत भारत-रूस मिलकर बनाएंगे सैन्य उपकरण

मॉस्को। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर पांच दिवसीय रूस के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने भारतीय समुदायों के लोगों से भी बातचीत की। साथ ही अपने रूसी समकक्ष विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ द्विपक्षीय वार्ता की है। इस दौरान आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक से जुड़े मुद्दों पर वार्ता में चर्चा की गई। इसी बीच, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने बुधवार को मेड इन इंडिया के तहत सैन्य उत्पादों का उत्पादन करने की भारत की पहल का समर्थन करने की इच्छा जताई है। लावरोव ने कहा कि बैठक के दौरान इसको लेकर कई कदम उठाए गए हैं, जिससे भारत और रूस के बीच सहयोग का विस्तार होगा। साथ ही अंतरराष्ट्रीय परिवहन गलियारे के तहत चेन्नई-व्लादिवोस्तोक मार्ग की स्थापना पर भी जोर दिया गया है।

### सैन्य और तकनीकी सहयोग पर चर्चा- लावरोव

जयंशकर के साथ बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए लावरोव ने कहा कि हमने आधुनिक हथियारों के संयुक्त उत्पादन की संभावनाओं पर चर्चा की, जिसमें सैन्य और तकनीकी सहयोग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पर इस क्षेत्र एक खास हुनर हैं। दोनों देशों का सहयोग रणनीतिक प्रकृति की है। सहयोग को प्रगाढ़ करना दोनों राष्ट्रों के हितों में हैं। साथ ही ये सभी यूरेशियन महाद्वीप में सुरक्षा के हितों से मेल खाता है।

### ऊर्जा सहयोग को मजबूत करने पर जोर- लावरोव

पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी को पता है कि भारतीय सहयोगियों की उनके सैन्य और तकनीकी संबंधों में विविधता लाने के इच्छा का सम्मान करते हैं। इसलिए हम मेड इन इंडिया कार्यक्रम के तहत सैन्य उत्पादों का उत्पादन करने का समर्थन करते हैं।

बैठक में हमने ऊर्जा सहयोग को मजबूत करने की अपनी आकांक्षा की पुष्टि की है।

लावरोव ने कहा कि मैं और मेरे समकक्ष जयशंकर दोनों देशों के संबंधों के कानूनी ढांचे का विस्तार करने पर भी सहमत हुए।

# शक्कर सस्ती, खाद्य तेल मजबूत, दलहन-दाल में मिश्रित रंगत, चावल सामान्य

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में शक्कर में नरमी रही। खाद्य तेलों में लिवाली से तेजी बताई गई। आज मूंगफली तेल ऊंचा बिका। तिलहन बढ़े बताए गए। दलहन तथा दाल मिश्रित रंगत लिए रहे। चावल में उठाव साधारण बताया गया।

### किराना बाजार

सियागंज किराना बाजार में शक्कर में मांग घटी बताई गई। आज शक्कर में 04 गाड़ी की आवक हुई। खोपरा बूरा में लिवाली रही। साबूदाना में उठाव बताया गया। हल्दी में पूछपरख रही।

### तेल-तिलहन

खाद्य तेलों में लिवाली से खाद्य तेल मजबूती लिए रहे। आज मूंगफली तेल तेल ऊंचा होकर बिका। तिलहनों में भी तेजी दर्ज की गई।

### दाल-दलहन

स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहनों ? में भाव मिश्रित रंगत लिए बताए गए। दालों में उठाव रहा इससे भाव बने रहे। चावल में उठाव साधारण रहा।

### किराना

शक्कर 3920 से 3960 रुपये प्रति क्विंटल। खोपरा गोला 95 से 125 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 2350 से 4000 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 140 से 270 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 6000 से 6700, पैकिंग में 7000 से 7100 रुपये प्रति क्विंटल।



### तिलहन

सरसों निमाड़ी 6200 से 6300, सोयाबीन 4700 से 4750 रुपये प्रति क्विंटल।

### तेल

मूंगफली तेल इंदौर 1590 से 1610, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 880 से 885, साल्वेंट 825 से 830, पाम तेल 870 से 875 रुपये प्रति 10 किलो।

### दलहन

चना (कांटा) 5800 से 5850, चना विशाल 5700 से 5750, मसूर 5900 से 5925, तुअर निमाड़ी 8000 से 8700, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 9300 से 9700, तुअर (कर्नाटक) 9800 से 10000, मूंग 8500 से 9600, मूंग हल्की 7000 से 8000, उड़द 8200 से 8700, उड़द हल्की 3000 से 5000 रुपये प्रति क्विंटल।

### दाल

चना दाल 7400 से 7900, तुअर दाल सवा नंबर 12400 से 12500, तुअर दाल फूल 13400 से 13600, तुअर दाल बोल्ड 14500 से 15000, आयातित तुअर दाल 11300 से 11400, मसूर दाल 7350 से 7650, मूंग दाल 9900 से 10200, मूंग मोगर 10500 से 10800, उड़द दाल 10600 से 10900, उड़द मोगर 11100 से 11400 रुपये प्रति क्विंटल।

### चावल-पोहा

बासमती 11500 से 12500, तिबार 9500 से 10000, दुबार 8500 से 9000, मिनी दुबार 7500 से 8000, मोगरा 4200 से 6500, बासमती सैला 7000 से 9500, कालीमूंछ 8000 से 8500, राजभोग 6500 से 7500, दूबराज 4000 से 4500, परमल 2800 से 3000, हंसा सैला 2900 से 3100, हंसा सफेद 2500 से 2700, पोहा 4300 से 4800 रुपये प्रति क्विंटल।

### रवा-मैदा

रवा 1720 से 1730, मैदा 1650 से 1660, आटा 1610 से 1620, चना बेसन 3850 से 3875 रुपये प्रति 50 किलोग्राम।

# दुबई में निवेश करने में भारतीय कंपनियां शीर्ष पर

नई दिल्ली। भारतीय कंपनियों ने जनवरी से जून के दौरान दुबई में 33.5 करोड़ डॉलर का निवेश किया है। इसके साथ ही, भारतीय कंपनियां इस साल के पहले छह महीने में दुबई में निवेश करने के मामले में सबसे आगे निकल गई हैं। इससे पहले 2022 में कुल निवेश 54.1 करोड़ डॉलर था। रियल एस्टेट सलाहकार वेस्टियन ने यह जानकारी दी। आंकड़ों के मुताबिक, दुबई में भारत की ओर से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) 2020 से इस साल जनवरी-जून के बीच 1.6 अरब डॉलर का रहा है। भारत ने दुबई में कुल 123 परियोजनाओं में निवेश के साथ कनाडा और लातविया को पीछे छोड़ दिया है। रणनीतिक स्थान व कर के लिहाज से महत्वपूर्ण दुबई में भारतीय निवेशकों को प्रोत्साहन मिलता है।

### अदाणी ग्रीन एनर्जी में होगा 9,350 करोड़ निवेश

अदाणी ग्रीन एनर्जी में अदाणी परिवार 9,350 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। इसके एवज में प्रमोटरों को प्रफरेंशियल वारंट जारी किया जाएगा। इसका मूल्य 1,480.75 रुपये प्रति शेयर होगा। समूह का लक्ष्य 2030 तक 45 गीगावॉट की हरित ऊर्जा हासिल करने का है। शेयर बाजारों को दी सूचना में कंपनी ने कहा, उसने पहले ही 19.8 गीगावॉट के लिए ऊर्जा खरीदी करार किया है।

नवीकरणीय ऊर्जा में अगले साल 16.5 अरब डॉलर के निवेश की उम्मीद है। एक साल पहले की तुलना में यह 83 फीसदी ज्यादा होगा। बिजली मंत्रालय के अनुसार, देश कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए ऊर्जा परिवर्तन पर ध्यान दे रहा है, जिससे निवेश में तेजी आएगी। मंत्रालय के अनुमान के अनुसार, 2030 तक 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य है। भारत ने 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन लक्ष्य रखा है। देश में 2024 में 1,37,500 करोड़ के निवेश के साथ 25 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता बढ़ने की संभावना है। 2023 में 13.5 गीगावॉट क्षमता पर 74,250 करोड़ निवेश हुआ था। बाजार नियामक सेबी ने फेडर्स इलेक्ट्रिक एवं इंजीनियरिंग के पांच पूर्व अधिकारियों पर चार करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। शेयर बाजार में कारोबार करने पर दो साल का प्रतिबंध भी लगा दिया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने मंगलवार को जारी आदेश में कहा, अख्तर अजीज, शाम सुंदर धवन, बिंदू डोगरा, रितु शर्मा सहित अन्य ने कंपनी के खाताबही में गडबड़ी की थी।

## शार्ट न्यूज

### सिंधु को मिला विदेशी कोच सांतोसो का साथ

नई दिल्ली। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु नए वर्ष से नए अवतार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी करने जा रही हैं। पेरिस ओलंपिक के लिए उन्होंने अपने लिए नया विदेशी कोच ढूंढ लिया है। सिंधु एक जनवरी से भारतीय टीम के पूर्व इंडोनेशियाई प्रशिक्षक और वर्तमान में थाईलैंड के कोच आगुस ड्वी सांतोसो के संरक्षण में कोचिंग लेंगी। हालांकि दिग्गज प्रकाश पादुकोण बतौर मेंटर उनके साथ जुड़े रहेंगे, लेकिन विदेशी कोच के रूप में अब सांतोसो सिंधु के साथ होंगे। सिंधु बाएं घुटने की चोट से उबरने के बाद वापस कोर्ट पर उतर आई हैं और उन्होंने हैदराबाद में अभ्यास शुरू कर दिया है। कोरियाई कोच पार्क ताई सुंग से अलग होने के बाद सिंधु ने विदेशी कोच कोच के रूप में इंडोनेशियाई दिग्गज मोहम्मद हाफिज हाशिम को अपनाया था, लेकिन उसके बाद उनका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन और खराब हो गया। नवंबर में उनके बाएं घुटने में मीडियल कोलेट्रल लिगामेंट (एमसीएल) ग्रेड-2 टियर निकला। चिकित्सकों ने उन्हें पुर्नवास पर जाने की सलाह दी। इस दौरान ही सिंधु ने नए विदेशी कोच की तलाश शुरू की, जो सांतोसो के रूप में पूरी हुई है। सांतोसो पहले भी सिंधु को प्रशिक्षित कर चुके हैं। वह गोपीचंद अकादमी में भारतीय टीम के प्रशिक्षक थे, लेकिन लॉकडाउन के दौरान उन्हें अकादमी में अकेले रहना पड़ा। कुछ दिन बाद वह पद छोड़कर चले गए।

### टी-20 रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंचे सॉल्ट

इंग्लैंड के फिल सॉल्ट को आईसीसी की ताजा टी-20 रैंकिंग में फायदा हुआ है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने बुधवार, 27 दिसंबर को सभी फॉर्मेट की ताजा रैंकिंग जारी की। सॉल्ट को 18 स्थान का फायदा हुआ है और वो टी-20 रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। उनकी रेटिंग अभी 802 हो गई है, जो उनके करियर की हाईएस्ट रेटिंग है। वहीं भारत के सूर्यकुमार यादव पहले स्थान पर बने हुए हैं। तीसरे नंबर पर पाकिस्तान के विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान हैं। ताजा रैंकिंग में शीर्ष-5 स्थानों में से 2 पर पाकिस्तानी खिलाड़ियों का कब्जा है। तीसरे नंबर पर रिजवान और 5वें पर पूर्व कप्तान बाबर आजम हैं। इंग्लैंड के ओपनर सॉल्ट को वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली गई टी-20 सीरीज से फायदा मिला है। हालांकि इंग्लिश टीम यह सीरीज 3-2 से हार गई थी। लेकिन, पांच मैचों की सीरीज में सॉल्ट 331 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए थे। उन्होंने चौथे मैच में 119 रन की पारी खेली थी। गेंदबाजी रैंकिंग में इंग्लैंड के आदिल रशीद टॉप पर हैं। टॉप-10 में केवल एक भारतीय गेंदबाज है। जो रवि बिश्नोई हैं। बिश्नोई 685 रेटिंग पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर हैं। वहीं नंबर 1 ऑलराउंडर शाकिब अल हसन हैं।

### पंड्या अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज नहीं खेलेंगे

हार्दिक पंड्या अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज नहीं खेल सकेंगे। भारत को अगले साल 11 जनवरी से अफगानिस्तान के खिलाफ 3 टी-20 की सीरीज खेलनी है। टाइम्स नाउ को एक सोर्स ने बताया, हार्दिक पंड्या अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज में नहीं खेलेंगे। हालांकि उनके इंडियन प्रीमियर लीग 2024 से पहले फिट होने की संभावना है। पंड्या वर्ल्ड कप 2023 में चोटिल होकर बाहर हो गए थे। टूर्नामेंट के एक मैच में बांग्लादेश के खिलाफ 19 अक्टूबर को पुणे में खेले गए मैच में वो चोटिल हो गए थे। मैच के 9वें ओवर की तीसरी बॉल पर उनका टखना मुड़ गया था। वह क्रीज पर ही बैठ गए। चोट ज्यादा होने की वजह से वे बाकी का मैच खेल नहीं पाए। उनका ओवर भी विराट कोहली ने पूरा किया था। अफगानिस्तान के खिलाफ भारत को जनवरी में तीन टी-20 मैचों की सीरीज खेलनी है। पहला टी- 20 मैच 11 जनवरी को मोहाली में खेला जाना है। दूसरा टी-20 14 जनवरी को इंदौर और तीसरा टी-20 मैच 17 जनवरी को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम बेंगलुरु में खेला जाना है। भारतीय टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या इंडियन प्रीमियर लीग के 2024 सीजन में मुंबई इंडियंस की कप्तानी करेंगे।

### फॉर्मूला-1 रेसर 10 साल से पब्लिक लाइफ से दूर

बर्लिन। फॉर्मूला-1 के सबसे बड़े खिलाड़ियों में शुमार माइकल शूमाकर पिछले 10 सालों से सार्वजनिक जीवन में नहीं आए। इसकी वजह साल 2013 में उनका स्कीइंग करने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त होकर कोमा में चले जाना था। इसके बाद उनका परिवार उन्हें सार्वजनिक जीवन और फैंस से दूर निजी जिंदगी में ले गया था। जहां, उन पर किसी कैमरा या रिपोर्टर की नजर नहीं थी। हालांकि, उनके फैंस अपने फेवरेट खिलाड़ी के स्वास्थ्य के बारे में जानने के लिए हमेशा उत्सुक रहते हैं। ऐसे में उन फैंस के लिए फरारी के पूर्व बॉस जीन टॉड ने अपने दोस्त और 7 बार के वर्ल्ड चैम्पियन शूमाकर के बारे में नई अपडेट साझा की हैं। टॉड अक्सर शूमाकर से मिलने जाते रहते हैं और वो उन चुनिंदा लोगों में से हैं, जो लगातार शूमाकर की सेहत पर अपडेट देते रहते हैं। टॉड और शूमाकर फरारी में एक साथ काम किया करते थे। जब शूमाकर साल 2000-2004 के बीच लगातार चार बार वर्ल्ड चैम्पियन बने थे, तब टॉड फरारी के बॉस थे। टॉड ने शूमाकर के बारे में बात करते हुए बताया कि शूमाकर पहले से बहुत बदल गए हैं। अब शूमाकर पहले वाले इंसान नहीं रहे। वो अलग हैं और उनकी पत्नी और बच्चे उनका अच्छी तरह से ख्याल रख रहे हैं।

### इराक में दो पर्यटकों के शव मिले

बगदाद। इराक के सुरक्षा बलों को मंगलवार को कुवैती और सऊदी पर्यटकों के दो शव मिले। इराक की सेना ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि दोनों पर्यटक पश्चिमी इराक के एक रेगिस्तान में सड़क किनारे बम विस्फोट में मारे गए थे। इराकी संयुक्त ऑपरेशंस कमांड से संबद्ध मीडिया आउटलेट, सिक्योरिटी मीडिया सेल द्वारा जारी एक बयान के अनुसार एक सऊदी नागरिक और एक कुवैती नागरिक पर्यटक वीजा के साथ इराक में दाखिल हुए थे, अनबर, सलाहुद्दीन और निनेवेह के तीन प्रांतों में फैले विशाल रेगिस्तान में लापता हो गए। बयान में कहा गया है कि इराकी सुरक्षा बलों ने लापता पर्यटकों की तलाश में अनबर रेगिस्तान में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया और उन्हें उनके जले हुए शव मिले। बयान में कहा गया है कि ऐसा संदेह है कि आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट (आईएस) द्वारा सड़क किनारे छोड़े गए एक पुराने बम की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। इस बीच, अनबर प्रांत के एक सुरक्षा सूत्र ने बताया कि कुवैती और सऊदी नागरिक रेगिस्तान में शिकार यात्रा पर गए थे। यह जगह आईएस आतंकवादियों की गतिविधियों के कारण पूरी तरह से सुरक्षित नहीं है।

### पश्चिम इराक में सड़क किनारे विस्फोट में कुवैती, सऊदी पर्यटकों की मौत

बगदाद। इराकी सुरक्षा बलों को मंगलवार को कुवैती और सऊदी पर्यटकों के दो शव मिले। ये दोनो पर्यटक पश्चिमी इराक के एक रेगिस्तान में सड़क किनारे बम विस्फोट में मारे गए। इराकी सेना ने यह जानकारी दी। इराकी संयुक्त अभियान कमान से संबद्ध एक मीडिया आउटलेट 'सिक्योरिटी मीडिया' सेल द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, पर्यटक वीजा के साथ इराक में प्रवेश करने वाले एक सऊदी नागरिक और एक कुवैती नागरिक अनबर, सलाहुद्दीन और निनेवेह के तीन प्रांतों में फैले विशाल रेगिस्तान में लापता हो गए थे। बयान में कहा गया है कि इराकी सुरक्षा बलों ने लापता पर्यटकों की तलाश में अनबर रेगिस्तान में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया इस दौरान उन्हें उनके जले हुए शव मिले। बयान में कहा गया है कि ऐसा संदेह है कि आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट द्वारा सड़क किनारे छोड़े गए एक पुराने बम की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। इस बीच अनबर प्रांत के एक सुरक्षा सूत्र ने शिन्हुआ को बताया कि कुवैती और सऊदी नागरिक रेगिस्तान में शिकार यात्रा पर थे जो आईएस आतंकवादियों की गतिविधियों के कारण पूरी तरह से सुरक्षित नहीं है। वर्ष 2017 में आईएस की हार के बाद से इराक में सुरक्षा स्थिति में सुधार हुआ है। हालांकि आईएस के बचे खुचे लोग शहरी केंद्रों, रेगिस्तानों और ऊबड़-खाबड़ इलाकों में छिप गए हैं और सुरक्षा बलों और नागरिकों के खिलाफ लगातार गुरिल्ला हमले कर रहे हैं।

# बंगलादेश ने न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हराया

एजेंसी

नेपियर। गेंदबाजी के बाद बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन करते हुए बंगलादेश ने न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली है।

यह पहली बार है जब बंगलादेश ने न्यूजीलैंड को उसके घर में टी-20 मुकाबले में मात दी है।

135 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए बंगलादेश की टीम ने सलामी बल्लेबाज लिटन दास के नाबाद 42 रनों की पारी की बदौलत 18.4 ओवरों में पांच विकेट पर 137 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। बंगलादेश की ओर से रॉनी तालुकदार ने 10 रन, कप्तान नजमुल शान्तो 19 रन, सौम्य सरकार 22 रन, मो. तौहीद हृदोय 19 रन और अफिफ हुसैन ध्रुबो एक रन बनाकर आउट हुये। महेदी हसन 19 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड के लिए टिम साउदी, ऐडम मिल्न, जिमी नीशम, बेन सीयर्स और मिचेल सैंटनर को एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।




इससे पहले आज यहां मैक्लीन पार्क स्टेडियम में खेले जा रहे पहले टी-20 मुकाबले बंगलादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बंगलादेश के गेंदबाजों ने टॉस के फैसले को सही साबित करते हुए न्यूजीलैंड के शुरुआती चार बल्लेबाजों को 20रनों के स्कोर पर पवेलियन भेज दिया। न्यूजीलैंड की ओर से जिमी नीशम ने 29 गेंदों में सर्वाधिक 48 रन बनाये। उन्होंने अपनी पारी में चार चौके और तीन छक्के भी लगाये। इसके अलावा कप्तान मिचेल सैंटनर 23 रनों की पारी खेली।

बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड को पहले ही ओवर में महेदी ने टिम साइफर्ट को शून्य पर आउट कर पवेलियन भेज दिया। अगले ही ओवर में इस्लाम ने सरकार के हाथों फिन ऐलन को एक रन पर कैच आउट करा दिया। इसके बाद ग्लेन फिलिप्स भी शून्य पर इस्लाम का शिकार बने। महेदी ने डैरिल मिचेल 14 रन को पांचवें ओवर में बोल्ड कर चौथा झटका दिया।

मार्क चैपमैन 19 रन, टिम साउदी आठ रन, ईश सोढ़ी दो रन बनाकर आउट हुये। ऐडम मिल्न 16 रन पर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 134 रन ही बना सकी।

बंगलादेश की ओर से ईश सोढ़ी ने तीन बल्लेबाजों को आउट किया। महेदी हसन और मुस्तफिजुर रहमान को दो-दो विकेट मिल। वहीं रिशाद हुसैन और तनजीम हसन साकिब ने एक-एक विकेट लिया।

### हरियाणा की वॉलीबॉल टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर जीता सिल्वर

सिरसा। ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में 23 से 26 दिसंबर तक 67वीं राष्ट्रीय स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें हरियाणा की अंडर-14 आयु वर्ग वालीबॉल लड़कों की टीम ने दूसरा स्थान हासिल कर रजत पदक हासिल किया। सिल्वर मेडल विजेता टीम में अमनदीप, सागर व चिराग शाह सतनाम जी बॉयज स्कूल के खिलाड़ी है। विजेता टीम को जिला शिक्षा अधिकारी कपिल पूनिया, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी बूटाराम, एईओ अनिल कुमार, एईईओ हरबंस सिंह, स्कूल के प्रधानाचार्या आरके धवन इन्सां, कॉलेज प्राचार्या डा. दिलावर इन्सां ने बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। हरियाणा खेल दल के हेड ऑफ डेलिगेशन की जिम्मेवारी भी सिरसा के एईईओ हरबंस सिंह को दी गई थी।

## आईओए ने डब्ल्यूएफआई के कामकाज के लिए तीन सदस्यीय तदर्थ समिति गठित की

नयी दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने भारतीय कुश्ती संघ के कामकाज के संचालन के लिए आज भूपेन्द्र सिंह बाजवा की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय तदर्थ समिति का गठन किया है।

आईओए ने आज डब्लयूएफआई के कामकाज के लिए भारतीय वुशु संघ के अध्यक्ष भूपिंदर सिंह बाजवा को तदर्थ समिति का अध्यक्ष, पूर्व हॉकी ओलंपियन एमएम सोमाया और पूर्व अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी मंजुषा कंवर को इसका सदस्य नियुक्त किया।

तदर्थ समिति को डब्ल्यूएफआई के संचालन का कामकाज देखेगी। तदर्थ समिति खिलाड़ियों का चयन, अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों की प्रविष्टियां जमा करना, खेल गतिविधियों का आयोजन करना, बैंक खातों का संचालन, वेबसाइट का प्रबंधन और अन्य संबंधित जिम्मेदारियां संभालेगी। बाजवा डब्ल्यूएफआई के मामलों को चलाने और इसके चुनाव कराने के लिए अप्रैल में आईओए द्वारा गठित तदर्थ समिति के सदस्यों में भी शामिल थे।

उल्लेखनीय है कि 21 दिसंबर को भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव हुए और बृजभूषण के करीबी सहयोगी संजय ने अध्यक्ष पद का चुनाव जीता। इसके बाद पहलवान साक्षी मलिक ने जहां कुश्ती से संन्यास की घोषणा की। वहीं बजरंग पूनिया ने अपना पद्मश्री सम्मान भी वापस लौटा दिया था। नवनिर्वाचित अध्यक्ष और डब्ल्यूएफआई के अधिकारियों ने अपने स्वयं के संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए मनमाने फैसले किए और सुशासन के सिद्धांतों का भी उल्लंघन किया।

# राहुल के शतक से भारत का सम्मानजक स्कोर

एजेंसी

सेंचुरियन। विकेटकीपर बल्लेबाज के एल राहुल की 101 रनों की शतकीय पारी की बदौलत भारत दक्षिण के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले के दूसरे दिन 245 रनों का सम्मानजक स्कोर खड़ा कर सका है।

भारत ने आज कल के आठ विकेट पर 208 रनों के स्कोर आगे खेलना शुरु किया। कोएत्जी ने सुबह के सत्र में मोहम्मद सिराज पांच रन को वेरेन के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेजकर भारत को नौवां झटका दिया। इसके बाद राहुल ने कोएत्जी की गेंद पर छक्का लगाकर अपना आठवां टेस्ट शतक पूरा किया।

68वें ओवर में बर्गर ने के एल राहुल को 101 रन पर बोल्ड कर भारत की पहली पारी को 245 रनों के स्कोर पर समेट दिया।




इससे पहले कल सुपरस्पोर्ट पार्क में दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और कगिसो रबाडा कहर ने दिन का खेल समाप्त होने तक भारतीय बल्लेबाजों को चैन नहीं लेने दिया। भारत को पहला झटका पांचवें ओवर में कप्तान रोहित शर्मा पांच रन के रूप में लगा।

इसके 10वें ओवर में यशस्वी जायसवाल 17 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। नंद्रे बर्गर की गेंद पर कायेल वेरेयेन ने उनका कैच लपका। बर्गर का पदार्पण टेस्ट में यह पहला विकेट था। शुभमन गिल आउट होने वाले तीसरे बल्लेबाज थे। उन्होंने 12 गेंद पर दो रन बनाए। भारत को लंच के बाद चौथा झटका लगा। कगिसो रबाडा ने 27वें ओवर की आखिरी गेंद पर श्रेयस अय्यर को 31 रन पर बोल्ड कर दिया। उनके बाद रविचंद्रन अश्विन आठ रन पर आउट हुए। उन्हें रबाडा ने एडेन मार्करम के हाथों कैच कराया। रबाडा ने शार्दुल ठाकुर 24 रन को आउट कर भारत को सातवां झटका दिया है। 55वें ओवर में जसप्रीत बुमराह एक रन को मार्को ने बोल्ड कर भारत आठवां विकेट गिराया। आज सिराज पांच रन पर नौवें विकेट के रूप मे आउट हुये। दक्षिण अफ्रीका की ओर से कगिसो रबाडा ने पांच विकेट लिये। नांद्रे बर्गर को तीन विकेट मिले तथा मार्को यानसन ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# पाकिस्तान जा रहे जहाज पर हमला

## हूती विद्रोहियों ने जिम्मेदारी ली; अमेरिका ने 10 घंटे में हूतियों के 12 ड्रोन्स, 4 मिसाइलें मार गिराई

लाल सागर में पाकिस्तान के कराची जा रहे जहाज पर बुधवार को हमला हुआ। यह शिप 26 दिसंबर को सऊदी अरब से रवाना हुआ था। हूती विदेहियों ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है।

शिप पर कितने लोग मौजूद थे फिलहाल इसकी जानकारी नहीं दी गई। शिप को कितना नुकसान हुआ है इस बारे में भी खबर नहीं है।

इस बीच अमेरिकी मिलिट्री ने लाल सागर में हूती विद्रोहियों की तरफ से दागी गईं दर्जनों मिसाइलों और ड्रोन्स को मार गिराया है।

### हूतियों के 12 ड्रोन्स तबाह

पेंटागन के सेंट्रल कमांड ने कहा- हमने 10 घंटे के अंदर हूतियों के 12 ड्रोन्स, 3 शिप से हमला करने वाली बैलिस्टिक मिसाइलों और 2 जमीन से हमला करने वाली मिसाइलों को मार गिराया है। हालांकि इस दौरान किसी भी जहाज को नुकसान नहीं पहुंचा है।



### हूतियों ने एक महीने में 100 से ज्यादा हमले किए

पिछले चार हफ्तों में हूतियों ने लाल सागर और उसके आसपास 100 से ज्यादा हमले किए हैं। करीब एक महीने पहले हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में एक कार्गो शिप गैलेक्सी लीडर को हाईजैक कर लिया था। यह जहाज तुर्किये से भारत आ रहा था। हूती विद्रोहियों ने इसे इजराइली जहाज समझ कर हाईजैक किया था।

वारदात से पहले हूती समूह ने इजराइली जहाजों पर हमले की चेतावनी दी थी। हूती विद्रोहियों के एक स्पोक्सपर्सन ने कहा था कि इजराइल की तरफ से चलने वाले सभी जहाजों को निशाना बनाया जाएगा।

### कौन हैं हूती विद्रोही

साल 2014 में यमन में गृह युद्ध शुरू हुआ। इसकी जड़ शिया-सुन्नी विवाद है। कार्नेजी मिडल ईस्ट सेंटर की रिपोर्ट के मुताबिक दोनों समुदायों में हमेशा से विवाद था जो 2011 में अरब क्रांति की शुरुआत से गृह युद्ध में बदल गया। 2014 में शिया विद्रोहियों ने सुन्नी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। इस सरकार का नेतृत्व राष्ट्रपति अब्दरब्बू मंसूर हादी कर रहे थे। हादी ने अरब क्रांति के बाद लंबे समय से सत्ता पर काबिज पूर्व राष्ट्रपति अली अब्दुल्ला सालेह से फरवरी 2012 में सत्ता छीनी थी। हादी देश में बदलाव के बीच स्थिरता लाने के लिए जूझ रहे थे। उसी समय सेना दो फाड़ हो गई और अलगाववादी हूती दक्षिण में लामबंद हो गए। अरब देशों में दबदबा बनाने की होड़ में ईरान और सउदी भी इस गृह युद्ध में कूद पड़े। एक तरफ हूती विद्रोहियों को शिया बहुल देश ईरान का समर्थन मिला। तो सरकार को सुन्नी बहुल देश सउदी अरब का। देखते ही देखते हूती के नाम से मशहूर विद्रोहियों ने देश के एक बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया। 2015 में हालात ये हो गए थे कि विद्रोहियों ने पूरी सरकार को निर्वासन में जाने पर मजबूर कर दिया था।

### प्रधानमंत्री हसीना ने चुनावी घोषणापत्र जारी किया

ढाका। प्रधानमंत्री शेख हसीना की सत्तारूढ़ पार्टी बंगलादेश आवामी लीग ने बुधवार को अगले वर्ष में आम चुनाव के लिये चुनावी घोषणापत्र जारी किया। इसमें 2041 तक बंगलादेश को एक विकसित, समृद्ध और स्मार्ट राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया गया है। हसीना ने एक कार्यक्रम में कहा, अगर देश की जनता एक बार फिर हमें उनकी सेवा करने का मौका देती हैं तो बंगलादेश 2031 तक उच्च-मध्यम आय वाले देश और 2041 तक एक विकसित, समृद्ध, स्मार्ट देश के रूप में स्थापित हो जाएगा। सुश्री हसीना आवामी लीग पार्टी की अध्यक्ष भी हैं। आवामी लीग की अध्यक्ष ने सात जनवरी को होने वाले 12वें संसदीय चुनाव से ठीक 10 दिन पहले ढाका में एक समारोह में अपनी पार्टी के चुनाव घोषणापत्र का अनावरण करने के बाद यह टिप्पणी की। इस बार आवामी लीग पार्टी के चुनाव घोषणापत्र का नारा है स्मार्ट बंगलादेश जहां विकास चमकता है, रोजगार में वृद्धि नजर आती है। पार्टी के घोषणापत्र में सत्तारूढ़ दल ने भ्रष्टाचार और आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता दिखाने, गरीबी कम करने, रोजगार के अवसर सृजित करने और सेवा-उन्मुख और जवाबदेह प्रशासन सुनिश्चित करने का वादा किया है। सत्तारूढ़ पार्टी के घोषणापत्र में बुनियादी ढांचे के विकास, प्रेस की स्वतंत्रता और पारदर्शिता, जवाबदेही, सुशासन के साथ-साथ राज्य प्रबंधन के सभी पहलुओं में मजबूत लोकतांत्रिक मूल्यों पर अधिक ध्यान दिया गया है।

### लाल सागर में संकट से 185 जहाज प्रभावित

वाशिंगटन। हाउती विद्रोहियों के हमलों के कारण लाल सागर में संकट उत्पन्न होने से 185 कंटेनर जहाजों प्रभावित हुए है, जिससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला बाधित हो गई है। विश्लेषणात्मक नेटवर्क प्रोजेक्ट 44 ने बुधवार को यह जानकारी दी। वॉचडॉग ने मंगलवार को आधिकारिक बयान में कहा, नेटवर्क प्रोजेक्ट 44 का 26 दिसंबर तक अनुमान है कि कुल 157 जहाज अफ्रीका के आसपास फिर से अपना मार्ग बदल रहे हैं। प्रोजेक्ट 44 के एआई-संचालित ईटीए ने पहचान की है कि मार्ग बदलने वाले अधिकांश जहाजों को पारगमन समय सात से 20 दिन तक बढ़ेगा। कुछ जहाज जो मार्ग बदल रहे हैं, उन्होंने दूरी को कम करने के लिए जहाजों की रफ्तार बढ़ा दी है, जिसके लिए उन्हें अधिक ईंधन का इस्तेमाल करना होगा जिससे कीमतें बढ़ सकती हैं। इज़रायल और फिलिस्तीनी चरमपंथी संगठन हमास के बीच सात अक्टूबर से युद्ध होने के बाद यमन के अंसार अल्लाह विद्रोही जिसे हाउती के नाम से भी जाना जाता है, ने लाल सागर और अरब सागर में कंटेनर जहाजों पर अपने हमले तेज कर दिए हैं और इजरायल के गाजा पट्टी में सैन्य कार्रवाई खत्म होने तक हमले जारी रखने की कसम खाई है।

### ऑस्कर विजेता फिल्म 'पैरासाइट' के अभिनेता ली सुन क्युन का निधन

सोल। ऑक्सर विजेता फिल्म 'पैरासाइट' के दक्षिण कोरियाई अभिनेता ली सुसन क्युन का बुधवार को निधन हो गया। वह 48 वर्ष के थे। दक्षिण कोरिया के आपात कार्यालय ने इस खबर की पुष्टि की है। कार्यालय से मिली जानकारी में कहा गया है कि ली मध्य सोल के एक पार्क में अपनी कार में मृत पाये गये। स्थानीय मीडिया के अनुसार एक महिला ने पुलिस को फोन पर जानकारी दी कि उसके पति घर पर सुसाइड नोट छोड़कर अपनी कार से चले गये हैं। पुलिस ने कड़ी छानबीन करने के बाद अभिनेता को एक कार में बेहोशी की हालत में पाया और तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने अभिनेता को मृत घोषित कर दिया। फिलहाल जांच की जा रही है कि कहीं अभिनेता ने आत्महत्या तो नहीं की है। इसके एक दिन पहले ही पुलिस ने ली से ड्रग को लेकर पूछताछ की थी। इस वर्ष अक्टूबर से ही पुलिस समय-समय पर अभिनेता ली से ड्रग को लेकर पूछताछ करती रही है। 'योनहाप' समाचार एजेंसी ने बताया कि अभिनेता पर सोल के एक बार में एक परिचारिका के साथ मारिजुआना और केटामाइन जैसी मादक पदार्थ लेने का संदेह था। अभिनेता ने कहा था कि यद्यपि उन्होंने वही लिया जो परिचारिका ने उन्हें दिया था। अभिनेता ने कहा कि उन्हें नहीं पता था कि वे अवैध नशीली वस्तुएं थीं।

# भारत-रूस रिश्ते दुनिया में सबसे स्थिर

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात की। दोनों के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। इससे पहले जयशंकर ने मंगलवार को मॉस्को में भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात की। उन्होंने कहा- दुनिया में सिर्फ भारत-रूस के रिश्ते ही स्थिर हैं। इसके अलावा सभी देशों के संबंधों में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। रूस में भारतीय समुदाय के लोगों से बात करते हुए विदेश मंत्री ने ये बात कही।

जयशंकर ने कहा- हम मिलिट्री, स्पेस और न्यूक्लियर एनर्जी के मामले में सिर्फ उसी देश के साथ साझेदारी करते हैं, जिस पर हमें पूरा भरोसा होता है। भारत-रूस के रिश्ते कई मायनों में खास हैं। अगर 60, 70 या 80 के दशक पर नजर डाली जाए, तो अलग-अलग देशों में कई स्तर पर रिश्ते बने हैं। फिर चाहे वो रूस-चीन, रूस-अमेरिका, रूस-यूरोप हो या फिर भारत-चीन, भारत-अमेरिका।



### 70-80 दशक में दुनिया बदली, लेकिन हमारे रिश्ते नहीं

जयशंकर ने कहा- इन सब देशों में कभी तनाव तो कभी अच्छे रिश्ते रहे। पिछले 70-80 दशकों में रूस और भारत में कई तरह के बदलाव हुए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राजनीति भी बदली, लेकिन दोनों देशों के बीच का कनेक्शन स्थिर रहा। भारतीय समुदाय से विदेश मंत्री ने कहा- मेरे लिए जो बात दोनों देशों के संबंध को खास बनाती है वो यह है कि 1950 के दशक के बाद, पिछले 70-80 सालों में दुनिया में कई बड़े बदलाव आए। सोवियत संघ रूस में बदल गया। भारत ने भी अलग-अलग क्षेत्रों में विकास किया। इस बीच अंतरराष्ट्रीय राजनीति में सिर्फ भारत-रूस के रिश्ते ही ऐसे हैं, जिसमें कोई बदलाव नहीं आया। इस साल यह 7वीं बार है जब भारत-रूस के विदेश मंत्रियों के बीच मुलाकात हुई है। इससे पहले जी 20 समिट के वक्त भी दोनों नेता मिले थे। तब रूस के राष्ट्रपति की जगह विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव शिखर सम्मेलन में शामिल हुए थे।

### ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी हिस्से में तूफान से तबाही, नौ की मौत

सिडनी। (पीएमए) ऑस्ट्रेलिया में क्रिसमस की छुट्टियों के दौरान देश के पूर्वी हिस्से में आए शक्तिशाली तूफान से अब तक नौ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को कहा, हजारों घरों में अब भी बिजली गुल है। बिजली आपूर्ति बहाल करने में अधिक समय लग सकता है। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार 25 और 26 दिसंबर को विक्टोरिया, न्यू साउथ वेल्स और क्वींसलैंड राज्यों में मौसम की कड़ी मार पड़ी। जमकर ओले गिरे और मूसलाधार बारिश हुई। सबसे अधिक प्रभावित कुछ इलाकों में तेज हवाओं के कारण घरों की छतें उड़ गईं और हजारों पेड़ गिर गए। क्वींसलैंड राज्य पुलिस आयुक्त कैटरीना कैरोल के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि मोरेटन बे में ग्रीन आइलैंड के पास एक नौका के पलट जाने से तीन लोगों की मौत हो गई। उसमें 11 लोग सवार थे।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# अयोध्या में कंकड़-पत्थर भी सुनाएंगे प्रभु श्रीराम की गौरवगाथा

एजेंसी

लखनऊ। (पीएमए) अयोध्या में 22 जनवरी को प्रस्तावित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पहले पूरे क्षेत्र के कायाकल्प की प्रक्रिया जारी है। 30 दिसंबर को पीएम नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित दौरे से पूर्व श्रीराम जन्?म भूमि मंदिर को जोड़ने वाले सभी प्रमुख मार्गों पर रामायण काल के प्रमुख प्रसंगों का मनमोहक चित्रण कराने की दिशा में सरकार के प्रयासों में तेजी लाई जा रही है।

अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) की श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की ओर जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों की दीवारों को टेराकोटा फाइन क्ले म्यूरल कलाकृतियों से सजाने की प्रक्रिया जारी है। वहीं, दूसरी ओर अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की ओर जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों की दीवारों को कंकड़-पत्थर से बनी कलाकृतियों से सजाने का कार्य भी शुरू कर दिया है। इस कार्य को पूर्ण करने के लिए एजेंसी निर्धारण की प्रक्रिया जारी है तथा माना जा रहा है कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि एडीए का उद्देश्य अयोध्या शहर में पर्यटन को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभाने का है और वर्ष 2047 तक अयोध्या को वैश्विक आध्यात्मिक राजधानी के रूप में विकसित करने पर लक्ष्य केंद्रित किया जा रहा है। साथ ही, अयोध्या में अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा तैयार करने की दिशा में सार्थक प्रयास हो रहे हैं, जिससे यह शहर प्राचीनता व आधुनिकता का जीवंत मिश्रण बन सके।

एडीए के अधिकारी ने बताया कि प्रतिष्ठित धर्म पथ रोड के किनारे टेराकोटा कलाकृतियों व भित्तिचित्रों की स्थापना की जा रही है। इनमें प्रभु श्रीराम के जीवनकाल से जुड़े संदर्भों को दर्शाया जा रहा है। इसमें श्रीराम दरबार, खर-दूषण वध, कैकई कोपभवन गमन दृष्य समेत अनेक प्रसंगों को दर्शाया जा रहा है। यह परंपरा और आधुनिकता के मिश्रण का प्रतीक है जो तीर्थयात्रियों और आगंतुकों को अयोध्या के कालातीत आकर्षण का अनुभव करने के लिए स्वागत करता है।

धर्म पथ सड़क के किनारे टेराकोटा भित्तिचित्रों के निर्माण से यहां आध्यात्मिक शांति की तलाश में बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों और यात्रियों को आकर्षित कर रहा है जो सेल्फी प्वॉइंट में भी परिवर्तित हो गया है। ये भित्तिचित्र दृश्य इतिहास के रूप में काम कर रहे हैं, जो उन पवित्र किंवदंतियों, महाकाव्यों और कहानियों का वर्णन करते हैं, जो सदियों से अयोध्या के हदयस्थल पर अंकित हैं। ये भित्तिचित्र तीर्थयात्रियों के सांस्कृतिक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करेंगे जो पवित्र अतीत और कोलाहल भरे वर्तमान के बीच की खाई को पाटते हैं।

ये भित्तिचित्र न केवल कलात्मक अभिव्यक्ति बन जाते हैं, बल्कि ज्ञान, समझ और एकता के मार्ग भी प्रशस्त करेंगे।

ये शहर के सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देने के साथ ही ओपन एयर गैलरी के तौर पर भी कार्य करेंगे। अधिकारी के अनुसार टेराकोटा भित्तिचित्र की पहल ऐतिहासिक सिटी सर्किट और हेरिटेज वॉक की एडीए की रणनीति के अनुरूप है।

कला, विरासत और बुनियादी ढांचे को एकीकृत करके, यह पहल ऐसे स्थान बनाने के रणनीतिक उद्देश्य को पूरा करती है, जो निवासियों और यहां आने वाले तीर्थयात्रियों के बीच समान रूप से गर्व और अपनेपन की भावना पैदा करेगी।

इसके अतिरिक्त, यह परियोजना सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने और अयोध्या को वैश्विक पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करने के एडीए के लक्ष्य में सीधे योगदान देगी। इस क्रम में, बनने वाले 50 से ज्यादा म्यूरल स्कल्प्चर्स व भित्ति चित्र पेंटिंग्स की ऊंचाई 9 फीट और चौड़ाई 20 फीट निर्धारित की गई है। इनकी थीम अलग-अलग रामायण कांड पर आधारित होगी। इसमें महीन मिट्टी (केवल नदी तल की फाइन क्ले) का उपयोग होगा।

संक्षारण से बचने के लिए कलाकृतियों के निर्माण के लिए चयनित मिट्टी यूरिया और नमक से मुक्त होगी।

वहीं, कलाकृतियों की बेकिंग (फायरिंग) को 970-1050-डिग्री तापमान पर पकाया जाएगा। भित्तिचित्रों का उभार 8 इंच होगा तथा प्रत्येक भाग, टुकड़े और ब्लॉक को पॉलिमर मोर्टार द्वारा दीवार पर लगाया जाएगा, जिन पर वेदर कोटिंग वाले पेंट ही लगाए जाएंगे। वहीं, कंकड़-पत्थरों से बनी कलाकृतियों के लिए भी ऊंचाई 9 फीट और चौड़ाई 20 फीट निर्धारित की गई है।

धर्म पथ के अगल-बगल कुल 20 ऐसी कलाकृतियों के निर्माण की योजना है। इन निर्माण कार्यों की पूर्ति के लिए दो महीने का लक्ष्य रखा गया है, मगर मुख्य पथ पर संबंधित कलाकृतियों के निर्माण को 22 जनवरी के पहले पूर्ण करने पर फोकस किया जा रहा है।

# मेवाड़ में 18वां पत्रकार प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह आयोजित

## वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. कुमुद शर्मा समेत 7 पत्रकार सम्मानित





गाजियाबाद। वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के विवेकानंद सभागार में महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जयंती पर आयोजित अट्ठारहवें पत्रकार प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह में वरिष्ठ पत्रकार जितेन्द्र तिवारी, वरिष्ठ साहित्यकार दिल्ली विश्वविद्यालय हिन्दी विभागाध्यक्ष व साहित्य अकादमी नई दिल्ली की उपाध्यक्ष प्रोफेसर कुमुद शर्मा समेत कुल सात पत्रकारों को सम्मानित किया गया। जितेन्द्र तिवारी को पत्रकार प्रतिष्ठा सम्मान एवं प्रोफेसर कुमुद शर्मा को साहित्य प्रतिष्ठा सम्मान से सम्मानित किया। जबकि पत्रकार संजय श्रीवास्तव, अवनीश कुमार मिश्र, रश्मि ओझा एवं विनोद पांडेय को पत्रकार गौरव सम्मान से नवाजा गया। सभी को शॉल, प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिह्न व नकद राशि प्रदान की गई। वरिष्ठ पत्रकार एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के अध्यक्ष पद्मश्री राम बहादुर राय, मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार बनवारी जी, मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया एवं निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने पत्रकारों को सम्मानित किया। इस मौके पर राम बहादुर राय ने अपने सम्बोधन में महामना पंडित मदन मोहन मालवीय के आदर्शों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मालवीय जी व्यक्ति नहीं व्यक्तित्व थे। वह सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के बड़े उदाहरण हैं। डॉ. गदिया ने कहा कि मालवीय जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी, पत्रकार, वकील, गायक, कथावाचक, देशभक्त व युगदृष्टा थे। देश में प्रोफेशनल्स तैयार हो सकें इसके लिए उन्होंने बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी बनाई। मुख्य अतिथि बनवारी जी ने कहा कि शासक आते-जाते रहते हैं। लेकिन प्रजा हमेशा रहती है। मालवीय जी ने जो काम किये, जो आदर्श स्थापित किये, उन्हें हम अपने जीवन में उतारें। प्रोफेसर कुमुद शर्मा ने कहा कि मेवाड़ संस्थान मालवीय जी के जीवन मूल्यों पर आधारित शिक्षा प्रदान कर रहा है, यह उल्लेखनीय प्रयास है। मालवीय जी स्वाधीनता संग्राम के इतिहास पुरुष थे। साहित्य, शिक्षा, समाज सेवा और देश के प्रति उनका अवदान बहुमूल्य है। इससे पूर्व समारोह की शुरुआत प्राची वर्मा एवं प्रियंका ने सरस्वती वंदना से की। डीएलएड की छात्रा आयुषी और अंशु श्रीवास्तव ने मालवीय जी के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला। मेवाड़ इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# 'काशी सांसद ज्ञान प्रतियोगिता' का आयोजन आगामी माह में प्रस्तावित

वाराणसी। (पीएमए) काशी के धार्मिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, मंदिर, घाट, संगीत, पत्रकारिता आदि विषयों से संबंधित उपलब्धियां पर आधारित काशी सांसद ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन आगामी माह में प्रस्तावित है। प्रतियोगिता की तैयारी के संबंध में जिलाधिकारी एस.राजलिंगम एवं मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल द्वारा समस्त संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल समीक्षा बैठक की। प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 8, कक्षा 9 से 12, कॉलेज विश्वविद्यालय तथा अन्य आमजन/व्यक्तियों द्वारा कुल 4 कैटेगरी में प्रतिभाग किया जाएगा। प्रतियोगिता स्कूल/कॉलेज स्तर पर 23 जनवरी, गांव/वार्ड स्तर 24 जनवरी को, विकास खंड/ जोनल 29 जनवरी को, विकास खंड/जोनल (अन्य व्यक्तियों) द्वारा 30 जनवरी को तथा जिला स्तर पर फाइनल सभी स्तर के 03 फरवरी 2024 को प्रस्तावित है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्त स्कूल/कॉलेज/विश्वविद्यालय के शत-प्रतिशत बच्चों का प्रतियोगिता में पंजीकरण कराया जाए। प्रतियोगिता में छात्रों एवं आमजन की भागीदारी हेतु प्रचार-प्रसार एवं होर्डिंग लगाने के निर्देश दिए गए। अपर जिलाधिकारी नगर को शहरी क्षेत्र एवं खंड विकास अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्र में प्रचार-प्रसार करने एवं जागरूकता बढ़ाते हुए अधिक से अधिक पंजीकरण कराने के निर्देश दिए गए। अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व को समस्त विश्वविद्यालय से समन्वय कर अधिक से अधिक पंजीकरण कराने हेतु निर्देशित किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सभी स्कूलों /कॉलेजों /विश्वविद्यालयों में मीटिंग करते हुए अधिक से अधिक छात्रों को पंजीकरण करने हेतु प्रेरित करें। प्रतियोगिता हेतु ऑनलाइन पंजीकरण प्रारंभ है।

## जनपद में विटामिन ए संपूरण अभियान शुरू

हरदोई ।(पीएमए) विटामिन ए संपूरण कार्यक्रम के तहत बुधवार को विटामिन ए संपूरण अभियान शुरू हुआ जिसके तहत नौ से पाँच साल तक के बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाई जाएगी। इसी क्रम में अभियान का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रोहताश कुमार ने जिला महिला चिकित्सालय में बच्चे को विटामिन ए की दवा पिलाकर किया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने बच्चों को विटामिन ए की दवा जरूर पिलाएं। यह अंधेपन, रतौंधी, कुपोषण,निमोनिया, छाती के संक्रमण सहित अन्य बीमारियों से बचाता है, इसके साथ ही शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है जिससे कि बच्चा जल्दी जल्दी बीमार नहीं पड़ता है। नौ माह से पाँच साल तक के बच्चों को विटामिन ए की 9 खुराकें पिलाकर बीमारियों से बचाया जा सकता है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा.आर.के.सिंह ने बताया कि जनपद में नौ माह से पाँच साल तक के लगभग 5.54 लाख बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाने का लक्ष्य है। जिसमे एक साल तक के 32,236 बच्चे, एक से दो साल के 1,21,474 बच्चे और दो से पाँच साल के 3,99,850 बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाने का लक्ष्य है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने कहा कि विटामिन ए पीले लाल और हरे फलों तथा सब्जियों में पाया जाता है इसलिए हरी पत्तेदार सब्जियों, आम, पपीता, गाजर, पालक आदि को भोजन की थाली में जरूर रखें और बच्चों को इनका सेवन कराना सुनिश्चित करें। इस मौके पर जिला महिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. सुबोध, यूनिसेफ़ से संजू कश्यप, यूएनडीपी के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## बकरी पालन हेतु 04 जनवरी तक करे आवेदन

बलिया ।(पीएमए) वित्तीय वर्ष 2023-24 में संचालित बकरी पालन (राज्यांश 90 लाभार्थी अंश 10 प्रतिशत) योजनातर्गत 10 लाभार्थियों का चयन किया जाना है। जिसमें लाभार्थी जनपद का स्थाई निवासी हो तथा आयु 18 वर्ष अथवा उससे अधिक का भूमि महिला/पुरुष, विधवा, निराश्रित महिला एवं कोविड प्रभावित को प्राथमिकता दी जाएगी। बकरी पालन के पास बकरी रखने का पर्याप्त स्थान होना आवश्यक है। इच्छुक लाभार्थियों से आवेदन पत्र आधार कार्ड अथवा स्थाई निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, बैक पासबुक की छायाप्रति/कैंसिल चेक।

# परेशान किसान, मायूस व्यापारी, बेरोजगार युवा, यही है मोदी राज का सच : अजय राय

**लखनऊ।** (पीएमए) प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ0 मनीष हिंदवी ने जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस की ''यूपी जोड़ो यात्रा'' आज आठवें दिन प्रदेश के जनपद मुरादाबाद के कुंदरकी बाजार से शुरू होते हुए बिलारी तक गई। यात्रा शुरू होने के पूर्व किसान इंटर कालेज कुंदरकी में यूपी जोड़ो सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता कराई गई जिसमें लगभग 150 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विजई हुए प्रतिभागियों को कॉलेज के प्रबंधक के द्वारा मोबाइल फोन और सांत्वना पुरस्कार के रूप में बैग बच्चों का मनोबल बढ़ाने हेतु उपहार स्वरूप भेंट किया गया।



प्रवक्ता डॉ0 हिंदवी ने बताया कि आज की ''यूपी जोड़ो यात्रा'' की शुरूआत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री श्री अजय राय जी ने कहा की मोदी सरकार में सबसे ज्यादा परेशान किसान और छोटे व्यापारी हुए हैं। चंद बड़े उद्योगपतियों के हाथ में खेलती इस मोदी सरकार ने प्रदेश की आम जनता को सिर्फ छला है।

कांग्रेस प्रवक्ता डॉ0 मनीष हिंदवी ने बताया कि आज की यात्रा में प्रमुख रूप से शामिल हुए राष्ट्रीय सचिव श्री तौकीर आलम ने कहा की भाजपा का अहंकार और तानाशाही अपने चरम पर है, जिसे जनता पूरी तरह से समझ चुकी है और आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में वोट देकर जनता अब इनको सत्ता से उखाड़कर सबक सिखाने का मन बना चुकी है।

# भक्ति के रंग में रंगी अयोध्या को बस मंदिर में अपने रामलला के दीदार का इंतजार

अयोध्या ।(पीएमए) अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव को अभूतपूर्व बनाने के साथ अयोध्यावासी अपने घर-आंगन को सजाएंगे। युवा हों या प्रौढ़, उनका हिल स्टेशनों से अधिक अब राम की अयोध्या में मन रच बस रहा है। यही कारण है कि यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि हो रही है।



अयोध्या पहुंचे विदेशी पर्यटक भी कह रहे हैं कि अयोध्या के बारे में खूब सुना-पढ़ा पर मोदी-योगी के राज में नव्य अयोध्या की अनुभूति हमें अलग प्रतीत हो रही है, जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। सीएम योगी के नेतृत्व में बदली अयोध्या में पर्यटकों पर राम का रंग चढ़ गया है।

30 दिसंबर के कुछ घंटों बाद साल भले ही बदल रहा हो, लेकिन नए साल के पहले अयोध्या को मिलने वाला हजारों-करोड़ों का नया उपहार फिर इसकी दशा-दिशा और मजबूत करेगा। लिहाजा, पीएम मोदी व सीएम योगी के प्रति अयोध्यावासियों पर %अपनत्व% का नया रंग सिर चढ़कर बोल रहा है।

अयोध्या के रहने वाले प्रमोदानंद गिरी कहते हैं कि अयोध्या पौराणिक दृष्टिकोण से समृद्ध है, लेकिन कॉमन बिल्डिंग कोड के जरिए एक रंग में नजर आने वाली अयोध्या की सुंदरता रामनगरी को भौतिक रूप से भी भव्य बना रही है।

भक्तिपथ हो, धर्मपथ या जन्मभूमि पथ, यहां अलग-अलग रंग में अयोध्या अलग-अलग रूप में निखरी नजर आ रही है, लेकिन इन सब पर चढ़ा सबसे बड़ा रंग है राम का। पूरी अयोध्या राम के रंग में रंगी है।

उन्होंने बताया कि लखनऊ-अयोध्या-गोरखपुर हाइवे पर लगीं मूर्तियां अयोध्या की पौराणिकता बयां कर रही हैं।

सहादतगंज से लेकर रामघाट तक भगवान राम के बाल स्वरूप से लेकर वनवास और राजा राम तक के विभिन्न रूपों की मूर्तियां विदेशी पर्यटकों को आकर्षित कर रही हैं। रामायण के प्रसंगों से सजी अनेक मूर्तियां त्रेता की परिकल्पना को साकार करती दिख रही हैं। हैदराबाद से आईं जसप्रीत कौर सेखों बताती हैं कि मूर्तियां तो अनेक शहरों और जिलों में लगी हैं, लेकिन, यहां लगीं मूर्तियों को देखकर आध्यात्मिक रूप से अलग ही अनुभूति हो रही है।

मंदिर के एक पदाधिकारी ने बताया कि दीपोत्सव हो या भव्य राम मंदिर से पहले ही अयोध्या का दीदार, पर्यटकों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है। धार्मिक, आध्यात्मिक रूप से समृद्ध अयोध्या के साथ ही उत्तर प्रदेश में घरेलू व विदेशी पर्यटकों की संख्या में भी काफी बढ़ोतरी हुई। पिछले वर्ष घरेलू व विदेशी पर्यटकों की कुल संख्या मिलाएं तो यह आंकड़ा 2 करोड़ 21 लाख से अधिक रहा।

## वीर बाल दिवस पर हुई प्रतियोगिताएं, डीएम ने विजेताओं को किया पुरस्कृत

लखीमपुर खीरी। (पीएमए) जिले में महिला कल्याण विभाग के तत्वावधान में वीर बाल दिवस के मौके पर निबंध, भाषण, कविता लेखन आयोजित हुई। जिसके विजेताओं को बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एडीएम संजय सिंह के साथ पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का सफल संयोजन डीपीओ संजय कुमार निगम ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि वीर बाल दिवस हमें सिख गुरुओं के बलिदान को याद दिलाता है और साहिबजादों के बलिदान की गाथा हर बच्चे और युवा को सुनाई जानी चाहिए। एडीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि साहिबजादों के अदम्य साहस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डीएम ने कला प्रतियोगिता में विजेता विनीत कश्यप, रोहिणी देवी, साक्षी वर्मा, निबंध प्रतियोगिता में अंजली गौतम, कीर्ति प्रजापति, भाषण प्रतियोगिता में नंदिनी सिंह, प्रियंका भार्गव और कविता प्रतियोगिता में जसप्रीत कौर जसलीन कौर को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# मर्यादा पुरुषोत्तम की प्राण प्रतिष्ठा : पीएम मोदी के हाथों होगा अनुष्ठान

एजेंसी

वाराणसी। (पीएमए) शतकों का इंतजार अब खत्म होने वाला है। अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो गया है। मकर संक्रांति के बाद 22 जनवरी को पीएम नरेंद्र मोदी के हाथों श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान होगा। इस आयोजन के लिए 16 जनवरी से ही अयोध्या उत्सव और वैदिक कर्मकांड किए जाएंगे।

काशी मंगला गौरी के निवासी आचार्य पंडित लक्ष्मीकांत दीक्षित की देखरेख में यह अनुष्ठान संपन्न होगा। आचार्य ने बताया कि सिर्फ 84 सेकेंड में ही प्राण-प्रतिष्ठा हो जाएगी।

### अभिजीत मुहूर्त में होगी प्राण-प्रतिष्ठा

आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित ने बताया कि रामलाल की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए तमाम ज्योतिष गणना के बाद अतिसूक्ष्म मुहूर्त निकाला गया है। इसका नाम अभिजीत मुहूर्त है। केवल 84 सेकेंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान होगा।

भगवान राम का जब राज्याभिषेक हुआ था, उस समयाकाल के ग्रह-नक्षत्रों की गणना को भी देखा गया है। बहुत कुछ गणना का मिलान किया गया है। यह ग्रहीय गणना देश की सुख समृद्धि को आगे बढ़ाएगी।

### भगवान राम को अर्पित होगा कमल पुष्प

पहले दिन 16 जनवरी को कलश यात्रा संग प्रभु श्रीराम नगर भ्रमण करेंगे। मूर्ति निर्माण और हवन होगा। गणेश पूजन और मातृका पूजन होगा। 150 विद्वान पूरे अनुष्ठान में शामिल होंगे। काशी से करीब दो दर्जन विद्वान अयोध्या जाएंगे।

भगवान राम को कमल पुष्प काफी प्रिय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कमल पुष्प प्रभु को अर्पित करेंगे।

### कहां से आए थे आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित के पूर्वज

आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित का परिवार लगभग 400 वर्षों पहले काशी आया था। उन्होंने बताया, ये भी जाता है कि शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक भी लक्ष्मीकांत दीक्षित के पूर्वजों ने ही कराया था।

लक्ष्मीकांत दीक्षित ने राजस्थान, मेरठ और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर समेत कई अन्य स्थानों पर बड़े अनुष्ठानों को सम्पन्न कराया है।

# शार्ट न्यूज

## कलकतिया भउजी की सफ़लता पर मुम्बई में पवन सिंह के जन्मदिन की पार्टी देंगे अभय सिन्हा





पावर स्टार पवन सिंह आगामी 5 जनवरी 2024 को अपना 38वाँ जन्मदिन मुम्बई में मनाने जा रहे हैं ।इसबार पवन सिंह के जन्मदिन की पार्टी खास होने वाली है ।इस पार्टी में भोजपुरी और हिंदी फिल्म इंडस्ट्री से जाने माने लोग बड़ी संख्या में शामिल होने वाले हैं ।इसको लेकर तैयारियां अभी से शुरू कर दी गई हैं ।अभी पवन सिंह की हालिया रिलीज भोजपुरी सॉन्ग कलकतिया भउजी ने 100 मिलियन व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया है ।इस गाने को लिखा था निक्की निहाल ने और इसके संगीत बनाये थे प्रियांशु सिंह ।यह गाना याशी फिल्म्स के यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया था ।इस कलकतिया भउजी की अपार सफ़लता पर फ़िल्म निर्माता सह इंडियन मोशन पिक्चर एसोशिएशन के अध्यक्ष और याशी फिल्म्स के मालिक अभय सिन्हा ने पवन सिंह के सम्मान में उनके जन्मदिन को खास बनाने की तैयारी की है ।वे आगामी 5 जनवरी को मुम्बई में ही पवन सिंह को उनके जन्मदिन के मौके पर एक भव्य पार्टी का आयोजन करने वाले हैं जिसमें बॉलीवुड और भोजपुरी के तमाम लोग शामिल होंगे ।

## झांसी में कोरोना की दस्तक, जिला अस्पताल का कर्मचारी निकला पॉजिटिव

झांसी। (पीएमए) जिला अस्पताल में कार्यरत एक कर्मचारी के कोरोना पॉजीटिव निकलने पर अस्पताल के कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। इसकी पुष्टि एंटीजेन की जांच में हुई है। फिलहाल पॉजिटिव कर्मचारी को होम आइसोलेशन में रखा गया है। साथ ही उससे संपर्क में आए लोगों को भी सूचीबद्ध कर उनकी जांच करने की कवायद शुरू कर दी गई है। गौरतलब है कि जिला अस्पताल के माइक्रो बायलॉजी विभाग में तैनात एक कर्मचारी पिछले दिनों हैदराबाद गया हुआ था। जहां से लौटकर वह झांसी आए और उनकी कोरोना जांच हुई। जिसमें वह पॉजीटिव निकला। जैसे ही इसकी जानकारी अन्य कर्मचारियों में हुई तो उनमें हड़कम्प मच गया। झांसी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुधाकर पांडेय ने बुधवार को बताया कि देश में कोरोना का नया वैरिएंट मिलने के बाद पिछले कुछ दिनों से लगातार कोरोना की जांच की जा रही है। अब तक कुल 332 लोगों की जांच की गई थी। 26 दिसंबर को भी 85 लोगों की जांच की गई। इनमें से एक व्यक्ति जो जिला अस्पताल का कर्मचारी है जो कोरोना पॉजिटिव पाया गया। कोई गंभीर लक्षण न दिखने के चलते मरीज को होम आइसोलेशन में रखा गया है।

## दिनेश लाल यादव निरहुआ ने अपना वादा निभाते हुए अनामिका त्रिपाठी को दो लाख रुपये देकर सम्मानित किया .!



भोजपुरी फिल्मों के मेगास्टार दिनेश लाल यादव अपने वादे के किस कदर पक्के हैं यह उन्होंने आज एकबार फिर से दिखा दिया ।सुरसंग्राम के मंच पर वो अनामिका त्रिपाठी की गायकी से काफी प्रभावित हुए थे। उन्होंने गायिका अनामिका त्रिपाठी को सुरसंग्राम के मंच पर ही वादा किया था कि जब यह खत्म होगा तो वो जीतें या नही उनको वे दो लाख रुपये पुरस्कार स्वरूप देंगे । सुरसंग्राम के फाइनल में अनामिका त्रिपाठी चौथे स्थान पर रही और विजेता बनने से चूक गईं ।लेकिन उसके बाद भी दिनेश लाल अपना वादा याद रखा । आज मुम्बई में उन्होंने अपने सचिव सनी शाह के हाथों 2 लाख रुपये का चेक अनामिका त्रिपाठी को सौंपते हुए उनके बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिया ।उन्होंने कहा कि अनामिका बहुत बढ़ियां गा रही हैं और आगे भी भोजपुरी गायन के क्षेत्र में वे बेहतर करेगी ।इस मौके पर फिल्म प्रचारक संजय भूषण पटियाला है ऊस्थीत थे !

## उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती हेतु हर वर्ग की आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट स्वागत योग्य निर्णय

गोरखपुर। (पीएमए)अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती हेतु हर वर्ग की आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट के उत्तर प्रदेश सरकार के फैसले का स्वागत किया है। भर्ती प्रक्रिया हेतु 60,244 पदों पर विज्ञापन जारी होने के बाद से ही अभ्यर्थी आयु सीमा में छूट की मांग कर रहे थे। राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ल ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती में प्रदेश की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के संकल्प के साथ लाखों युवा सम्मिलित होते हैं। कोरोना के कारण 5 वर्ष बाद इतनी बड़ी संख्या में भर्ती प्रक्रिया जारी हुई है। विज्ञापन जारी होने के बाद से ही अभ्यर्थी आयु सीमा में छूट की मांग कर रहे थे। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 3 वर्ष की छूट देने वाले इस निर्णय से अभ्यर्थियों में हर्ष है। अभाविप गोरक्ष प्रांत मंत्री मयंक राय ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने हमेशा ही रोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में माँग करते आ रही है, अभाविप का यह हमेशा मत रहा है कि एक सशक्त युवा ही मजबूत राष्ट्र का निर्माता होता है,आज उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती हेतु हर वर्ग की आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट का स्वागत योग्य ऐतिहासिक फैसला लिया गया है।

## भेड़ पालन के लिए 06 जनवरी तक करे आवेदन

बलिया। (पीएमए) मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर सुशील कुमार मिश्रा ने बताया है कि भेड़ पालन योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु पशुपालन विभाग द्वारा जिले के समस्त विकास खण्डों से इच्छुक लाभार्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं, जिसके लिए लाभार्थी जनपद का स्थाई निवासी हो तथा आयु 18 वर्ष अथवा उससे अधिक का लघु सीमांत अथवा भूमिहीन कृषक होना चाहिए। भेड़ पालक के पास भेड़ को रखने का प्राप्त स्थान होना आवश्यक है। परंपरागत भेड़ पालकों एवं भेड़ पालन हेतु प्रशिक्षण प्राप्त आवेदकों को प्राथमिकता के आधार पर चयन किया जाएगा। इच्छुक लाभार्थियों से आवेदन पत्र आधार कार्ड अथवा स्थाई निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, बैक पासबुक की छायाप्रति/कैंसिल चेक। योजनातर्गत न्यूनतम तीन वर्ष तक भेड़ पालन करने हेतु शपथ पत्र के साथ आवेदन पत्र संबंधित विकासखंड स्तरीय पशु चिकित्सालय पर जमा किए जाएंगे। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 06 जनवरी, 2024 तक निर्धारित किया गया है।

## खादी उत्सव में हो रही है खरीददारों की भारी भीड़

वाराणसी। (पीएमए) उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड वाराणसी द्वारा खादी उत्सव-2023 का आयोजन अर्बन हॉट प्रांगण में आयोजित किया गया है। अर्बन हॉट प्रांगण में हर किस्म के खादी उपलब्ध है, जिसमें खादी के स्टालों मे ऊनी शाल, सिल्क की साडियां, सूती खादी के वस्त्र, कम्बल, कुर्ता, शदरी गद्दा, रजाई, चादर, कारपेट एवं सिले सिलाये खादी के परिधान उपलब्ध हैं एवं ग्रामोद्योगी उत्पादों में लगने वाले स्टाल में जैम, जेली, आचार, मुरब्बा, अगरबत्ती, नमकीन, लकड़ी के फर्नीचर, आलमारी, बक्सा, आयुर्वेदिक औषधी, दर्द निवारक तेल इत्यादि उपलब्ध है। खादी उत्सव प्रदर्शनी में आने वाले लोगों के मनोरंजन का भी पूरा ध्यान रखा गया है। प्रति दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को मुण्डेश्वरी म्यूजिक के राकेश चौबे संगम वह उनके साथियों ने अपने गजल गायकी से शमा बांधे रखा। प्रदर्शनी के साथ में दिन बुधवार तक लोगों ने लगभग 2.23 करोड़ रूपये की खरीददारी की है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी यू0पी0सिंह ने बताया कि मेला की समाप्ति तक लगभग 7 करोड़ से अधिक की खरीददारी होने का अनुमान है।